

सूर्योदय प्रातः 5:41 | सूर्यास्त संध्या 5:32 | पखवाड़ा आश्विन कृ. एकादशी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 21°

# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, मंगलवार, 06 अक्टूबर 2026, वर्ष : 17, अंक : 232, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


# भारत ने स्विट्ज़रलैंड में निर्यात व निवेश को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत ने स्विट्जरलैंड में अपने निर्यात के लिए बाजार पहुंच बढ़ाने और दोनों देशों के बीच निवेश को सुगम बनाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। इससे भारत के कृषि, दवा, कपड़ा एवं इंजीनियरिंग उत्पादों के स्विट्जरलैंड में निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, बैंकिंग, बीमा, खाद्य प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में स्विस निवेश आकर्षित किया जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी और स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाइ पार्मेलिन के बीच सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता हुई। वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और स्विट्जरलैंड की दोस्ती पुरानी है और आज नवाचार, बुनियादी ढांचा तथा उन्नत प्रौद्योगिकी दोनों देशों की साझेदारी के मजबूत स्तम्भ बन कर उभरे हैं। दोनों देशों ने सैन्य आदान-प्रदान तथा रक्षा उत्पादन एवं सहयोग की नयी सम्भावनाओं की पहचान की है और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमति बनी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी दोनों देशों का सहयोग मजबूत हो रहा है। स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नये संयुक्त शोध परियोजनाएं शुरू की जायेंगी। उन्होंने भारतीय विज्ञान स्टार्टअप की क्षमता बढ़ाने के लिए ज्यूरिख विश्वविद्यालय के साथ हुए समझौते का ● शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत-स्विट्जरलैंड के बीच परिवहन, गतिशीलता और अनुसंधान से जुड़े करार

**भारत** और स्विट्जरलैंड के बीच सोमवार को परिवहन, गतिशीलता एवं अवसंरचना, प्रवासन एवं गतिशीलता तथा युवा पेशेवरों से सम्बन्धित नये समझौते हुए। इनमें स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष क्षेत्र में नये संयुक्त अनुसंधान शामिल हैं। दोनों पक्षों ने शांति, कूटनीति और वैश्विक संस्थानों



के सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।
दोनों देशों के बीच सोमवार को कुल पांच करार हुए। साथ ही, दोनों देशों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सहयोग से आयोजित भारत-स्विट्जरलैंड अनुसंधान फ्लैगशिप कार्यक्रम के ● शेष पृष्ठ 11 पर

## फॉर्म-6 में बदलाव पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख ; कहा

# गैरकानूनी काम के भुगतने होंगे नतीजे

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदाता पंजीकरण के लिए उपयोग होनेवाले फॉर्म-6 में किये गये बदलावों पर कड़ा रुख दिखाते हुए स्पष्ट किया है कि उसने इस तरह के किसी संशोधन को मंजूरी नहीं दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी देकर कहा कि यदि कोई गैर-कानूनी काम हुआ है, तब उसके नतीजे भुगतने होंगे। यह टिप्पणी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार की शक्तियों को चुनौती देनेवालीं याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान आयी।
मामले की सुनवाई कर रही सुप्रीम कोर्ट की बेंच को जब एसआईआर प्रक्रिया के तहत फॉर्म-6 में किये गये बदलावों के बारे में बताया गया, तब भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि शीर्ष अदालत ने इस तरह के किसी भी बदलाव को मंजूरी नहीं दी है। सीजेआई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट यह पता लगाने के लिए रिकॉर्ड की जांच करना चाहता है कि यह बदलाव आखिर किसने किये थे। दरअसल, विवाद चुनाव आयोग के एक अतिरिक्त एसआईआर घोषणापत्र से जुड़ा है, जिसमें नये मतदाताओं को पुरानी मतदाता सूची से जोड़ने की जरूरत होती है। जहां चुनाव आयोग ने इस केवल एक एनेक्शर बताया था, वहीं आलोचकों का तर्क था कि इसने निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये बिना एक कानूनी फॉर्म को बदल दिया है।
सीनियर वकील मेनका गुरुस्वामी ने सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग के कामकाज पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि यह चुनौती एक राष्ट्रीय संस्था के तौर पर चुनाव आयोग के कामकाज से जुड़ी है और देश में निष्पक्ष व स्वतंत्र चुनावों के माहौल पर असर पड़ रहा है। गुरुस्वामी ने दिल्ली और बंगाल का उदाहरण देकर बताया कि एसआईआर से दिल्ली में 30 लाख और बंगाल में 90 लाख मतदाता प्रभावित हुए हैं। इस प्रक्रिया से दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के वोटिंग अधिकार प्रभावित हो रहे हैं।
सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से उन फैसलों का रिकॉर्ड पेश करने को कहा है, ताकि यह देखा जा सके कि वे निर्णय सिर्फ ज्ञानेश कुमार ने लिये थे या चुनाव आयोग ने बहुमत से अथवा सर्वसम्मति से पारित किये थे। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि अगर ईसीआई का जवाब देखने के बाद उन्हें लगता है कि सीईसी ने कुछ फैसले आवश्यक आम सहमति के बिना लिये थे, तब वह उन फैसलों पर फिर से विचार कर सकता है या उन्हें वापस ले सकता है। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि यदि कोई आम सहमति नहीं बनती है, तब फैसला बहुमत से होना चाहिए; अन्यथा उस फैसले को रद्द किया जा सकता है।
हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलम्बित करने के लिए कोई अंतरिम आदेश जारी करने से इनकार किया। पटना के राकेश कुमार सिंह की याचिका में आरोप लगाया गया था कि सीईसी ने अन्य दो चुनाव आयुक्तों की सहमति के बिना एकतरफा फैसले लिये थे और कई गाइडलाइंस तथा सॉफ्टवेयर में बदलाव किये थे। इस पर सीजेआई ने याचिकाकर्ता के वकील विकास सिंह से कहा कि उनकी दलीलें सिर्फ एक अखबार की रिपोर्ट पर आधारित हैं। सीजेआई ने कहा, 'रिपोर्ट सही ● शेष पृष्ठ 11 पर



### उच्चतम न्यायालय ने कहा

■ कोर्ट ने इस तरह के किसी संशोधन को मंजूरी नहीं दी थी

# नये द्विपक्षीय निवेश संधि ढांचे को जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी : सीतारमण

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) का नया ढांचा तैयार है। इसे निवेशकों के लिए अधिक अनुकूल बनाने के उद्देश्य से जल्द ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने की उम्मीद है। नये खाके को अंतिम रूप दिये जाने के बावजूद भारत निवेश सुरक्षा समझौतों पर बातचीत जारी रखे हुए है।
वित्त मंत्री सीतारमण नयी दिल्ली में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक चर्चा के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल से तैयार किए जा रहे नए खाके का उद्देश्य 2016 में मंजूर किये गये खाके की खामियों को दूर करना और दोनों देशों के निवेशकों को अधिक प्रभावी सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भारत ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ओमान और कुछ मध्य एशियाई देशों के साथ भी इसी तरह के समझौते किये हैं। उन्होंने कहा कि हम कई देशों के साथ बातचीत कर रहे हैं और उनमें नये खाके में शामिल कई और प्रावधानों को शामिल किया जा रहा है।
वित्त मंत्री ने कहा कि भारत की कनाडा और रूस समेत कई देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संरक्षण समझौतों पर बातचीत जारी है। अगर बातचीत उम्मीद के मुताबिक आगे बढ़ती है, तो कनाडा के साथ वार्ता दिसम्बर या अगले साल की शुरुआत तक पूरी हो सकती है। भारत और अमेरिका व्यापार समझौते पर वित्त मंत्री ने कहा कि इसे अभी अंतिम रूप नहीं दिया गया है और बातचीत 'कठिन' रही है। हालांकि, हम यह मानना चाहेंगे कि दोनों पक्ष उस स्थिति तक पहुंच गये हैं, जहां से आगे कुछ देना या लेना बहुत, बहुत मुश्किल होगा। हालांकि, ● शेष पृष्ठ 11 पर



## जासूसी के आरोप में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी में कथित जासूसी नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए असम स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) ने एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के मुताबिक, आरोपी पर पाकिस्तान इंटेलिजेंस ऑपरेटिव (पीआईओ) के साथ संपर्क रखने और सुरक्षा बलों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी साझा करने का आरोप है। असम पुलिस मुख्यालय द्वारा सोमवार को आधिकारिक जानकारी में बताया कि एसटीएफ) थाने में दर्ज केस नम्बर 09/2026 की आगे की जांच के दौरान मूल रूप से बिहार के बेगूसराय निवासी रितेश कुमार सिंह (39) को गुवाहाटी के सातगांव में एक किराये के घर से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया था।

## रिश्वत मांगने के आरोप में दिल्ली पुलिस सब-इंस्पेक्टर चढ़ा सीबीआई के हत्थे



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रिश्वतखोरी के एक मामले में दिल्ली पुलिस के एक सब-इंस्पेक्टर को रंगेहाथ पकड़ लिया है। आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने उसके खिलाफ दर्ज एक आपराधिक मामले में राहत देने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के अनुसार, आरोपी की पहचान लेखराज के रूप में हुई है, जो दिल्ली पुलिस के प्रशांत विहार थाने में सब-इंस्पेक्टर और जांच अधिकारी के पद पर तैनात है। जांच एजेंसी ने 4 अक्टूबर को शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि लेखराज ने शिकायतकर्ता के खिलाफ प्रशांत विहार थाने में दर्ज एक आपराधिक मामले में मदद करने के बदले एक लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। सीबीआई के मुताबिक, शिकायतकर्ता की तलाशी के दौरान उसकी जेब में मौजूद 20 हजार रुपये भी आरोपी ने कथित ● शेष पृष्ठ 11 पर

## जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान सीआईएसएफ जवान पर हमले के बाद दिल्ली पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान सोमवार को केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान को कथित तौर पर किसी धारदार चीज से घोंप कर घायल करने के मामले पर दिल्ली पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।
पुलिस के अनुसार एक सीआईएसएफ कर्मी पर किसी नुकीली या धारदार वस्तु से हमला किया गया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल जवान को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दिल्ली पुलिस ने सार्वजनिक शांति भंग करने, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने और ड्यूटी पर तैनात लोकसेवकों पर जानलेवा हमले तथा बाधा पहुंचाने के आरोपों के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।
उल्लेखनीय है कि भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी), एनएसयूआई ● शेष पृष्ठ 11 पर



## गैंगस्टर राशिद केवलवाला के दो शूटर गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस की ईस्टर्न रेंज ने दुबई से चल रहे एक जबरन वसूली और गोलीबारी करनेवाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई दुबई में बैठे गैंगस्टर राशिद केवलवाला के इशारे पर राजधानी में हुई गोलीबारी की वारदात के सिलसिले में की गयी है। ईस्टर्न रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद डुंबरे ने बताया कि पूरी कार्रवाई पुख्ता खुफिया जानकारी के आधार पर बेहद सावधानीपूर्वक की गयी, जिसके बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## पश्चिम बंगाल में चार हवाई अड्डों को फिर से शुरू करने पर केन्द्र-राज्य के बीच एमओयू

एजेंसी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में हवाई सम्पर्क को मजबूत करने की दिशा में केन्द्र और राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। चार हवाई अड्डों को फिर से सक्रिय करने के लिए राज्य सचिवालय नवान्न में केन्द्र और राज्य के बीच द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इन हवाई अड्डों को केन्द्र की उड़ान 2.0 योजना के तहत संचालित किया जायेगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने पिछली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती शासन ने कोलकाता में दूसरे हवाई अड्डे के निर्माण के लिए आवश्यक जमीन उपलब्ध नहीं कराई थी, जिसके कारण विकास बाधित हुआ। इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक ● शेष पृष्ठ 11 पर




## शिक्षक भर्ती को लेकर राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# आन्दोलन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को जारी नोटिस वापस लेने का किया अनुरोध

■ प्रतिनिधियों से संवाद करने और दूसरे चरण की काउंसिलिंग जल्द शुरू कराने का भी किया आग्रह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में शिक्षक भर्ती वर्ग-2 और वर्ग-3 में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखा है। उन्होंने भर्ती में पदवृद्धि के साथ आन्दोलन कर रहे शिक्षक अभ्यर्थियों को जारी नोटिस तत्काल वापस लेने, उनके प्रतिनिधियों से संवाद करने और दूसरे चरण की काउंसिलिंग जल्द शुरू कराने का अनुरोध किया है।
मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश के शिक्षक अभ्यर्थियों ने वर्ग-2 और वर्ग-3 की भर्ती में पदवृद्धि का मुद्दा प्रमुखता से उनके सामने उठाया था। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहले से ही एक लाख से अधिक शिक्षकों के पद रिक्त हैं। शिक्षकों की कमी का सीधा असर बच्चों की पढ़ाई और शिक्षा की गुणवत्ता पर पड़ रहा है। इसके बावजूद शिक्षक भर्ती-2025 के तहत वर्ग-3 में केवल 13,089 और वर्ग-2 में 10,800 पदों पर भर्ती निकाली गयी है।
राहुल ने कहा कि प्रदेश के युवा अभ्यर्थियों की मांग है कि शिक्षक भर्ती में रिक्तियों के अनुरूप पदों की संख्या बढ़ायी जाये। इससे सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने में मदद मिलेगी और हजारों योग्य युवाओं को नियमित सरकारी रोजगार का अवसर मिलेगा। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने चयन परीक्षा में अच्छे अंक हासिल किये हैं। इनमें कई ऐसे अभ्यर्थी भी हैं, जो लम्बे समय से अतिथि शिक्षक के तौर पर सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं और नियमित नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं।
उन्होंने कहा कि भर्ती में पदों की संख्या सीमित रहने से चयन परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करनेवाले कई अभ्यर्थी भी नियुक्ति से वंचित रह गये हैं। लम्बे समय से भर्ती प्रक्रिया और नियुक्ति का इंतजार कर रहे कुछ अभ्यर्थी अब निर्धारित आयु सीमा के करीब पहुंच रहे हैं। ऐसे में पदों की संख्या बढ़ाना उनके लिए रोजगार के अवसर को बनाए रखने के लिहाज से भी महत्त्वपूर्ण है।
राहुल ने मुख्यमंत्री से अभ्यर्थियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आग्रह किया।
राहुल गांधी ने पत्र में वर्ग-2 एवं वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने के साथ दूसरे चरण की काउंसलिंग भी शीघ्र शुरू कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने से उन अभ्यर्थियों को राहत मिलेगी, जो परीक्षा में सफल होने के बाद नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। साथ ही, इससे प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने में भी मदद मिलेगी।
उल्लेखनीय है कि शिक्षक भर्ती वर्ग-2 एवं वर्ग-3 के अभ्यर्थियों ने इससे पहले प्रदेश संयोजक दीप्ति ठाकुर के नेतृत्व में राहुल गांधी को विस्तृत मांग-पत्र भेजा था। इसमें अभ्यर्थियों ने शिक्षा विभाग में स्वीकृत पदों की संख्या और मौजूदा भर्ती के बीच अंतर का मुद्दा उठाया था। अभ्यर्थियों का दावा है कि शिक्षा विभाग में 1.15 लाख से अधिक पद स्वीकृत होने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया में अपेक्षाकृत कम पद शामिल किये गये हैं। अभ्यर्थी अपनी मांगों को लेकर भोपाल में लंबे समय से क्रमिक आन्दोलन और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। उनकी प्रमुख मांगों में वर्ग-2 के प्रत्येक विषय में 3,000 पदों की वृद्धि तथा वर्ग-3 में कुल पदों की संख्या बढ़ा कर 25,000 करना शामिल है।



### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 72,382.47 | 472.77 (0.66%) |
| निफ्टी | 22,555.75 | 133.80 (0.60%) |

### सर्राफा बाजार (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,49,290.00 |
| चांदी | 2,220.00 |

## एक झलक

### 40 लाख की ब्राउन शुगर बरामद, छह गिरफ्तार

**कोरापुट :** ओडिशा के जयपुर शहर में पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर करीब 40 लाख रुपये मूल्य की ब्राउन शुगर पकड़ी है। इस मामले में एक महिला सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।
जयपुर की एसडीपीओ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक चार पहिया वाहन को रोक कर तलाशी ली। वाहन से एक ग्राम से कम वजन वाले ब्राउन शुगर के 3,700 से अधिक छोटे पैकेट और 10-10 ग्राम के 11 पैकेट बरामद किये गये।
आरोपियों के पास से 20 हजार रुपये नकद, आठ मोबाइल फोन, एक भुजाली और चाकू भी मिला। जांच में सामने आया है कि ब्राउन शुगर खुर्दा और नयागढ़ जिलों से लाकर जयपुर में खपाने की तैयारी थी। पुलिस के अनुसार, छोटे पैकेटों को कथित तौर पर 800 से 1,000 रुपये में बेचा जाता था।
गिरफ्तार आरोपियों में जयपुर निवासी 35 वर्षीय रमा छत्रिया उर्फ रामू भी शामिल है, जिस पुलिस स्थानीय आपूर्तिकर्ता बता रही है। उसे करीब दो महीने पहले भी कम मात्रा में ब्राउन शुगर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

### आकाश आनन्द की बसपा में तीसरी वापसी

**लखनऊ :** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद को पार्टी में वापस लिया है तथा पार्टी में राष्ट्रीय संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। आकाश आनंद की यह तीसरी बार वापसी है। पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी की प्रमुख मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पार्टी के लिए बाबा साहेब डा. आंबेडकर और कांशीराम के आदर्श हमेशा ही प्रेरणा के स्त्रोत रहे हैं, जिस पर चलकर ही पार्टी ने देश की राजनीति में काफी सफलताएं मिली है। प्रदेश में आगामी विधानसभा आम चुनाव को लेकर जबरदस्त तैयारी की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि 'बहुजन समाज' ही मेरा विराट परिवार है और उनका हित व कल्याण मेरे लिये सर्वोपरि है और हमेशा ही रहेगा।

## अंदर के पन्नों पर


3 विद्यार्थी तकनीक को शक्ति व विवेक को मार्गदर्शक...
5 दुर्गापूजा में सुरक्षा से समझौता नहीं, पुलिस...
7 नगर भगवती के दरबार में 16 दिन होती है मां की...
9 बिहार के सभी थानों में जल्द शुरू होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग...
10 वैभव बहुत समझदार खिलाड़ी हैं, उन्हें बस मौके का...


## कार्टून कोना



## एक झलक

### शिक्षक मधुसूदन साहू का झारखंड सेवा रत्न अवार्ड-2026 के लिए चयन



**बुढ़मू :** राजीव गांधी उच्च विद्यालय, बुढ़मू के शिक्षक मधुसूदन साहू का शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'झारखंड सेवा रत्न अवार्ड-2026' हेतु चयन किया गया है। विश्व सेवा परिषद की ओर से उन्हें चयन पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी गई है। अवार्ड समारोह 20 अक्टूबर 2026, मंगलवार को दोपहर 3 बजे रांची के पुराना विधानसभा सभागार, धुर्वा में आयोजित किया जाएगा। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष, मंत्री, सांसद, विधायक, आयोग के अध्यक्ष, कुलपति, उपायुक्त, मेयर सहित कई गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। मधुसूदन साहू के चयन पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए सम्मान प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### मुरतो दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने सुदर्शन प्रसाद

**बेड़ो :** प्रखंड के मुरतो गांव में सोमवार को दुर्गा पूजा महापर्व धूमधाम मनाये जाने की तैयारी को लेकर ग्रामीणों व समिति के सदस्यों की एक बैठक की गई। बैठक में सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा की नई समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुदर्शन प्रसाद उपाध्यक्ष सुखसागर साहू सचिव नंदलाल सिंह कोषाध्यक्ष राजेश कुमार संयोजक अभ्यास साहू, गोविंद गुप्ता,प्रदीप साहू, संरक्षक महावीर साहू,कलिंद्र साहू,श्याम सुंदर साहू,विष्णु प्रसाद गुप्ता,लखन साहू,आनंद ठाकुर,आनंद सिंह,आशीष ठाकुर,राकेश कुमार,सुकर साहू व प्रमोद सिंह सहित कई सदस्य बनाए गए है।

### आज रातू में चार घंटे बिजली बंद

**रातू :** बेड़वारी 33 केवी से रातू पावर हाउस तक मंगलवार को मेंटेनेंस व पेड़ों की छंटाई के कारण सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। इससे रातू, हुरहुरी, सिमलिया, काठीटांड, तिलता, कमड़े, पिर्रा समेत आसपास के क्षेत्र प्रभावित होंगे।

### करमा अखड़ा कार्यक्रम में समाजसेवी ने बांटी साड़ी और जर्सी

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड की लिमड़ा पंचायत के डोमारी और कटसेमला गांव में करमा पर्व के अवसर पर सोमवार को लिमड़ा पंचायत के समाजसेवी रोशन उरांव ने शामिल होकर ग्रामीणों के साथ कर्मा पर्व की खुशियां साझा की। इस अवसर पर रोशन उरांव ने महिलाओं के बीच साड़ी और खेल प्रेमी युवाओं और खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया। सहयोग मिलने से महिलाओं, युवाओं और खिलाड़ियों में खुशी देखी गई। मौके पर उन्होंने कहा कि कर्मा पर्व आपसी भाईचारे, एकता और प्रकृति के प्रति सम्मान का संदेश देता है। ऐसे पर्व समाज के लोगों को एकजुट होकर खुशियां बांटने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में समाजसेवी संदीप लकड़ा, नमजन होरो, संजीत तिग्गा, संजय उरांव, प्रेम धान, आंतोनी बारला, विजय कुमार होरो, संजय मुंडा, सुधीर होरो और कंदुआ बारला सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिला-पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

### खूंटी पहुंचे भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी, बोले...सामूहिक प्रयास से संगठन को करेंगे मजबूत

**खूंटी :** भाजपा के नवनियुक्त झारखंड प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल अपने पहले झारखंड प्रवास के दौरान सोमवार को खूंटी पहुंचे। नेताजी चौक पर जिलाध्यक्ष आनंद कुमार के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद पटेल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद-ए-आजम भगत सिंह और मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर नमन किया। खूंटी से वे भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

रजरप्पा मंदिर पुनरुद्धार

# हाई कोर्ट ने पर्यटन सचिव से डीपीआर व फंडिंग पर मांगा शपथ पत्र




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध धार्मिक एवं पर्यटन स्थल रजरप्पा मंदिर के पुनरुद्धार से जुड़े मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। संजीव कुमार सिंह की ओर से दाखिल अवमानना याचिका पर सोमवार को सुनवाई करते हुए अदालत ने पर्यटन विभाग के सचिव को शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि मंदिर के पुनरुद्धार के लिए तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है और प्रस्तावित योजना के लिए राशि किस मद से उपलब्ध कराई जाएगी। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अदालत के पूर्व आदेश के अनुपालन में रामगढ़ के उपायुक्त और पर्यटन विभाग के सचिव अदालत के समक्ष उपस्थित हुए। सुनवाई के दौरान अदालत ने पुनरुद्धार योजना की प्रगति और इसके लिए वित्तीय संसाधन की उपलब्धता को लेकर सरकार से स्पष्ट जवाब मांगा। रजरप्पा मंदिर के पुनरुद्धार के लिए सरकार की ओर से 102 करोड़ रुपये का डीपीआर तैयार किया गया है। सुनवाई के दौरान पर्यटन सचिव की ओर से अदालत को बताया गया कि तैयार डीपीआर की अनुमानित राशि काफी अधिक है। इसी वजह से इस मामले से संबंधित संचिका विभागीय मंत्री के पास भेजी गई है। सरकार के इस जवाब के बाद अदालत ने पर्यटन सचिव को शपथ पत्र के माध्यम से पूरी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। शपथ पत्र में यह बताना होगा कि डीपीआर पर विभागीय स्तर पर अब तक क्या कार्रवाई हुई है तथा इतनी बड़ी राशि की व्यवस्था किस मद से की जाएगी। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 13 अक्टूबर की तारीख निर्धारित की है। हालांकि अगली सुनवाई में रामगढ़ के उपायुक्त और पर्यटन सचिव को व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित होने से छूट दी गई है। दोनों अधिकारी अब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल हो सकेंगे। दरअसल, यह मामला संजीव कुमार सिंह की ओर से दायर अवमानना याचिका से संबंधित है। याचिका में रजरप्पा मंदिर के पुनरुद्धार को लेकर पूर्व में दिए गए न्यायालय के आदेशों के अनुपालन का मुद्दा उठाया गया है। सोमवार की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता भरत कुमार ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा।

## ओबीसी अधिकारों को लेकर तेली समाज ने निकाला मशाल जुलूस, 06 को चक्का जाम और 07 को धरना-प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुढ़मू :** अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अधिकारों और जातीय जनगणना में अलग कॉलम की मांग को लेकर तेली समाज एवं केंद्रीय पिछड़ी जाति संघर्ष समिति के तत्वावधान में सोमवार को पुंदाग में रांची जिला अध्यक्ष जेम्स कश्यप और बुढ़मू प्रखंड के ठाकुरगांव थाना क्षेत्र स्थित बजरंग चौक (भाटबोड़या) में मशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व तेली समाज के बुढ़मू प्रखंड अध्यक्ष पारिबा साहू ने किया। वहीं उमेडंडा लखन मोड़ में पंचायत अध्यक्ष चंद्रद्वीप साहू के नेतृत्व में भी मशाल जुलूस निकाला गया। हाथों में जलती मशाल लेकर कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने आगामी जातीय जनगणना के प्रारूप में ओबीसी के लिए अलग कॉलम शामिल करने तथा पिछड़ी जातियों को समुचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व और आरक्षण देने की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि पिछड़े समाज के अधिकारों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। केंद्रीय पिछड़ी जाति संघर्ष समिति की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जनगणना के प्रारूप में पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कॉलम नहीं रखे जाने के विरोध में चरणबद्ध आंदोलन का निर्णय लिया गया है। इसके तहत 5 अक्टूबर को दक्षिणी छोटानागपुर के पांच जिलों–रांची, खूंटी, लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा–के सभी जिला मुख्यालयों में मशाल जुलूस निकालकर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। वहीं 6 अक्टूबर को इन पांचों जिलों के सभी प्रखंडों में बंदी एवं चक्का जाम करने तथा 7 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, झारखंड के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने की घोषणा की गई है।

### स्कूली बच्चों के अस्वस्थ होने की सूचना पर सीएचसी पहुंचे उपायुक्त

# इलाजरत बच्चों का जाना हाल, बेहतर इलाज के निर्देश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड के तिलमी स्थित उच्च विद्यालय के कुछ बच्चों के अस्वस्थ होने की सूचना पर उपायुक्त मो. जावेद हुसैन सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने इलाजरत बच्चों और उनके अभिभावकों से मुलाकात कर स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उपायुक्त ने मौके पर मौजूद चिकित्सकों से बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों को बच्चों की समुचित जांच कराने और आवश्यकता के अनुसार बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए और उनके स्वास्थ्य की लगातार निगरानी की जाए। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय के अन्य बच्चों के स्वास्थ्य की भी जानकारी लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य बच्चे में स्वास्थ्य संबंधी परेशानी या लक्षण दिखाई देते हैं, तो समय रहते उसकी जांच कराकर आवश्यक उपचार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कर्रा के प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## कैंब्रिज बीएड कॉलेज में ओरिएंटशन कार्यक्रम



**अनगड़ा :** कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन, अनगड़ा में सोमवार को बीएड सत्र 2026-28 में नवनामांकित प्रशिक्षुओं के लिए ओरिएंटशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सरस्वती वंदना व मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य डॉ रविन्द्र कुमार ने प्रशिक्षु विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए संस्थान के नियम, अनुशासन, परीक्षा प्रणाली व प्रशिक्षण आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के कोर्डिनेटर संजीव तिवारी, डॉ सत्येश कुमार सिंह, विकास कुमार विक्की आदि शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## लापुंग के सोनू कुमार सिंह को राज्यपाल और रक्षा राज्य मंत्री ने किया सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लापुंग :** देश की आंतरिक सुरक्षा को समर्पित भारत के तीसरे राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में लापुंग प्रखंड के सुकुरहुटू गांव के सोनू कुमार सिंह पिता रामवृत सिंह ने अपनी सफलता का परचम लहराया है। सोनु को 'मास्टर इन क्रिमिनोलॉजी' पाठ्यक्रम में उनके उत्कृष्ट और मानक प्रदर्शन के लिए माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा मुख्य मंच पर सर्वोच्च उपाधि देकर सम्मानित किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर उपस्थित माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने भी सोनु कुमार सिंह को उनकी इस शानदार उपलब्धि के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की सराहना की। विश्वविद्यालय परिवार सोनु कुमार सिंह के अद्वितीय और उत्कृष्ट उपलब्धि पर उनकी भूरि-भूरि सराहना की है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एक छोटे से गांव से निकलकर देश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सोनु आज युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गए हैं। अपनी सफलता पर सोनु कुमार सिंह ने कहा, राज्यपाल और रक्षा राज्य मंत्री के हाथों सम्मानित होना मेरे जीवन का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है।इस अकादमिक उपलब्धि की असली नींव मेरे माता-पिता का असीमित त्याग शिक्षकों का शैक्षणिक मार्गदर्शन और सहपाठियों व मित्रों का सकारात्मक सहयोग ही मेरी इस सफलता का मूल आधार है।

## बारीडीह जतराटांड़ में 09 अक्टूबर को होगा करम मिलन समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित जतरा टांड़ में सोमवार को पाड़हा संचालन समिति ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट के अध्यक्ष सह पाड़हा संरक्षक निलमनी भगत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 12 पाड़हा राजा विशाल उरांव और 21 पाड़हा राजा महादेव कुजूर मौजूद थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 9 अक्टूबर दिन शुक्रवार को बारीडीह पाड़हा जतरा मैदान में करम मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस करम मिलन समारोह में आदिवासी परंपरा के अनुसार 40 से 50 खोड़हा नृत्य दल शामिल होंगे। नृत्य दल रांची, गुमला, लोहरदगा, खूंटी, सिमडेगा के अलावा अन्य राज्यों से भी आने की संभावना है। बारीडीह जतरा मैदान में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। आयोजनकर्ताओं द्वारा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को लिखित आवेदन दे दिया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक दीपक कुमार होंगे। विशिष्ट अतिथियों में बेड़ो प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव अंचल अधिकारी राज कुंवर सिंह एवं थाना प्रभारी कफील अहमद होंगे। सभी पाड़हा के पाड़हा प्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है। बैठक में मुख्य रूप से पाड़हा संचालन समिति ट्रस्ट के प्रो सोमरा उरांव, भौआ उरांव, गैना उरांव, जुगेश उरांव, प्रवक्ता सह प्रभारी चरवा उरांव, धनंजय कुमार राय, सुका उरांव, पीटर तिर्की, कोटवार सोमरा उरांव, दीवान बिरवा खेस, डहरु उरांव, कोटवार मंगरु मुंडा, सरियन बारला, सुका महतो, महादेव उरांव, शिवा मुंडा, मंगरा उरांव, हालु उरांव, खुशी उरांव, बिरसा उरांव मौजूद थे।

# 26वीं वाहिनी एसएसबी रांची में मिलेट्स (श्रीअन्न) प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अनगड़ा :** 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, रांची, ऊषा मार्टिन फाउंडेशन एवं इटकी वेल्फेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अंगड़ा क्षेत्र की महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित 08 दिवसीय मिलेट्स (श्रीअन्न) प्रशिक्षण कार्यक्रम का 05 अक्टूबर 2026 को 26वीं वाहिनी परिसर में सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस विशेष अवसर पर 26वीं वाहिनी के नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम में विशेष अभियान क्षेत्रीय मुख्यालय, गया जी के उपमहानिरीक्षक श्री मानवेंद्र की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के वाहिनी परिसर में आगमन पर उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा नवनिर्मित कॉन्फ्रेंस हॉल का उद्घाटन किया गया तथा मिलेट्स प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिला प्रशिक्षणार्थियों एवं संदीक्षा परिवार के सदस्यों से परिचय प्राप्त किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एसएसबी गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर कमांडेंट, 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, (रांची) शाश्वत कुमार, क्वहर द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एवं ऊषा मार्टिन फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से कुल 21 महिला प्रशिक्षणार्थियों को मिलेट्स (श्रीअन्न) से विभिन्न पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजन तैयार करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

## मरणोत्तर संस्कार, श्राद्ध संस्कार, तर्पण की महत्ता पर डाला गया प्रकाश



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** गायत्री शक्तिपीठ धूर्वा सेक्टर टू में इन दिनों आश्विन कृष्ण पक्ष, पितृ पक्ष में श्राद्ध संस्कार विधान विधिवत सुबह दस बजे से प्रति दिन दिव्य वातावरण में संचालित हो रहा है। पीठ परिसर में पीठ की ओर से परिजनों के लिए निःशुल्क अधिकाधिक पूजन-अर्चन सामग्री की सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। दो भाग में श्राद्ध संस्कार हो रहे हैं। एक भाग में परिजन केवल तर्पण कराते हैं,दूसरे भाग में तर्पण के साथ पिंडदान भी विधिवत कराते हैं। मरणोत्तर संस्कार प्रकरण में चर्चा कर बताया गया कि भारतीय संस्कृति में यह तथ्य है कि मृत्यु के साथ जीवन समाप्त नहीं होता। अनन्त जीवन श्रृंखला की एक कड़ी मृत्यु भी है। मरणोत्तर संस्कार को श्राद्धकर्म भी कहते हैं। प्रारम्भ व विधान बीच में एक दो संबन्धित प्रज्ञागीत गायन भी किया गया। षट्कर्म व संकल्प कराकर इस संस्कार के विशेष उपचार कराए गए। जीवन मृत्यु चक्र का अनुशासन बनाए रखने वाले तंत्र के अधिष्ठाता यम देवता तथा पितर पूर्वजों का आवाहन नमन वंदन व पूजन-अर्चन विधिवत यम स्तोत्र व मंत्र सस्वर पाठ किया गया।

# 74 वर्षों से हो रही बेड़ो में मां दुर्गा की पूजा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की पूजा 74 वर्षों से हो रही है। आजादी के बाद समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा 1952 ई. में स्व जादव नाथ देवघरिया, रुंजू सेठ, दुर्गा प्रसाद शर्मा, शिबू सिंह, लक्ष्मण सिंह ने सामूहिक रूप से डाक बंगला से पूजा की शुरूआत की थी। इसके बाद थाना के सामने तहसीलदार के घर में पूजा होने लगी। 1961 ई. में महादानी मंदिर परिसर में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर बंगाल पद्धति से पूरे विधि- विधानपूर्वक पूजा शुरू हुई। इस पावन कार्य में जादव नाथ देवघरिया,गोयंदा गोप, दुर्गा प्रसाद शर्मा, कालिकांत राय, हरिश्चंद्र राय, विनोद चंद्र देवघरिया व हरि सोनी (हरि सोनी को छोड़कर सभी अब दिवंगत) का सराहनीय योगदान रहा। इसके बाद से लगातार यहां मां दुर्गा की पूजा होती आ रही है। पूजा समिति के संरक्षक वाणी कुमार राय, सौमित्र शर्मा, साधन कुमार राय और अध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से यहां माता की पूजा-अर्चना पारंपरिक तरीके से की जाती है। इस वर्ष श्री श्री दुर्गा पूजा महासमिति के तत्वावधान में पूजा का भव्य आयोजन किया गया है। शारदीय नवरात्र में कलश स्थापना के साथ ही पूजा स्थल व पूरा प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है। नवाह्नपारायण रामचरितमानस पाठ,राम कथा दुर्गा सप्तशती के पाठ, भक्ति गीतों की गूंज,भगवती पूजन तथा आरती से बेड़ो का माहौल भक्तिमय हो जाता है। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। पूजा स्थल पर निर्मित काल्पनिक पंडाल भक्तों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है, जहां षष्ठी को वैदिक मंत्रों के बीच बेलवरण पूजा के बाद दर्शनार्थियों के लिए पट खोल दिया जाएगा। पूजा के दौरान सप्तमी, अष्टमी और नवमी को श्रद्धालुओं के बीच भोग व प्रसाद का वितरण किया जाएगा। पूजा पंडाल व आसपास मनमोहक गेट और विद्युत लाइटिंग से सजावट की जा रही है। वहीं प्रकाश सिंह, केदार रजक व दशरथ गोप सहित अन्य लोगों द्वारा शुरू की गई परंपरा के अनुसार विजयादशमी को 50 फीट ऊंचे रावण का दहन रंगारंग आतिशबाजी के साथ भव्य रूप से किया जाएगा।

## पशुधन विकास योजना के तहत 1017 लाभुकों के आवेदनों को मिली मंजूरी

**खूंटी :** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और जोड़ा बैल योजना के वित्तीय वर्ष 2026-27 के क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने की। इसमें दोनों योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिला स्तरीय समिति ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना और जोड़ा बैल योजना के तहत कुल 1017 लाभुकों के आवेदनों का अनुमोदन किया। अनुमोदन के बाद चयनित पशुपालकों को निर्धारित प्रावधानों के अनुसार योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### इरबा अंजुमन मरकजी कमेटी की बैठक में स्थानीय समस्याओं के समाधान पर बनी रणनीति

# आपसी विवादों को मिल-बैठ कर सुलझायेगी नयी कमेटी, अधिकतम छह सदस्य होंगे शामिल



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**ओरमांझी :** इरबा अंजुमन मरकजी कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक सदर समीउल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सेक्रेटरी नईम अंसारी, सरपरस्त रकीब ओहदार, कासीम अंसारी एवं मुख्तार अंसारी सहित कमेटी से जुड़े अन्य जिम्मेदार लोग मौजूद रहे। बैठक में क्षेत्र के सामाजिक मामलों, आपसी सहयोग और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों की सहमति से एक नई कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी में अधिकतम छह सदस्यों को शामिल किया जाएगा। सदर समीउल्लाह अंसारी ने कहा कि कमेटी का मुख्य उद्देश्य मोहल्ले के विकास में सहयोग करना और स्थानीय स्तर पर उत्पन्न होने वाले विवादों एवं समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान निकालना होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार का आपसी विवाद उत्पन्न होने पर संबंधित लोगों को साथ बैठाकर बातचीत के माध्यम से मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। इससे आपसी भाईचारा और सहयोग की भावना को मजबूत करने में मदद मिलेगी। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि नई कमेटी फिलहाल मस्जिद परिसर से बाहर रहकर अपने सामाजिक कार्यों और स्थानीय मामलों के निपटारे में भूमिका निभाएगी। बैठक में मौजूद जिम्मेदार लोगों ने क्षेत्र के विकास और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए मिल-जुलकर काम करने पर जोर दिया।

# जनजातीय समाज की समस्याओं का समयबद्ध व विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित किया जाये : डॉ. आशा लकड़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार के सदस्य डा आशा लकड़ा ने सोमवार को बेड़ो प्रखंड कार्यालय में आयोजित प्रखंड स्तरीय जनजातीय संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने जनजातीय समाज, सामाजिक संगठनों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं जनजातीय समाज से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की। डॉ. आशा लकड़ा ने कहा कि जनजातीय समाज की समस्याओं को केवल सुनना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका समयबद्ध, त्वरित एवं विधिसम्मत समाधान सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के संवैधानिक अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। भूमि एवं सीएनटी एक्ट से जुड़े मामलों पर विशेष जोर,जनजातीय संवाद के दौरान जनजातीय भूमि से जुड़े मामलों,भूमि हस्तांतरण एवं भूमि विवादों सहित सीएनटी एक्ट के प्रावधानों के अनुपालन से संबंधित विषय प्रमुखता से उठाए गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इन मामलों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि लंबित मामलों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा जनजातीय भूमि से संबंधित मामलों में कानून के प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन हो। शिक्षा,स्वास्थ्य एवं मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई। वहीं संवाद के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी,आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति,स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं सहित कई स्थानीय समस्याएं सामने आई। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आंगनबाड़ी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। जिससे जनजातीय समाज को सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। सरना एवं मसना स्थलों के संरक्षण पर भी चर्चा हुई।जनजातीय समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सरना एवं मसना स्थलों के निर्माण एवं संरक्षण से संबंधित समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। डॉ. आशा लकड़ा ने संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपरा एवं सामाजिक पहचान से जुड़े विषयों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों का नियमानुसार समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने जनजातीय समाज की आवाज को केवल संवाद तक सीमित नहीं रखा जाएगा। सामने आने वाली समस्याओं को संबंधित विभागों एवं प्रशासन के समक्ष रखते हुए उनके विधिसम्मत समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मौके पर प्रखंड प्रमुख विनिता कच्छप,अंचल अधिकारी राजकुंवर सिंह, एसआई उत्तम पासवान समेत प्रशासनिक अधिकारी, चार पंचायतों के मुखिया सुशांति भगत,लक्ष्मी कोया व जतरू उरांव बेड़ो सरना समिति के अध्यक्ष सुका उरांव पूर्व उपप्रमुख धनंजय कुमार राय समेत दर्जनों जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर, करीब 80 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रांची के पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित एवं संस्थापक डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में ए.आर. हेल्थ केयर के सहयोग से एकदिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आश्रम में रह रहे दिव्यांग, निराश्रित एवं जरूरतमंद प्रभुजनों तथा सेवा कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल सुनिश्चित करना रहा।स्वास्थ्य शिविर के दौरान करीब 80 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें शुगर, रक्तचाप, वजन, कोलेस्ट्रॉल, थायराइड एवं हीमोग्लोबिन सहित कई आवश्यक स्वास्थ्य जांच शामिल थीं। चिकित्सकों ने जांच के बाद मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक दवा तथा चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा खान-पान, नियमित दिनचर्या, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। शिविर में डॉ. सुरेंद्र प्रसाद ने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय मार्गदर्शन प्रदान किया। जांच कार्य में रविंद्र कुमार, अरुण कुमार एवं विकास पासवान का सराहनीय सहयोग रहा।

## एक झलक

### श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में इन्दिरा एकादशी व्रतोत्सव आज



**रांची :** राजधानी के दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में मंगलवार 06 अक्टूबर को आश्विन कृष्णपक्ष की इन्दिरा एकादशी व्रत को ले श्रद्धा-भक्ति और नेम-निष्ठा पूर्वक पांचरात्र आगम विधि से धार्मिक अनुष्ठानों का भव्य आयोजन होगा। जिसमें मुख्य रूप से प्रातः वंदन , तिरुवाराधनम् , महाआरती और नैवेद्य भोग के बाद महास्तुति एवं तदियाराधन आदि संपादन होगा। यह महत्वपूर्ण व्रत के अवसर पर प्रत्येक एकादशी के दिन दर्शनार्थियों की भारी भीड़ होती है ।सभी व्रतधारी महिलायें एवं पुरुष भगवान के दर्शनार्थ मंदिर पहुंचते हैं और भगवान की प्रसन्नता के लिए अपने-अपने कामना अनुसार अर्चना वदना करते हैं। शास्त्रीय मानता है कि आश्विन मास की इंदिरा एकादशी व्रत की प्रभाव से बड़े-बड़े पापों का नाश हो जाता है। नीच योनि में पड़े हुए पितरों को भी यह एकादशी सद्गति देनेवाली है।

### कैप्टन स्मित की बहादुरी पर राहुल गांधी की चुप्पी को लेकर बाबूलाल ने उठाये सवाल

**रांची :** झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने फ्लाईदुबई की उड़ान में आतंकी हमले को नाकाम करने वाले कैप्टन स्मित की बहादुरी की प्रशंसा की है। साथ ही उन्होंने कैप्टन की बहादुरी पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आने को लेकर सवाल उठाए हैं। बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कैप्टन स्मित ने अपनी जान की परवाह किए बिना 174 लोगों की जान बचाई और देश का नाम ऊंचा किया। कैप्टन स्मित के साहस की देश-दुनिया में प्रशंसा हो रही है, लेकिन राहुल गांधी की ओर से उनकी बहादुरी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। मरांडी ने सवाल किया कि क्या इसकी वजह यह है कि कैप्टन स्मित हिंदू हैं। मरांडी ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले में पुलिसकर्मी तुकाराम ओंबले की बहादुरी का भी उल्लेख किया।

### झारखंड प्लाईवुड एंड ग्लास डीलर्स एसोसिएशन की नयी कार्यकारिणी का गठन



**रांची :** चैंबर भवन, रांची में झारखंड प्लाईवुड एंड ग्लास डीलर्स एसोसिएशन की द्विवार्षिक आम सभा आयोजित की गई। इस आम सभा में वर्ष 2026-2028 हेतु कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें 16 सदस्य निर्वाचित हुए। दिनांक 5 अक्टूबर 2026, दिन रविवार को नवनिर्वाचित 16 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी ने सभी सदस्यों के सहयोग से एसोसिएशन के हित में कार्य करने तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### डुंगरी तुपुदाना में भव्य मड़ई दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू

**रांची :** डुंगरी तुपुदाना में इस वर्ष मड़ई दुर्गा पूजा भव्य रूप से मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर मड़ई दुर्गा पूजा समिति की सोमवार को डुंगरी पंडाल परिसर में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मुकेश नायक ने की। बैठक में पंडाल निर्माण की प्रगति, आय-व्यय का लेखा-जोखा, चंदा संग्रह और आगामी पूजा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति ने सर्वसम्मति से इस वर्ष मां दुर्गा के लिए भव्य पंडाल तैयार करने का निर्णय लिया। पंडाल का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। बैठक में चंदा संग्रह तथा आय-व्यय का हिसाब रखने की जिम्मेदारी तय की गई। साथ ही मां दुर्गा की प्रतिमा, लाइट-डेकोरेशन और साउंड की बुकिंग को लेकर भी आवश्यक तैयारियों पर चर्चा हुई। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि षष्ठी के दिन मां दुर्गा का पट खुलेगा।

### रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में 207 विद्यार्थियों को मिली उपाधि

# विद्यार्थी तकनीक को शक्ति व विवेक को मार्गदर्शक बनायें : राज्यपाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित हुआ। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान 207 सफल विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, जबकि विभिन्न संकायों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले पांच मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। समारोह में रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विशिष्ट अतिथि तथा उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के निदेशक एवं सेवानिवृत्त आईपीएस जीके गोस्वामी सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे।




विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति राहुल पुरवार, रजिस्ट्रार डॉ. हेमेंद्र कुमार भगत सहित शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी और उनके अभिभावक भी समारोह में उपस्थित रहे। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक यात्रा का पड़ाव नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा की नई जिम्मेदारी की शुरूआत है। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक को अपनी शक्ति और विवेक को अपना मार्गदर्शक बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीक का इस्तेमाल कानून, मानव गरिमा, नागरिक अधिकार और निजता का सम्मान करते हुए होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि आज सुरक्षा व्यवस्था के सामने साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा, वित्तीय अपराध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग, डीपफेक, वॉयस क्लोनिंग, भ्रामक सूचनाओं और साइबर हमलों जैसी नई चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता और निरंतर सीखने की आदत विकसित करनी होगी।

### समारोह में कुलगीत की रचयिता डॉ. पूजा शकुंतला शुक्ला की रही गरिमामय उपस्थिति



**रांची :** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह का आयोजन 5 अक्टूबर 2026 को हुआ, जिसमें झारखंड के राज्यपाल एवं कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार तथा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलगीत ज्ञानम-विज्ञानम सहितं जयतु जयतु जय गुरुकुलम की रचयिता डॉ. पूजा शकुंतला शुक्ला की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही। उनके द्वारा रचित यह कुलगीत विश्वविद्यालय की शौर्य-परंपरा, ज्ञान-विज्ञान, अनुशासन एवं राष्ट्र-सेवा के आदर्शों को अभिव्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान और गौरव का अभिन्न अंग बन चुका है।

### कल्पना संग हेमन्त पहुंचे दीपिका पांडेय सिंह के आवास



- तृषा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि
- द्वादशा कार्यक्रम व ब्रह्मभोज में हुए शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन सोमवार को स्मार्ट सिटी, रांची स्थित आवास पर पहुंचे और मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की स्वर्गीय पुत्री तृषा सिंह के द्वादशा कार्यक्रम एवं ब्रह्मभोज में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वर्गीय तृषा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने भी स्वर्गीय तृषा सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

## राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को सितम्बर माह की पेंशन राशि का भुगतान

- 01 लाख 86 हजार 669 लाभुकों को 18 करोड़ 66 लाख 69 हजार की राशि का भुगतान
- DBT के माध्यम से प्रत्येक लाभुक के बैंक खाते में हस्तांतरित की गयी 01-01 हजार की पेंशन राशि
- जिन लाभुकों को नहीं हुआ पेंशन राशि का भुगतान, उन्हें अपने बैंक खाते से आधार सीडिंग कराना अनिवार्य

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिला में पेंशनधारियों को सितंबर महीने की पेंशन राशि का भुगतान कर दिया गया है। उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, मंजूनाथ भजन्त्री निर्देशानुसार राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत प्रथम चरण में जिले में कुल 01 लाख 86 हजार 669 लाभुकों के बैंक खाते में पेंशन राशि ऊइळ के माध्यम से ट्रांसफर कर दी गयी है। मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य ल्कव्/अक्व्र पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (ट्रांसजेंडर) अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते में (एक-एक हजार रुपये) कुल 18 करोड़ 66 लाख 69 हजार की राशि का भुगतान किया गया है।

सितंबर महीने में सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत लाभुकों की संख्या निम्न प्रकार है:

मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना - 185894

मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना - 318

मुख्यमंत्री राज्य ल्कव्/अक्व्र पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना - 454

मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना (ट्रांसजेंडर) - 03

योजना के लाभ के लिए लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग अनिवार्य राज्य संपोषित सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत रांची जिले में वृद्ध/ आदिम जनजाति/एचआईवी/ अक्व्र पीड़ित / ट्रांसजेंडर लाभुकों को इस वर्ष सितंबर माह की पेंशन राशि का बैंक खाते में भुगतान कर दिया गया है।

### झारखंड में छह से नौ अक्टूबर तक आंधी-बारिश की सम्भावना, येलो अलर्ट जारी

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के उत्तर-पूर्वी, मध्यवर्ती और उत्तर-पश्चिमी जिलों में सोमवार दोपहर बाद मौसम में बदलाव देखने को मिला। कई इलाकों में बादल छाए रहे, जबकि रांची के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, बाद में मौसम साफ हो गया और धूप खिल गई। मौसम विभाग के अनुसार, छह से आठ अक्टूबर तक राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। नौ अक्टूबर को गढ़वा, पलामू, लातेहार और चतरा को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों में भी गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का अनुमान है।

### जेवीएम एलुम्नी एसोसिएशन की बैठक

## कार्यालय कक्ष और वार्षिक गतिविधियों पर चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** जवाहर विद्या मंदिर स्कूल ऑडिटोरियम में जेवीएम एलुम्नी एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की शुरूआत दिवंगत प्रिय दिवाकर सर की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर की गई। बैठक में प्रथम बैच समेत 30 से अधिक पूर्व छात्र, प्रधानाचार्य बी.एन. झा, मोती सर और विभिन्न बैचों के प्रतिनिधि शामिल हुए। शशांक, गुरनेक सिंह, पल्लवी सिंह, किरण सिंह, श्रीराम सिंह, प्रकाश कुमार, अमित जैन, आशीष बुधिया, अंशुमान, शशि, मनोज कुमार पांडेय, राहुल दयाल, निखिल सिंह और प्रसून रायपत सहित अन्य एलुम्नी मौजूद रहे।



स्कूल प्रबंधन ने एसोसिएशन को परिसर में कार्यालय के लिए एक कमरा उपलब्ध कराने पर सहमति दी। बैठक में एसोसिएशन के बायलॉज, सदस्यता नियम और खातों व ऑडिट रिपोर्ट को एलुम्नी के साथ साझा करने पर जोर दिया गया। 14 अक्टूबर को होने वाली साइंस एग्जीबिशन के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप लगाने और एलुम्नी के पंजीकरण के लिए कैनोपी लगाने का भी निर्णय लिया गया। पुराने एलुम्नी डेटा को रिकवर कर मजबूत एलुम्नी बेस तैयार करने, सभी बैचों की भागीदारी बढ़ाने और जरूरतमंदों की मदद के लिए समूह व कमेटियां बनाने पर भी चर्चा हुई। एसोसिएशन हर महीने एलुम्नी गेट-टुगेदर आयोजित करने के साथ विज्ञान, शिक्षा, खेल और ई-वेस्ट कलेक्शन जैसी गतिविधियों के लिए वार्षिक कैलेंडर तैयार करेगा।

## नगर निकाय मजदूरों की मांगों पर नौ अक्टूबर को समझौता नहीं हुआ, तो हड़ताल : भवन सिंह

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** झारखंड नगर निकाय मजदूर यूनियन के अध्यक्ष सह झारखंड सीटू के कार्यकारी अध्यक्ष भवन सिंह ने कहा है कि नौ अक्टूबर को होने वाली त्रिपक्षीय वार्ता में मजदूरों की मांगों पर निर्णायक समझौता नहीं हुआ तो हड़ताल की तिथि घोषित कर दी जाएगी। उन्होंने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में नगर निगम प्रशासक से सक्षम प्रतिनिधि के साथ वार्ता में शामिल होने की अपील की। भवन सिंह ने कहा कि मजदूरों को श्रम कानूनों के अनुसार छुट्टी, बोनस, वेतन पर्ची और पहचान पत्र देने की मांग की जा रही है। बढ़ती महंगाई को देखते हुए न्यूनतम वेतन 18 हजार रुपये करने और गैरकानूनी तरीके से हटाए गए मजदूरों को काम पर वापस लेने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा मजदूरों के स्थायीकरण और पक्की नौकरी देने की मांग दोहराई गई है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर को श्रमायुक्त के साथ हुई वार्ता में विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई थी। इस दौरान मजदूर हित में कानूनी प्रावधानों का पालन करने का भरोसा दिया गया था। वार्ता में महिला सफाई मजदूरों को मातृत्व अवकाश का लाभ नहीं मिलने से हो रही परेशानियों का मुद्दा भी उठाया गया।

## जेसीआई एक्सपो 'रविवार की शाम, मेले की सफलता के नाम'




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई के बहुप्रतीक्षित और भव्य आयोजन 'एक्सपो उत्सव 2026' की शुरूआत हो गई है। यह मेला दिनांक 07 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इस बहुप्रतीक्षित व्यापार मेले की 29वीं वर्षगांठ मना रही है। इस मेले में देश विदेश के कई स्टॉल लगते है। एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी एचजीएफ सीए प्रशांत पाटोदिया ने बताया की सात दिनों के इस उत्सव में कुल 400 स्टॉल्स देश के वभिन्न शहरो से लगेंगे, सभी स्टॉल्स वातानुकूलित है, बड़े ब्रांड्स, स्टार्ट अप्स, ऑटोमोबाइल्स, ड्राई फ्रूट्स इत्यादि स्टॉल्स लगेंगे, औरतो के लिए एक समर्पित पिंक हेंगर लगा है, जिसमे सिर्फ महिला उद्यमियों को स्टाल्स दिया गया है, बच्चो के लिए एम्यूजमेंट पार्क है, जिसमे तरह तरह के झूले लगे हुए है। एक्सपो प्रेमिसेस में अपोलो क्लिनिक, रांची द्वारा दो दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई, यह शिविर आज मंगलवार तक है, इस शिविर में डॉ सूचित सिन्हा, फिजिशियन परामर्श, डॉ रवि रोशन, डेंटल परामर्श, डॉ निभा निहारिका, ENT परामर्श, डॉ जयंती, Dietician परामर्श ने निःशुल्क परामर्श दिया।

## आज होगा चार संकल्पों के साथ रांची के सनातन प्रेमियों का समागम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री माहेश्वरी सभा रांची की अगवाई में रांची के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं को चार संकल्पों के लिए एक साथ एक मंच में लाने का कार्य करने का प्रयास किया जा रहा है, जो की आज दिनांक 6 अक्तूबर संध्या 5:00 बजे सेवा सदन पथ स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के हॉल में रखी गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं राज्यसभा के सांसद श्री प्रदीप वर्मा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू होंगे। चार संकल्पो को लेकर इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है जो की सनातन धर्म के अनुसार समाज के लिए आज के समय में बहुत ही आवश्यक है जिसमें पहले बिंदु होगा गौ संरक्षण, भोजन की बबार्दी रोकना ,पुरानी परंपरा को निभाते हुए शस्त्र पूजन नवरात्रों में करना एवं मारनोउपरांत नेत्र दान कर समाज के लोगों तक रोशनी पहुंचाने का कार्य करने का संकल्प लेना है।

## NUSRL रांची में अमेरिका से फुलब्राइट स्पेशलिस्ट प्रो. (डॉ.) मार्क डी. बाउअर का शैक्षणिक आगमन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (NUSRL), रांची में अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित स्टेटसन लॉ के प्रो. (डॉ.) मार्क डी. बाउअर फुलब्राइट स्पेशलिस्ट के रूप में 3 अक्टूबर से 11 नवंबर 2026 तक शैक्षणिक सहभागिता कर रहे हैं। प्रो. बाउअर ने 3 अक्टूबर को ठवरफ्छ परिसर में अपना शैक्षणिक कार्यभार प्रारंभ किया। उनका यह अकादमिक जुड़ाव तुलनात्मक विधि शिक्षा, फैकल्टी डेवलपमेंट तथा पेशेवर क्षमता निर्माण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। अपने प्रवास के दौरान प्रो. बाउअर NUSRL के बी.ए., एलएल.बी. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को Tort-II विषय पढ़ा रहे हैं। पाठ्यक्रम के अंतर्गत "Consumer Protection Law: A Comparative Perspective on India and the United States" विषय पर विशेष रूप से तुलनात्मक अध्ययन कराया जा रहा है। तुलनात्मक अध्ययन के माध्यम से विद्यार्थियों को भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका में उपभोक्ता संरक्षण कानून के विभिन्न पहलुओं को समझने तथा समकालीन कानूनी मुद्दों का अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण से अध्ययन करने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक सहभागिता के अतिरिक्त प्रो. बाउअर NUSRL के शिक्षकों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के पेशेवर विकास में भी योगदान दे रहे हैं। फैकल्टी सदस्यों के लिए 10 घंटे का Faculty Development Programme (FDP) आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय विधि विशेषज्ञ के साथ अकादमिक संवाद एवं पेशेवर अनुभवों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

### बिरसा कृषि विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह आठ अक्टूबर को, 387 विद्यार्थियों को मिलेगी उपाधि

**रांची :** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) का नौवां दीक्षांत समारोह आठ अक्टूबर को कांके स्थित विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में आयोजित होगा। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सोमवार को बताया गया कि कुलपति डॉ. एससी दुबे और कुलसचिव डॉ. शैलेश चट्टोपाध्याय के नेतृत्व में दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय के अधिकारियों और वैज्ञानिकों की विभिन्न समितियां गठित की गई हैं। दीक्षांत समारोह में कृषि, बागवानी, कृषि अभियंत्रण, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, पशु चिकित्सा एवं पशुपालन, वानिकी, मात्स्यिकी विज्ञान और दुग्ध प्रौद्योगिकी के कुल 387 छात्र-छात्राओं को स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 335 विद्यार्थी स्नातक, 48 विद्यार्थी मास्टर्स तथा चार शोधार्थी पीएचडी की उपाधि प्राप्त करेंगे।

## बोकारो में 01 नवम्बर को होगा पसमांदा मुस्लिम महाज की झारखंड इकाई का बड़ा सम्मेलन, जागरूकता और संगठन से जोड़ने पर रहेगा जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** रविवार को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज झारखंड की एक मीटिंग रांची स्थित कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अबू सईद अंसारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसका मुख्य उद्देश्य ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज, झारखंड की गतिविधियों को जिला स्तर तक मजबूत करने और पसमांदा समाज को जागरूक एवं संगठित करने को लेकर प्रदेश पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर बोकारो जिला से प्रदेश महासचिव ए. के. सुलतान के साथ आए भाट मुस्लिम मिल्लत कमिटी के नौशाद राय ने भी बैठक में हिस्सा लिया। संगठन के पदाधिकारियों के विचारों और पसमांदा समाज को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर नौशाद राय ने 1 नवम्बर 2026 को ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के समर्थन से बोकारो जिला में एक बड़ा सम्मलेन आयोजित करने की घोषणा की जिसे ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम की झारखंड इकाई ने इस सम्मलन को पूर्ण रूप से समर्थन देने की घोषणा की। प्रदेश अध्यक्ष अबू सईद अंसारी ने कहा कि पसमांदा समाज की तरक्की के लिए जागरूकता और एकजुटता सबसे जरूरी है। उन्होंने कहा कि संगठन को गांव और पंचायत स्तर तक मजबूत किया जाएगा।



राष्ट्रीय सलाहकार जब्बार हुसैन ने कहा कि पसमांदा समाज को अपने सामाजिक एवं संवैधानिक अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने की जरूरत है।

प्रदेश प्रभारी शफकत अली ने कहा कि संगठन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। बोकारो की प्रस्तावित बैठक संगठन विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

### 60 दिवसीय मेगा अभियान के तहत नालसा योजना 'असंगठित क्षेत्र के कानूनी सेवा योजना- 2015' पर डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

# असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को कानूनी सहायता देना ही लक्ष्य : डालसा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** महुआजारी पंचायत भवन, मांडर ब्लॉक एवं गाव में ग्रमीणों को डोर-टू-डोर विधिक जागरूकता के तहत नालसा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में एक प्रमुख योजना 'असंगठित क्षेत्र के कानूनी सेवा योजना - 2015' पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों को योजना की जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव के



नेतृत्व में 60 दिवसीय मेगा जागरूकता अभियान (चरण-1) होना सुनिश्चित हुआ है, जो कि 60 दिनों तक चलेगा। ग्रामीणों को नालसा द्वारा संचालित योजना असंगठित क्षेत्र के कानूनी सेवा योजना - 2015 पर बोलते हुए बिनिता कुमारी ने कहा कि नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को कानूनी सेवाएं) योजना, 2015 असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को कानूनी सहायता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए शुरू की गई एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। कालिन्दर गोप ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में असंगठित क्षेत्र का योगदान बहुत बड़ा है, लेकिन यहाँ काम करने वाले श्रमिकों को अक्सर शोषण, कम मजदूरी, और सामाजिक असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। पीएलवी सोनी कुमारी ने कहा कि इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के गरीब और शोषित श्रमिकों को अदालतों और न्यायाधिकरणों में मुफ्त कानूनी सेवाएं प्रदान करना पीएलवी तालिब अंसारी एवं संजीत उरांव तथा सुमाती कुमारी ने नालसा टॉल फ्री नम्बर-15100 के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की गयी। यह भी ज्ञात हो कि नवाटांड़ गांव में डालसा टीम के द्वारा डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत डालसा टीम के द्वारा नवाटांड़ गांव के ग्रामीणों से घर-घर जाकर पूछताछ की एवं उनके समस्याओं को सुना तथा उनकी समस्याओं को दूर करने की बातें कही। मौके पर ही प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धा पेंशन योजना, पी.एम. किसान योजना, पशुपालन शेड योजना, राशन कार्ड, सिंचाई मशीन एवं लेबर कार्ड से संबंधित आवेदन लिये गये। लगभग 350 लोग जागरूक हुए और योजना से लाभान्वित हुए। यह भी ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी के द्वारा मांडर ब्लॉक परिसर एवं कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, मांडर में मोबाईल वैन के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को जागरूक किया गया। मौके पर डालसा के कार्यरत बिनिता कुमारी एवं सुमाति कुमारी के द्वारा मध्यस्थता, लोक अदालत एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में भी जानकारी दी गय। पीएलवी बिनिता कुमारी और कालिन्दर गोप ने कहा कि प्रखण्ड एवं पंचायत में पीएलवी रहते हैं, अपनी समस्याओं को बताकर मदद ले सकते है।

## सदस्यता अभियान व कॉलेज कमेटियों के पुनर्गठन एवं रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय मार्च का हुआ निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न कॉलेजों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आजसू के प्रधान कार्यालय, हरमू, रांची में संपन्न हुई। बैठक में आगामी शैक्षणिक सत्र को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने एवं छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रांची महानगर के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही सभी कॉलेजों में आजसू छात्र संघ की कमेटियों का पुनर्गठन कर संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। बैठक में रांची विश्वविद्यालय मार्च आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया। मार्च के माध्यम से विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रहित के विभिन्न मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा तथा छात्रों की समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सदस्यता अभियान और कॉलेज कमेटियों के पुनर्गठन को लेकर आवश्यक तैयारियां शुरू करने पर सहमति जताई। संगठन की ओर से कहा गया कि छात्र-छात्राओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाते हुए विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर गति दी जाएगी। साथ ही मोहन रविदास जी को रामलखन सिंह यादव महाविद्यालय इकाई का अध्यक्ष एवं रोशनी मुंडा को रांची महानगर छात्र का उपाध्यक्ष बनाया गया।

## एक झलक

### बेला से 90वां जत्था रवाना, विधायक ने पांव पखार कर और पुष्पवर्षा कर यात्रियों को दी विदाई

**चौपारण** : सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत बेला पंचायत से बुजुर्ग श्रद्धालुओं का 90वां जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। जत्थे को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। ?यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर विधायक ने तीर्थ यात्रियों के पांव पखारे और उन पर पुष्पवर्षा कर उनकी सुखद यात्रा की कामना की। बेला पंचायत से कुल 65 बुजुर्ग श्रद्धालु श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ यात्रा पर निकले हैं। मौके पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों को नि:शुल्क तीर्थ यात्रा कराने का जो कार्य हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा किया जा रहा है, वह अत्यंत सराहनीय और पुण्य कार्य है। इससे उन बुजुर्गों का सपना साकार हो रहा है, जो साधनविहीनता के कारण तीर्थ दर्शन से वंचित रह जाते थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, सह सांसद प्रतिनिधि आशीष सिंह, बलराम दांगी, हजारीबाग लोकसभा तीर्थ यात्रा प्रभारी जुगनू सिंह, अमन कुमार, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, जन्मजय सिंह, भरत सिंह, राजेंद्र दांगी, मधु रजक, गुलाब रजक, रंजीत सिंह, अजय रविदास, कैलाश दांगी, प्रमोद सिंह, पवन सिंह, प्रदीप शर्मा, प्रदीप चंद्रवंशी, राहुल रंजन, बीरेंद्र यादव, जितेंद्र सिंह, साहिल सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### महेशरा स्कूल में चोरी का प्रयास, बिजली तार काटे और पम्प तोड़ा

**दारू (हजारीबाग)** : राजकीय मध्य विद्यालय महेशरा में रविवार की देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी का प्रयास किया। चोरों ने विद्यालय परिसर स्थित एमएचएम (MHM) रूम का ताला तोड़ दिया। इसके अलावा बिजली के तार काट दिए और पानी के पंप को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों को घटना की जानकारी हुई विद्यालय की प्राचार्य कुमारी रंजू ने बताया कि विद्यालय में चोरी की यह तीसरी घटना है। इससे पहले जनवरी में भी विद्यालय से लाखों रुपये के सामान की चोरी हुई थी। इस संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक चोरी गया कोई सामान बरामद नहीं हुआ है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में लगातार चोरी की घटनाओं होने से शिक्षक और विद्यालय परिवार चिंतित है। रविवार की रात हुई घटना में चोरों ने एमएचएम रूम को निशाना बनाया। हालांकि सामान चोरी होने से पहले ही संभवतः चोर वहां से चले गए। घटना में विद्यालय की बिजली व्यवस्था और पानी की सुविधा को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कर अज्ञात चोरों की पहचान और गिरफ्तारी की मांग की है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय में बार-बार चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने पूर्व में हुई चोरी के मामले में भी कार्रवाई करते हुए चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की।

### कोयला मजदूरों की बड़ी जीत, 01 लाख 10 हजार 250 रु मिलेगा बोनस : सीटू

**हजारीबाग** : कोल इंडिया प्रबंधन और केंद्रीय श्रमिक संघों के बीच देश के कोयला मजदूरों को परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवॉर्ड (पी एल आर) बोनस देने पर आम सहमति हो गई है और इसका लिखित समझौता भी हो गया। इस संबंध में सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन, हजारीबाग जिले के संयुक्त सचिव गणेश कुमार सीटू ने बताया कि इस समझौते से देश के कोयलांचल और कोयला मजदूरों में काफी हर्ष है। इस समझौते के तहत प्रति कोयला मजदूरों को 1 लाख 10, 250 रुपया बोनस मिलेगा। पूरा बोनस पाने के लिए साल में 312 उपस्थित होना अनिवार्य है। उपस्थिति के हिसाब से भी बोनस दिया जाता है. लगातार तीन त्यौहार दुर्गा पूजा, दीवाली और छठ एक साथ आने के कारण इस बोनस से कोयांचल के बाजारों में काफी रौनक रहता है। बोनस की राशि कोयला मजदूरों के बैंक खाते में 15 तारीख तक चल जायेगा।

# विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत दावे व आपत्तियों के निष्पादन की प्रक्रिया जारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2026 के तहत जिले में दावे एवं आपत्तियों के निष्पादन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है। इसी क्रम में सोमवार को उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव के साथ बैठक आयोजित कर पुनरीक्षण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया।

बैठक में बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 26.09.2026 को जारी प्रेस नोट के आलोक में रक्क्र 2026 के अंतर्गत नो मैपिंग एवं विसंगति वाले मामलों में जारी नोटिस से संबंधित मतदाताओं की ऑनलाइन सुनवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित मतदान केंद्रों के बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर दस्तावेज संकलित करने एवं उन्हें ECINet में अपलोड करने का कार्य किया जा रहा है। संबंधित मतदाताओं को ERO/AERO कार्यालय में सुनवाई हेतु बुलाने की आवश्यकता नहीं है। कार्मिक विभाग के आदेशानुसार सभी अंचल अधिकारियों को ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र नियमानुसार निर्गत करने हेतु निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी ERO/AERO अपने बी.एल.ओ. को घर-घर जाकर दस्तावेज संकलित करने का निर्देश देना सुनिश्चित करेंगे बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं, ताकि जिन मतदाताओं को मैपिंग एवं विसंगति के मामलों में ERO/AERO स्तर से नोटिस जारी किया गया है, वे अपने निर्धारित दस्तावेज की प्रति संबंधित बीएलओ के पास जमा कर सकें। जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 3,76,795 नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें से 2,97,021 नोटिस वितरित किए जा चुके हैं तथा 1,16,147 मामलों में ERO/AERO स्तर से संबंधित दस्तावेज अपलोड किए गए हैं।

## आधार सुविधाओं और समीक्षा पर हुई चर्चा

**हजारीबाग** : उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में सोमवार को जिला आधार निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में आधार नामांकन, अद्यतन (अपडेट) केंद्रों की स्थिति और विभिन्न आधार आवेदनों के निष्पादन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में आधार केंद्रों की उपलब्धता और संचालन की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 139 आधार केंद्र (Functional Centres) कार्यरत हैं।

**18+ आयु वर्ग के आधार आवेदनों का निष्पादन**

आधार स्टेट पोर्टल पर 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्राप्त कुल 341 पैकेट्स में से 281 को स्वीकृत (Approved) और 45 को अस्वीकृत किया गया है, जबकि 15 आवेदन लंबित हैं।

**मृत व्यक्तियों से संबंधित आवेदनों का निष्पादन**

प्राप्त कुल 1508 पैकेट्स में से 46 जीवित (Alive) और 158 मृत के रूप में सत्यापित किए गए हैं। 56 आवेदन सत्यापित नहीं हो सके हैं तथा 1248 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं।

**0 से 5 वर्ष के बच्चों का आधार नामांकन**

महिला पर्यवेक्षकों के माध्यम से छोटे बच्चों के नामांकन की समीक्षा की गई, जिसमें 13 महिला पर्यवेक्षकों में से 01 पर्यवेक्षिका का आधार किट वर्तमान में कार्यरत है।

विशेष आधार शिविरों की प्रगति:

खुला कारा एवं केन्द्रीय कारा (3-दिवसीय कैम्प): 147 अद्यतन (अपडेट) एवं 04 नए आधार नामांकन किए गए।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की चौपारण प्रखंड इकाई की बैठक, एम्बुलेंस सेवा शुरू करने पर जोर



**बरही** : राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की चौपारण प्रखंड इकाई की बैठक बॉम्बे बाजार परिसर में अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित की अध्यक्षता में हुई, संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सोनी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद बॉम्बे बाजार के चौथे तल्ले में बने प्रखंड कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार और जल्द ही जनहित में एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि कृष्णा प्रजापति ने कहा कि जिस तरह से नए जोश के साथ लोग एसोसिएशन से जुड़ रहे हैं, वह दिन दूर नहीं जब अंतिम व्यक्ति तक उसका हक दिलाने का काम टीम करेगी। उन्होंने महिला सदस्यों और युवाओं से बिना भेदभाव के सामाजिक कार्यों में जुड़ने का आह्वान किया। अनुमंडल अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने चौपारण टीम के कार्यों की सराहना करते हुए एंबुलेंस सेवा की मांग पर सहमति जताई। प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने भी आयोजन की सराहना की। प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सोनी ने कहा कि अतिथियों के आगमन से टीम का मनोबल बढ़ा है और भविष्य में टीम निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की मदद करेगी। बैठक के बाद अनुमंडल टीम के एंबुलेंस के साथ चौथी मोड़ से चतरा मोड़ तक कार मार्च निकालकर संदेश दिया गया कि जल्द ही चौपारण में नो प्रॉफिट नो लॉस पर एंबुलेंस सेवा शुरू की जाएगी। मौके पर दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन से जुड़कर सामाजिक सेवा का संकल्प लिया। मौके पर प्रदेश संयोजक भरत यादव, विधि प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुनील दत्त, प्रदेश महासचिव रामचंद्र साव, प्रदेश एडवाइजर अशोक यादव, उपाध्यक्ष गोपाल पंडित, महासचिव शिक्षा प्रकोष्ठ प्रो. मिथिलेश सिंह, कल्याण सचिव दिलीप गुप्ता, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार, जिला स्वास्थ्य सचिव जीपी कश्यप, अनुमंडल सचिव रवि वर्णवाल, महिला प्रकोष्ठ से प्रियंका कुमारी, पूनम देवी सहित प्रमोद सोनी, संदीप सिंह, दीपक सिंह, मो. जुबेर अंसारी, गौतम रजक, शेखर पांडे, डॉ. ए.क्यू. खान, विराज रविदास सहित अन्य मौजूद थे।

## हजारीबाग रत्न मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार सम्मानित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत सचिवालय में सोमवार को सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर कुमार के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें हजारीबाग रत्न सम्मान मिलने पर पंचायत की मुखिया नीलम देवी ने सिकंदर कुमार एवं उनके माता-पिता को अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।



इस अवसर पर मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सिकंदर कुमार जैसे नायाब रत्न का होना पूरे पंचायत के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सिकंदर लगातार जरूरतमंद और असहाय लोगों की मदद के लिए आगे रहते हैं। उनकी सेवा भावना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। राजस्व कर्मचारी रितलाल रजक ने कहा कि अपने चार वर्षों के सेवाकाल के दौरान उन्होंने सिकंदर कुमार के व्यवहार और सेवा भावना को करीब से देखा है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करने वाले व्यक्ति मिलना मुश्किल है। उन्होंने सिकंदर के माता-पिता के प्रति भी सम्मान व्यक्त किया। सम्मान से अभिभूत सिकंदर कुमार ने कहा कि हजारीबाग रत्न सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि पूरे पंचायतवासियों और उन सभी लोगों का सम्मान है, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया। उन्होंने सम्मान को पूरे पंचायत को समर्पित करते हुए भविष्य में भी जरूरतमंदों की सेवा जारी रखने की बात कही। समारोह में पंचायत सचिव प्रियंका प्रकाश, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप, पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, सामाजिक कार्यकर्ता वीरेंद्र यादव, बिरेन्द्र सिंह, मनोहर यादव, नागेश्वर रजक, अरविन्द शर्मा, यशवंत यादव, नागेश्वर सिंह, मनोज घोष, घनश्याम यादव, पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पंचायतकर्मी उपस्थित रहे।

## दुर्गापूजा समितियों की विशेष बैठक 07 अक्टूबर को

**बरही** : आगामी दुर्गापूजा को लेकर बरही थाना परिसर में 7 अक्टूबर, बुधवार को शाम 4 बजे बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत सभी दुगार्पूजा समितियों के सदस्यों के साथ विशेष बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में दुगार्पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने समेत अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा की जाएगी। थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनोद कुमार ने बरही थाना क्षेत्र की सभी दुगार्पूजा समितियों के सदस्यों से बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होने की अपील की है। पुलिस प्रशासन ने पूजा समितियों से बैठक में समय पर पहुंचकर आवश्यक जानकारी एवं सुझाव साझा करने का आग्रह किया है।

## आज के दौर में आधुनिकता को अपना कर कृषि की उपज को और बढ़ाया जा सकता है : बीडीओ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में सोमवार को कृषक मित्रों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसान क्रेडिट कार्ड, मिट्टी जांच, सोलर पंप, ड्रिप स्प्रिंकलर, ड्रैगन फ्रूट, लेमनग्रास तथा बटन मशरूम की खेती पर चर्चा की गई। बैठक में बीडीओ मधुश्री मिश्रा ने कहा कि कृषि किसान को समृद्ध बनाता है, आज के दौर में आधुनिकता को अपनाकर कृषि की उपज को और बढ़ाया जा सकता है, कृषि से अपने क्षेत्र को विकासशील बना सकते हैं, इससे हम मजदूरों के पलायन को रोक सकते हैं, कृषक



को सरकार के द्वारा कई सुविधाएं दी जाती है। उन्होंने कृषक मित्रों से कहा कि बाजार में मशरूम, शिमला मिर्च, ब्रोकली और स्वीट कॉर्न की मांग है। इसके उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग के पास विशेषज्ञ भी है। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में बहुत आसानी से खेती की जा सकती है। उन्होंने किसानों का ग्रुप बनाकर मेडिसिन प्लांट, दलहन और तिलहन की खेती करने पर भी जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी अभय कुमार, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक उमेश राणा, सुरेश महतो, विश्वनाथ महतो, देवंती देवी, सोहन हेंब्रम, सुरेश दास, दीपक सोनी तथा महावीर सोरेन समेत कई कृषक मित्र उपस्थित थे।

## भाजपा पश्चिमी मंडल कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग स्थित झारखंड मैरिज हॉल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रवि कुमार पांडेय ने की जबकि बैठक का संचालन महामंत्री राजेश सोनी के द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी भुवनेश्वर पटेल मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से आगामी सात अक्टूबर को हजारीबाग मे होने वाले सेवा संकल्प ज्योति यात्रा तथा संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। इस अवसर पर मंडल प्रभारी भुवनेश्वर पटेल ने सेवा संकल्प ज्योति यात्रा को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही श्री पटेल ने हजारीबाग मे होने वाले सेवा संकल्प ज्योति यात्रा को सफल बनाने का अपील करते हुए कहा कि हम सभी कार्यकर्ताओ के लिए गौरव की बात है, कि यह कार्यक्रम हमारे हजारीबाग मे आयोजित होने जा रहा है। जिसमे भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हम सब हजारीबाग वासियों के बीच लाइव आयेंगे। हम सबो को इस कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ के हिस्सा लेना है और इस कार्यक्रम को सफल बनाना है। इसके निमित्त 12 शक्ति केंद्र मे 12 प्रभारी नियुक्त किये गये। बैठक में कार्यकर्ताओं को एसआईआर से संबंधित कार्यों को गंभीरता से लेते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने तथा आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही गई। इस दौरान मंडल के विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एसआईआर अभियान को लेकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत की।

## नये सत्र के प्रशिक्षुओं का भव्य स्वागत, ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम के नए सत्र के प्रशिक्षुओं के स्वागत के लिए भव्य स्वागत समारोह सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण, पाठ्यक्रम, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया, अनुशासन, गतिविधियों एवं भावी शिक्षक के रूप में उनकी जिम्मेदारियों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय परिवार की ओर से नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत संदेश के माध्यम से अभिनंदन किया गया। ओरिएंटेशन कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षुओं को बीएड पाठ्यक्रम की





संरचना, विभिन्न विषयों, प्रायोगिक कार्य, माइक्रो-टीचिंग, अभ्यास शिक्षण, आंतरिक मूल्यांकन, उपस्थिति, अनुशासन तथा महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षुओं को यह भी बताया गया कि शिक्षक केवल ज्ञान प्रदान करने वाला व्यक्ति नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मार्गदर्शक होता है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुवेर्दी ने नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बीएड केवल एक डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि एक उत्कृष्ट शिक्षक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण यात्रा है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से नियमित अध्ययन, अनुशासन, समयबद्धता, तकनीकी दक्षता, मानवीय संवेदना एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं को बीएड प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षुओं ने भी अपने अनुभव एवं अपेक्षाएं साझा करते हुए महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। पूरे आयोजन में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं की सक्रिय सहभागिता रही। वातावरण उत्साह, उमंग एवं सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा।

## वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी में पांच छात्राओं ने लहराया परचम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारू** : दारू प्रखंड स्थित सरस्वती उत्क्रमित +2 हाई स्कूल में बी.एड. सत्र 2025-27 के प्रशिक्षुओं के चार सप्ताह के शिक्षण कार्य अवलोकन के तहत कक्षा 9वीं 'बी' में नागरिक शास्त्र विषय की वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में शिक्षण कार्य का अवलोकन कर रहे बी.एड. प्रशिक्षु कुमार विषेक विद्यार्थी द्वारा कराया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं 'बी' के कुल 48 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच पांच विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। श्वेता कुमारी और आलिया खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सिद्दीका आयशा, जेबुन निशा और किरण कुमारी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली श्वेता कुमारी और आलिया खातून ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में भाग लेने से पढ़ाई के साथ-साथ अपने ज्ञान को परखने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि प्रश्नोत्तरी के



दौरान कई ऐसे प्रश्नों पर सोचने का मौका मिला, जिससे विषय को और बेहतर ढंग से समझने में मदद मिली। वहीं सिद्दीका आयशा, जेबुन निशा और किरण कुमारी ने कहा कि प्रतियोगिता से उनमें पढ़ाई के प्रति उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है। छात्राओं ने बताया कि इससे पहले विद्यालय में अवलोकन के लिए आए प्रशिक्षुओं द्वारा इस तरह की कोई प्रतियोगिता आयोजित नहीं की गई थी। उन्होंने कहा कि पहली बार आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में भाग लेकर उन्हें काफी अच्छा लगा और भविष्य में भी ऐसी प्रतियोगिताएं होती रहनी चाहिए। आयोजनकर्ता बी.एड. प्रशिक्षु कुमार विषेक विद्यार्थी ने कहा कि वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के ज्ञान को परखने के साथ-साथ उनमें तर्क-वितर्क करने की क्षमता, स्मरण शक्ति और विषय के प्रति रुचि विकसित करना है।

## उन्नत कृषि प्रशिक्षण एवं नि:शुल्क मटर बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही** : बाएफ द्वारा केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड (CCL) के सहयोग से समेकित सामुदायिक विकास परियोजना (कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व)-उत्थान के अंतर्गत किसानों की आय वृद्धि एवं उन्नत कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक दिवसीय उन्नत कृषि प्रशिक्षण एवं नि:शुल्क मटर बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन बाएफ क्लस्टर कार्यालय चरही में किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य परियोजना क्षेत्र के ग्रामीण परिवारों को उन्नत एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, अतिरिक्त आय के अवसर उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना तथा उनकी आर्थिक स्थिति को



सुदृढ़ बनाना है। इस अवसर पर परियोजना क्षेत्र से चयनित 100 लाभार्थी परिवारों को उन्नत कृषि हेतु कुल 100 किलोग्राम मटर बीज का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस पहल से किसानों को बेहतर कृषि उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने तथा भविष्य में अपनी आय में वृद्धि कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित किसानों को मटर की उन्नत खेती, बीज की बुवाई, खेत की तैयारी, उचित दूरी, खाद एवं उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई, कीट एवं रोग प्रबंधन तथा बेहतर उत्पादन प्राप्त करने की वैज्ञानिक तकनीकों के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड के सामाजिक उत्तरदायित्व अधिकारी शैलेश कुमार, बाएफ परियोजना प्रबंधक राजीव कुमार, परियोजना प्रभारी आलोक कुमार, बाएफ अभियंता पवन कुमार, केंद्र प्रभारी बबलू कुमार, सी.आर.पी. समीना, वासीमा, वीणा, कुसुम एवं मोनिका देवी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, लाभार्थी किसान एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## केरेडारी में कांग्रेस की सदस्यता अभियान में शामिल हुए दर्जनों लोग

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा 5 अक्टूबर को केरेडारी पंचायत भवन में सदस्यता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता ने किया जबकि संचालन इंटक प्रखंड अध्यक्ष जागेश्वर साव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए एम एमडीआर बिल के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदस्यता अभियान के माध्यम से अपनी जड़ को लगातार मजबूत कर रही है।

## सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा बरही पश्चिमी व पूर्वी मंडल की बैठक

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरही** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सेवा, समर्पण के 25 वर्ष' पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत आगामी 7 अक्टूबर को प्रस्तावित 'सेवा ज्योति यात्रा' की तैयारियों को लेकर सोमवार को भाजपा बरही पश्चिमी एवं पूर्वी मंडल की बैठक बरही विधायक आवास में हुई। बैठक की अध्यक्षता बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने की, जबकि संचालन बरही पूर्वी मंडल अध्यक्ष विजय यादव ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक किशुन दास एवं भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित रहे। बैठक में नेताओं ने कार्यकताओं के साथ यात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की और कार्यक्रम को सफल एवं



भव्य बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए कार्यकर्ताओं को अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान तेज करने और आमजनों को यात्रा से जोड़ने का आह्वान किया गया। किशुन दास ने कहा कि सेवा भाजपा की कार्यसंस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। सेवा, समर्पण एवं राष्ट्रहित की भावना से आयोजित यह अभियान समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ तैयारियों में जुटने की अपील की। बैठक में बताया गया कि 7 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में आयोजित सेवा ज्योति यात्रा में हजारों लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सभी मंडलों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। बरही पश्चिमी एवं पूर्वी मंडल भी अपनी प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अमित साव, भाजपा नेता अर्जुन साव, सांसद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भगवान केसरी, रंजीत चंद्रवंशी, मोतीलाल चौधरी, जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि राजन यादव, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, डिलो पासवान, मंडल महामंत्री सागर चंद्रवंशी, बिनोद यादव, कांति देवी, रंजीत यादव, ज्योति यादव, केदार यादव, मुकेश यादव, उपेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ड्रोन सर्विलांस के बाद CISF-CCL की संयुक्त कार्रवाई, इंद्रा ग्राम से 129.730 टन अवैध कोयला जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चरही/हजारीबाग** : अवैध कोयला खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत CISF CCL NK & Piparwar एवं CCL चरही की संयुक्त टीम ने रविवार को इंद्रा ग्राम, तापस उउछ चरही परियोजना क्षेत्र में व्यापक छापेमारी एवं तलाशी अभियान चलाकर 129.730 टन अवैध रूप से भंडारित कोयला जब्त किया। बरामद कोयले का अनुमानित मूल्य 3,13,687.14 है, जिसकी गणना 2,418 प्रति टन की दर से की गई है। यह कार्रवाई अमित कुमार, कमांडेंट, CISF NK & Piparwar के निर्देश पर गठित टीम द्वारा की गई। टीम ने 04 अक्टूबर को लगभग 10:30 बजे से 14:00 बजे तक इंद्रा ग्राम एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं तलाशी अभियान चलाया। अभियान के दौरान इंद्रा ग्राम में अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से कोयला एकत्रित कर भंडारित किए जाने की जानकारी मिली। चिन्हित स्थलों पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने कुल 129.730 टन कोयला जब्त किया। कार्रवाई से पूर्व क्षेत्र में ड्रोन के माध्यम से सर्विलांस किया गया था। ड्रोन निगरानी के दौरान संदिग्ध स्थलों को चिन्हित एवं मार्क किया गया। इसके बाद CISF एवं CCL



की संयुक्त टीम ने चिन्हित स्थानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया, जहां बड़ी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित कोयला पाया गया। बरामद कोयले को तापिन वेट ब्रिज पर ले जाकर वजन कराया गया तथा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद CCL Charhi, हजारीबाग को सुपुर्द किया गया। बरामद कोयले के संबंध में MMDR Act, 1957 के प्रावधानों एवं अन्य नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान उप कमांडेंट दिनेश कुमार तथा कल्याणी प्रसाद, महाप्रबंधक, CCL Charhi लगातार घटनास्थल पर मौजूद रहे और अभियान के दौरान आवश्यक समन्वय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया। इस संयुक्त अभियान में उप कमांडेंट दिनेश कुमार, सहायक कमांडेंट हर्ष लावण्या, आर.एन. सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर, चरही, एम.के. सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर, 41 नंबर, इंस्पेक्टर संतोष बिन्हा, CCL AREA Security incharge डॉ रंजीत कुमार बिमल, CCL Security, SI/Exe अनिल कुमार राय, रक राजेश कुमार, Crime Intelligence Wing (CIW) एवं अन्य CISF बल सदस्य शामिल रहे। अभियान के दौरान आर.एन. सिंह, प्रोजेक्ट ऑफिसर, तापिन साउथ द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश एवं समन्वय प्रदान किया गया। वहीं कल्याणी प्रसाद, महाप्रबंधक, CCL Charhi, हजारीबाग द्वारा भी अभियान में आवश्यक सहयोग एवं समन्वय किया गया। अमित कुमार, कमांडेंट, CISF NK & Piparwar ने कहा कि CISF कोयले की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अवैध कोयला खनन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

## पदमा ओपी क्षेत्र में चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार



**पदमा** : पदमा ओपी क्षेत्र में चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 4 अक्टूबर 2026 को मेराज अंसारी की गैराज दुकान से 5 जैक और नट-बोल्ट खोलने वाली एक प्रेशर मशीन चोरी होने की शिकायत मिली थी। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सुजी गांव निवासी 19 वर्षीय आर्यन राज उर्फ आर्यन कुमार मेहता को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके घर से चोरी के 3 जैक और एक प्रेशर मशीन बरामद की गई। वहीं, आरोपी विक्रम कुमार मेहता के घर से 2 जैक, पहले चोरी की गई एक स्कूटी और घटना में इस्तेमाल गलेमर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, मामले में पदमा ओपी कांड संख्या 350/2026 दर्ज कर गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। कार्रवाई टीम का नेतृत्व पदमा ओपी प्रभारी श्रवण कुमार ने किया। टीम में राजेश कुमार हजारा, संदीप कुमार, एएसआई राम महतो सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## एक झलक

### सितम्बर में 534 लम्बित मामलों में चार्जशीट, अनुसंधान में तेजी से न्यायिक प्रक्रिया को मिली रफ्तार

**धनबाद :** लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर धनबाद पुलिस की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान का असर दिखने लगा है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में सितंबर माह में पुलिस ने 534 मामलों में चार्जशीट एवं अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित कराया। इससे इन मामलों के न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ने का रास्ता साफ हुआ है। लंबित कांडों की स्थिति की थाना स्तर पर लगातार समीक्षा और निगरानी की जा रही है। अनुसंधान पूरा होने के बावजूद जिन मामलों में कागजी प्रक्रिया या अन्य कारणों से न्यायालय में प्रतिवेदन लंबित था, उन्हें चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन कराया गया। इस अभियान में अभियोजन कोषांग की भूमिका भी अहम रही। कोषांग ने थाना प्रभारियों और अनुसंधानकर्ताओं के साथ समन्वय कर लंबित मामलों की समीक्षा की और आवश्यक दस्तावेज पूरे कराकर चार्जशीट अथवा अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में दाखिल कराया। एसएसपी प्रभात कुमार ने गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान के साथ समयबद्ध तरीके से न्यायालय में प्रतिवेदन समर्पित करने पर जोर दिया है। पुलिस का लक्ष्य अब शेष लंबित कांडों की भी प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन कराना है।

### थाने से चंद कदम दूर डेयरी दुकान में चोरी

**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास थाना से महज चंद कदम की दूरी पर पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित सुरेश वासन की सुधा डेयरी फार्म दुकान में रविवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर करकट की सीट तोड़कर दुकान में दाखिल हुए और गल्ले में रखे करीब आठ हजार रुपये नकद व सिक्कों के अलावा लगभग 15 लीटर दूध, दही समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे संचालक ने करकट की सीट क्षतिग्रस्त और गल्ला टूटा देखा। दुकान के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद उन्होंने चोरी की जानकारी कतरास पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि चोरों की पहचान की जा सके। थाना के बेहद करीब हुई चोरी की घटना से स्थानीय दुकानदारों में पुलिस गश्ती को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दुकानदारों ने रात के समय गश्त बढ़ाने और बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### गम्भीर बीमारी से जूझ रहे परिवार को हरिओम सेवा संस्था ने दी राशन किट

**धनबाद/बलियापुर :** संकट के दौर में जरूरतमंद परिवार की मदद कर हरिओम सेवा संस्था ने मानवता की मिसाल पेश की। संस्था की ओर से गंभीर बीमारी से ग्रसित एक परिवार को दैनिक जरूरत की खाद्य सामग्री से भरी राशन किट उपलब्ध कराई गई। किट में चावल, आटा, दाल, नमक, तेल, साबुन, सर्फ, बिस्किट, सत्तू और चूड़ा समेत अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी। संस्था के सदस्यों ने कहा कि बीमारी और आर्थिक संकट से जूझ रहे परिवार के लिए छोटी-सी मदद भी बड़ी राहत बन सकती है। जरूरतमंदों की सहायता करना ही सच्ची मानव सेवा है। संस्था आगे भी ऐसे परिवारों तक मदद पहुंचाने का प्रयास जारी रखेगी। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक विनोद सिंह, अध्यक्ष डॉ. स्वरूप चौधरी, विधायक प्रतिनिधि शीतल दत्ता, सदस्य प्रेमांशु पाल, प्रभाष पाल, सूर्य गोपाल भट्टाचार्य, सलाहकार डॉ. राजेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार प्रसून दास गुप्ता, हारु बाउरी, शंकर दास, आमोद बाउरी, विश्वजीत चक्रवर्ती, साजिद हुसैन, अमित बनर्जी, रंजीत महतो, कृष्णा दान, विजय रजक, दिलीप चौहान, रंजन प्रमाणिक, मुकेश महतो, अनिल, रंजीत, चंदन राजा, बनवारी और विजय मौजूद थे।

### सड़क हादसे में घायल सिन्दरी के व्यवसायी की दुर्गापुर में मौत

**सिन्दरी (धनबाद) :** शहरपुरा शिव मंदिर के समीप शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सिंदरी के टायर-ट्यूब व्यवसायी मो. नसीरुद्दीन (लगभग 55 वर्ष) की सोमवार सुबह दुर्गापुर के सिटीजन अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही सिंदरी के कोऑपरेटिव मोड़ के दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर शोक जताया। मृतक के पुत्र राशिद अली ने बताया कि शुक्रवार को मो. नसीरुद्दीन नमाज अदा करने के लिए बाइक से घर से निकले थे। सिंदरी गुरुद्वारा के पास अचानक बाइक फिसल जाने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें तत्काल सिंदरी और धनबाद में इलाज कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया था। दुर्गापुर के सिटीजन अस्पताल में तीन दिनों तक इलाज चलने के बाद सोमवार सुबह करीब आठ बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके निधन से परिवार में मातम पसर गया। मो. नसीरुद्दीन अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्र और दो पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। पुत्र राशिद ने बताया कि मंगलवार को सिंदरी में उनका मिट्टी मंजिल किया जायेगा।

# दुर्गापूजा में सुरक्षा से समझौता नहीं, पुलिस ने समितियों को दिये सख्त निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को लेकर धनबाद पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसएसपी प्रभात कुमार ने जिले की सभी पूजा समितियों को सुरक्षा और अग्निशमन व्यवस्था से जुड़े विस्तृत निर्देश जारी किये हैं। स्पष्ट किया गया है कि पंडालों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने पंडाल निर्माण में नायलॉन, सिंथेटिक या अन्य ज्वलनशील सामग्री के इस्तेमाल पर रोक लगाई है। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग तथा महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाना अनिवार्य किया गया है। समितियों को पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर तैनात करने होंगे। वॉलंटियर पहचान-पत्र और



निर्धारित पोशाक में रहेंगे तथा उनकी सूची मोबाइल नंबर के साथ संबंधित थाने को उपलब्ध करानी होगी। सभी छोटे-बड़े पंडालों में सीसीटीवी कैमरे और एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। आवश्यकता के अनुसार ड्रोन से भी निगरानी होगी। बिजली आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर या इन्वर्टर की वैकल्पिक व्यवस्था रखने को कहा गया है। हर पंडाल में प्राथमिक उपचार पेटी, पर्याप्त अग्निशामक यंत्र और आग बुझाने की सामग्री रखना अनिवार्य होगा। अग्निशामक यंत्रों की वैधता भी जांची जाएगी। हवनकुंड, दीपक और बिजली के तारों से आग लगने की आशंका को देखते हुए विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है।

पंडाल और मेला स्थल से दूर पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने तथा मुख्य सड़क से पंडाल तक पहुंचने वाले मार्गों की मरम्मत के लिए नगर निगम, पथ निर्माण विभाग और रेलवे समेत संबंधित विभागों से समन्वय करने को कहा गया है।

**तीन विभागों से प्रमाण-पत्र जरूरी**

**पूजा** समितियों को अग्निशमन विभाग से अग्नि सुरक्षा, पथ निर्माण विभाग से पंडाल की मजबूती और बिजली विभाग से वायरिंग व विद्युत कनेक्शन की सुरक्षा संबंधी प्रमाण-पत्र लेना अनिवार्य होगा। पंडाल के पास नियंत्रण कक्ष, डायल-112, स्थानीय थाना और संबंधित पुलिस पदाधिकारियों के संपर्क नंबर भी प्रमुखता से प्रदर्शित करने होंगे।

**बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष जोर**

**पुलिस** ने लोगों से पूजा के दौरान निजी वाहनों का कम इस्तेमाल करने और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है। अभिभावकों से बच्चों की जेब में नाम, पता और मोबाइल नंबर लिखी पर्ची रखने को कहा गया है। कीमती सामान व अधिक आभूषणों से बचने तथा किसी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई है। संदिग्ध वस्तु को छूने से पूरी तरह बचने की सलाह दी गई है।

## दुर्गापूजा को लेकर सिन्दरी थाना में शांति समिति की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

**सिन्दरी (धनबाद):** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को सिंदरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी राजेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा,



यातायात व्यवस्था और विसर्जन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी ने पूजा समितियों से पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था करने तथा महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास लाइन बनाने को कहा। पंडालों में अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने का भी निर्देश दिया गया। उन्होंने पूजा के दौरान बिजली, रोशनी और सड़क व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर भी सुझाव दिये। विसर्जन के दौरान डीजे साउंड पर पूरी तरह रोक रहने की बात कही गई। थाना प्रभारी ने पूजा समितियों से प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की। बैठक में एसआई प्रभु धान कुजूर, एसआई शैलेश कुमार, दिनेश सिंह, महेंद्र पांडेय, विजय सिंह, अजय कुमार, विदेशी सिंह, मनोज मिश्रा, सुषमा श्रीवास्तव, पवन शर्मा, प्रशांत दुबे, पवन ओझा, गणेश महतो और नीरज सिंह समेत शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।

### कोक से आगे बढ़ेगा धनबाद का निर्यात, नये उत्पादों पर जोर

# चिरकुंडा की पांच फैक्ट्रियां नेपाल, भूटान से लेकर अफ्रीका व खाड़ी देशों तक कर रहीं निर्यात

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद की पहचान अब सिर्फ हार्ड-कोकिंग कोल के निर्यात तक सीमित नहीं रहेगी। जिले के इंजीनियरिंग उत्पाद, कास्टिंग, फर्नेस लाइनिंग, विनिर्माण उपकरण के साथ कृषि और बागवानी उत्पादों को भी अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने की तैयारी तेज कर दी गई है। सोमवार को समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में ह्यडिस्ट्रिक्ट्स एज एक्सपोर्ट हब्सह्न के तहत जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति की समीक्षा बैठक में इस पर विस्तार से मंथन हुआ। बैठक में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के निर्यात आंकड़ों की पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि से तुलना करते हुए जिला निर्यात कार्ययोजना की प्रगति की समीक्षा



की गई। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि हार्ड कोक के अलावा इंजीनियरिंग गुड्स, कास्टिंग, फर्नेस लाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग उपकरणों के निर्यात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय टमाटर और मौसमी कृषि उपज को भी विदेशों तक पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। बैठक में बताया गया कि चिरकुंडा की पांच फैक्ट्रियां नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, अफ्रीका, कुवैत और ओमान समेत अन्य देशों में अपने उत्पादों का निर्यात कर रही हैं। नए सूक्ष्म व लघु निर्यातकों को जोखिम प्रबंधन, ऋण, तकनीकी उन्नयन और आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। एमएसएमई इकाइयों को ओएनडीसी, अमेजन, डीएचएल और शिपरॉकेट जैसे मंचों से जोड़कर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने की योजना भी बनाई गई। डाक नेटवर्क के जरिए छोटे और ई-कॉमर्स निर्यातकों को बेहतर लॉजिस्टिक्स सुविधा देने पर जोर रहा। डीडीसी ने सभी विभागों और सहयोगी संस्थाओं को समन्वय से काम कर स्थानीय उत्पादों व उद्यमियों के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार के नए अवसर तैयार करने का निर्देश दिया।

## नीतीश कुमार से मिले जदयू जिलाध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह



**धनबाद :** जदयू धनबाद के जिलाध्यक्ष सह नीतीश विचार मंच, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष पिंटू कुमार सिंह ने सोमवार को पटना स्थित सात सर्कुलर रोड आवास पर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान पिंटू कुमार सिंह ने नीतीश कुमार को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। दोनों के बीच संगठन और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। नीतीश कुमार ने पिंटू कुमार सिंह को ऊर्जावान बताते हुए राजनीति के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना करते हुए दिन दूनी रात चौगुनी तरक्की का आशीर्वाद दिया।

### डीएवी कोयला नगर में छात्र परिषद का अधिष्ठापन

# विद्यार्थियों ने सम्भाली नेतृत्व की कमान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के जूनियर विंग में विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद का अधिष्ठापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत तिलक एवं स्वागत गान से हुई। मुख्य अतिथि धनबाद नगर पुलिस अधीक्षक ऋत्विक श्रीवास्तव का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को बैज प्रदान कर उनके दायित्वों की शुरूआत कराई। सत्र 2026-27 के लिए ऋत्विक कुमार को मुख्य छात्र और



मून सरकार को मुख्य छात्रा चुना गया। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला और वल्लभी सदन के लिए कप्तान व उपकप्तान का भी चयन किया गया। कक्षा तीन से पांच तक राजवीर सिंह, मानवी सिंह, अयान गोस्वामी, सांवी पांडे, प्रशांत कुमार गर्ग और अदिति अवासा ने कक्षा समन्वयक की जिम्मेदारी संभाली।

प्राचार्या डी. बैनर्जी ने छात्र पदाधिकारियों को विद्यालय के अनुशासन और मूल्यों का पालन करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद पाना नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाते हुए दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करना है। जूनियर विंग प्रभारी पापिया चैटर्जी ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

मुख्य अतिथि ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा, नेतृत्व पद पाने का नहीं, जिम्मेदारी निभाने का नाम है। समारोह के दौरान विद्यार्थियों में उत्साह और आत्मविश्वास देखने को मिला।

## 07 को धनबाद में इंडिया गठबंधन का विरोध मार्च, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इंडिया गठबंधन की ओर से 07 अक्टूबर को धनबाद में जिला स्तरीय विरोध मार्च निकाला जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में गठबंधन के घटक दलों की बैठक हुई। अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन योगेंद्र सिंह योगी ने किया। बैठक में मार्च को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। संतोष कुमार सिंह ने कहा कि मताधिकार की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम उचित प्रक्रिया के बिना प्रभावित होना गंभीर विषय है। चुनाव आयोग को विपक्षी दलों और मतदाताओं की शिकायतों पर गंभीरता से विचार कर निष्पक्ष समाधान करना चाहिए। उन्होंने बताया कि 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत जिला स्तरीय मार्च के बाद जिले के सभी प्रखंडों और नगर क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मार्च गांधी सेवा सदन से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर चौक पहुंचेगा, जहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, मनोज कुमार यादव, मुख्तार खान, अशोक प्रकाश लाल, राजेश राम, अख्तर खान गुड्डू, लक्ष्मण तिवारी, मंटु दास समेत गठबंधन के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## यातायात नियम तोड़नेवालों पर शिकंजा, 30 वाहन जब्त

**धनबाद :** एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सोमवार को जिले के विभिन्न इलाकों में यातायात पुलिस ने व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया। प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा के नेतृत्व में चले अभियान में नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। मौके पर ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव समेत पुलिस पदाधिकारी व जवान मौजूद रहे। जांच के दौरान पुलिस ने 30 वाहनों को जब्त किया। बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने वाले छह चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने, जरूरी कागजात नहीं रखने, गलत दिशा में वाहन चलाने समेत अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी जुमार्ना लगाया गया। पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने वाले ऑटो और टोटो चालकों को विशेष रूप से निशाने पर लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से किसी तरह का समझौता नहीं किया जायेगा। अभियान के दौरान विभिन्न वाहनों पर करीब पांच लाख रुपये का चालान किया गया।

# राज्य स्तरीय पैरा तैराकी में धनबाद का जलवा, तीन स्वर्ण समेत चार पदक



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** रांची के खेलगांव में 4 अक्टूबर को आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय पैरा तैराकी चैंपियनशिप 2026-27 में धनबाद के दिव्यांग खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। सिनीडीह निवासी सुनील कुमार वर्मा ने एस-9 वर्ग के 50 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं तेतुलिया के कोकिल महतो ने एस-10 वर्ग के 50 मीटर फ्रीस्टाइल में बाजी मारते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बांसकापुरिया की चंपा कुमारी ने एस-5 वर्ग के 50 मीटर फ्रीस्टाइल में प्रथम स्थान प्राप्त कर तीसरा स्वर्ण दिलाया। इसी वर्ग में बांसकापुरिया के रमेश महतो ने एस-10 के 50 मीटर फ्रीस्टाइल में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक जीता। खिलाड़ियों की सफलता से परिवार और जिले में खुशी का माहौल है। घर लौटने पर कतरास रेलवे स्टेशन पर दिव्यांग शक्ति फाउंडेशन ट्रस्ट के सचिव गोवर्धन रजक, राष्ट्रीय खिलाड़ी अजय कुमार पासवान, समाजसेवी सुरेश यादव और शिक्षक प्रवीण गुप्ता ने माला पहनाकर खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## कोच्चि में धनबाद-झरिया के दीपक ने जीता स्वर्ण

**झरिया (धनबाद) :** कोच्चि में आयोजित 10वीं राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियनशिप में धनबाद-झरिया के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झारखंड को चार पदक दिलाए। प्रतियोगिता में देशभर से करीब एक हजार खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ओपन पुरुष एकल वर्ग में दीपक पासवान ने बिहार के राजीव कुमार को 21-16 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तीन वर्षों की कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास के बाद मिली इस सफलता से धनबाद का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ। ओपन पुरुष युगल में दीपक पासवान और सोनू विश्वकर्मा ने रजत, अंडर-18 बालक युगल में आदित्य प्रजापति व जिगर विश्वकर्मा ने रजत तथा अंडर-14 बालक युगल में रिबुल खान व सत्यम ने कांस्य पदक जीता। झारखंड के सभी चार पदक धनबाद-झरिया के खिलाड़ियों के खाते में आए। दीपक ने सफलता का श्रेय झारखंड पिकलबॉल के पदाधिकारियों प्रभात कुमार, बी. सुधीर, गौरव कुमार और एआईपीए के अरविंद प्रभु व निखिल माथुर को दिया। उपाध्यक्ष बी. सुधीर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# वेतन समझौता-12 के गठन में देरी पर भड़का कोयला श्रमिकों का आक्रोश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद :** राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता-12 के गठन में हो रही देरी को लेकर कोयला श्रमिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। सोमवार को धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ (भामसंघ) की बैठक में भारतीय मजदूर संघ के कोल उद्योग प्रभारी सह स्थायी सुरक्षा समिति सदस्य के. लक्ष्मा रेड्डी ने कोल इंडिया प्रबंधन पर वेतन समझौते को लेकर गंभीरता नहीं दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लेबर कोड की आड़ में वेतन समझौते की प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। इससे कोयला कर्मियों में असमंजस और आक्रोश की



स्थिति है। उन्होंने कहा कि छह और सात अक्टूबर को रानीगंज में अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ की बैठक होगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। इसके बाद भी प्रबंधन ने सकारात्मक पहल नहीं की तो संघ सीधे आंदोलनात्मक कार्रवाई करने को बाध्य होगा। रेड्डी ने कोयला कर्मियों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि श्रमिकों को अपने अधिकारों के साथ कंपनी के हितों की भी चिंता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन और चट्टानी एकता के माध्यम से ही प्रबंधन पर दबाव बनाया जा सकता है। बैठक की अध्यक्षता संघ अध्यक्ष मुरारी तांती ने की, जबकि संचालन महामंत्री उमेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर केके सिंह, धर्मजीत चौधरी, ओम कुमार सिंह समेत संघ के पदाधिकारी और बीसीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक की शुरूआत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा और दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

## गांव तक पहुंचा बाल संरक्षण अभियान, बाल विवाह-तस्करी के खिलाफ ग्रामीण एकजुट

**धनबाद :** गोविंदपुर, बाघमारा और तोपचांची प्रखंड के दर्जनों गांवों में बाल संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता बैठकें आयोजित की जा रही हैं। झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की ओर से आयोजित बैठकों में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भागीदारी रही। बैठकों में बाल विवाह, बाल तस्करी, बाल मजदूरी और बाल यौन हिंसा की रोकथाम पर चर्चा की गई। ग्रामीणों से ऐसे मामलों की जानकारी मिलने पर तत्काल हस्तक्षेप और प्रशासन को सूचना देने की अपील की गई। साथ ही जोखिम में रहने वाले बच्चों की पहचान कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों को चिह्नित कर दोबारा शिक्षा से जोड़ने तथा जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की जानकारी दी गई। समिति सदस्यों से गांवों में बाल संरक्षण मामलों की नियमित निगरानी करने को कहा गया। अभियान में दीपा रवानी, आशा महतो, पूजा कुमारी और लक्ष्मी कुमारी सहित टीम के सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया। अभियान का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी से बच्चों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार करना है।



# रामकनाली में 25वां शहादत दिवस, अमर शहीदों को नम आंखों से किया नमन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**धनबाद/निरसा :** रामकनाली स्थित शहीद स्थल पर सोमवार को अमर शहीद सुशांत सेनगुप्ता, डी.डी. पाल और संजय सेनगुप्ता का 25वां शहादत दिवस श्रद्धा और नम आंखों के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहीद स्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी। विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम की आयोजक एवं निरसा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाता। उनके संघर्ष और आदर्श समाज तथा जनहित के लिए काम करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि शहादत दिवस महज एक तारीख नहीं, बल्कि वीर सपूतों के प्रति



सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक चले कार्यक्रम में धनबाद ग्रामीण व नगर जिला के अध्यक्ष, विभिन्न मंच-मोर्चा के पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि और बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सभी ने शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम को लेकर निरसा थाना की ओर से सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस की मौजूदगी में कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

# बिजली-पानी की किल्लत से बेहाल बेलगड़िया के विस्थापित, जर्जर मकानों ने बढ़ायी चिन्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**बाघमारा (धनबाद) :** झरिया के अग्नि एवं भू-धंसान प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित कर बेलगड़िया टाउनशिप में बसाए गए परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। सोमवार को पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बेलगड़िया पहुंचकर विस्थापित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों ने बिजली-पानी की गंभीर समस्या के साथ जर्जर मकानों की स्थिति से भी उन्हें अवगत कराया।

विस्थापितों ने बताया कि सुरक्षित और बेहतर जीवन का भरोसा देकर उन्हें यहां बसाया गया था, लेकिन लंबे समय बाद भी मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो सकी हैं। कई आवासों के दरवाजे और अन्य ढांचागत हिस्से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। वहीं बिजली-



पानी की समस्या ने रोजमर्रा की जिंदगी मुश्किल कर दी है।

मौके पर विजय कुमार झा ने संबंधित अधिकारी से बात की। अधिकारी ने बताया कि ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बिजली और पानी की समस्या उत्पन्न हुई है। इस पर झा ने कहा कि लोगों को एक जगह से दूसरी जगह भेज देना पुनर्वास नहीं है। पुनर्वास तभी सार्थक होगा, जब विस्थापितों को सम्मानजनक जीवन के लिए जरूरी सुविधाएं मिलें। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को कम से कम 15 दिनों तक बेलगड़िया में रहकर वास्तविक स्थिति समझनी चाहिए। बिजली-पानी और आवास की समस्याओं का स्थायी समाधान सरकार व संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। मौके पर वार्ड-2 के पार्षद मोहम्मद शहाबुद्दीन, समाजसेवी गौतम मंडल, बंटी दत्ता समेत करीब 50 स्थानीय लोग मौजूद थे।

## 12 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा-माले का एमपीएल पर हल्लाबोल, कामकाज ठप



**धनबाद/निरसा :** 12 सूत्री मांगों को लेकर भाकपा-माले ने सोमवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में मैथन पावर लिमिटेड प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सुबह से ही सैकड़ों कार्यकताओं ने कंपनी के सभी प्रवेश द्वारों पर झंडा लगाकर अनिश्चितकालीन बंदी शुरू कर दी। इससे कंपनी का कामकाज और वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। आंदोलनकारियों ने प्रबंधन पर मजदूरों और स्थानीय लोगों की मांगों की लगातार अनदेखी करने का आरोप लगाया। कार्यकताओं का कहना है कि कई बार समस्याओं के समाधान की मांग उठाई गई, लेकिन प्रबंधन की ओर से ठोस पहल नहीं की गई। इससे नाराज होकर पार्टी ने आर-पार की लड़ाई का निर्णय लिया है। बंदी के दौरान कार्यकर्ताओं ने गेटों पर जमकर नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ आक्रोश जताया। विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि मजदूरों और स्थानीय लोगों के अधिकारों से समझौता नहीं किया जायेगा। 12 सूत्री मांगों पर सकारात्मक पहल होने तक आंदोलन अनिश्चितकालीन जारी रहेगा। आंदोलन को लेकर कंपनी परिसर के बाहर दिनभर गहमागहमी बनी रही। विधायक ने प्रबंधन से तत्काल वार्ता कर मांगों के समाधान की दिशा में पहल करने की मांग की।

## सीएचसी में रेडियोलॉजी-पैथोलॉजी सेवा की मांग को लेकर सत्याग्रह

**बाघमारा (धनबाद) :** बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रेडियोलॉजी, एक्स-रे और पैथोलॉजी जांच जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार को



संपूर्ण जनजागृति ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले हरिणा चौक पर एकदिवसीय सत्याग्रह कर ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग उठाई। सत्याग्रह के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता जगत महतो ने सांसद सीपी चौधरी और विधायक शत्रुघ्न महतो से दूरभाष पर बातचीत कर सीएचसी की समस्याओं से अवगत कराया। इसके बाद विधायक ने हरिणा स्थित अपने आवासीय कार्यालय में सत्याग्रहियों से मुलाकात की। उन्होंने सिविल सर्जन से बात कर सीएचसी में जल्द रेडियोलॉजी, एक्स-रे और पैथोलॉजी जांच की सुविधा शुरू कराने का आश्वासन दिया। संगठन के नेतृत्वकर्ता विक्की साव ने कहा कि जांच सुविधाओं के अभाव में गरीब मरीजों को निजी केंद्रों और दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। 9 अक्टूबर को उपायुक्त और बरोरा महाप्रबंधक का पुतला दहन कर विरोध जताने की घोषणा की गई।

## सम्पादकीय.....

# रंग ला रहा विपक्ष का दबाव

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर केन्द्र में भाजपा के नेतृत्ववाली राजग सरकार और देश के मुख्य चुनाव आयुक्त को ताकीद की है कि चुनावों में हुई धांधली बख्शी नहीं जायेगी। इस संदर्भ पर वह भाजपा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार को लेकर लगातार मुखर हैं। उन्होंने जोर देकर कहा...'भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करनेवालों को दंडित किया जायेगा; चाहे वे कितने भी बड़े पद पर क्यों न हों। भारत के लोकतंत्र से बड़ा कोई नहीं है।' 30 सितम्बर को इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद प्रेस को सम्बोधित करते हुए राहुल गांधी ने ये बातें कहीं। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार की बनायी व्यवस्था अब दरकने लगी है। सरकार के भीतर से ही जानकारियां बाहर आ रही हैं। पिछले दिनों 'द इंडियन एक्सप्रेस' ने चुनाव आयोग के भीतर ज्ञानेश कुमार के निर्णयों से असहमति का सनसनीखेज खुलासा किया था। इसके बाद से देशभर में विपक्ष ने चुनाव आयोग और मोदी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने तो देश के तमाम राज्यों में विरोध-प्रदर्शन किये। जब यह तय हुआ कि 30 सितम्बर को इंडिया गठबंधन की बैठक होनेवाली है, तो भाजपा और राजग सरकार में शामिल नेता 'चुनाव चोरी' को नकारते हुए ज्ञानेश कुमार के पक्ष में दलीलें देने लगे। यहां तक कि दिल्ली में राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे नेताओं पर चुनाव में हार पर तंज कसते हुए बैनर-पोस्टर भी लगा दिये गये। इससे पूर्व 08 जून को भी इंडिया गठबंधन की एक बैठक हुई थी, तब बंगाल चुनाव में धांधली का मामला ताजा था। तब भी राहुल गांधी के खिलाफ ऐसे ही पोस्टर लगाये गये थे। उस बैठक में राहुल गांधी ने प्रतिरोध की राजनीति करने का आह्वान विपक्ष से किया था। विपक्ष के शेष दल तो खैर अपने एजेंडे और सुविधाओं के हिसाब से ही राहुल गांधी की बात पर आगे बढ़ते हैं, लेकिन इस देश के युवाओं ने जरूर राहुल गांधी की बात पर अमल करना शुरू किया। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के कहने पर युवा एकत्र हुए, लेकिन उसके बाद सीजेपी की खींची लकीर से आगे बढ़ते हुए अपना प्रतिरोध मोदी सरकार के खिलाफ दर्ज किया। देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग मुद्दों पर युवा जिस तरह गलत के विरोध में आन्दोलन कर रहे हैं, वह इसका उदाहरण है। इन युवाओं से एक बार फिर साथ आने का आह्वान इंडिया गठबंधन ने 30 सितम्बर की बैठक में किया है। ममता बनर्जी ने तो स्पष्ट कहा है कि ज्ञानेश कुमार तुरन्त इस्तीफा दें; वर्ना लम्बा आन्दोलन चलाया जायेगा। उन्होंने विपक्षी दलों के अलावा युवाओं, महिलाओं, एनजीओ के साथियों और पत्रकारों समेत समाज के हरेक तबके से लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में साथ आने की अपील की है। 02 अक्टूबर से इंडिया गठबंधन ने देश के हर जिले में लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाला है। यह 08 अक्टूबर तक चलेगा। 06 अक्टूबर को सभी सांसद चुनाव आयोग तक मार्च निकालेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का समय भी मांगा जायेगा। इसके अलावा पांच बड़ी रैलियां देशभर में अगले महीने होंगी और 01 नवम्बर को दिल्ली में विशाल रैली करने का निर्णय बैठक में लिया गया है। सर्वोच्च न्यायालय में लम्बित एसआईआर और चुनावी मामलों से सम्बन्धित सभी मामलों के शीघ्र निपटारे की अपील भी इंडिया करेगा। अर्थात, मोदी सरकार के खिलाफ प्रतिरोध हर तरीके से तेज किया जायेगा, यह तय है। सम्भवतः यही वजह है कि चुनाव आयोग ने भी थोड़ा यू टर्न लिया है। पहले फॉर्म 6 में एक अलग घोषणापत्र भरवाया जा रहा था, जिसमें एसआईआर वाले प्रावधान के तहत नये मतदाताओं को यह बताना पड़ रहा था कि वे या उनके माता-पिता पिछली एसआईआर की मतदाता सूची में शामिल थे या नहीं। इस पर चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने आपत्ति जतायी थी। फिर, सीजेपी और कांग्रेस ने भी इस पर सवाल उठाये कि ऐसे नियम से कई युवाओं के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज नहीं हो पा रहे हैं। लेकिन, अब चुनाव आयोग ने इस अतिरिक्त घोषणापत्र को हटाने का निर्णय लिया है। तात्पर्य यह कि विपक्ष का दबाव रंग ला रहा है।

# एशियन गेम्स में चमके भारत के सितारे

विशेष | विश्वास कैलाश सारंग



भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरी दुनिया को भारत की बढ़ती खेल शक्ति का परिचय कराया। तिरंगे की आन, बान और शान के लिए मैदान में उतरे हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीत कर पदक तालिका में भारत को गौरवपूर्ण चौथा स्थान दिलाया। यह उपलब्धि केवल पदकों की संख्या नहीं, बल्कि भारत की युवा खेल प्रतिभा के निरन्तर निखरते सामर्थ्य और वैश्विक खेल मंच पर बढ़ते प्रभाव की स्वर्णिम चमक है। वहीं, इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 10 मेडल, जिनमें 05 स्वर्ण, 04 रजत 01 कांस्य पदक अर्जित कर अपनी सर्वोच्च प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विशेष योगदान दिया है।

**जापान** के आइची-नागोया में आयोजित एशियन गेम्स 2026 में भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा की चमक को पूरी दुनिया ने देखा है। भारतीय खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरी दुनिया को भारत की बढ़ती खेल शक्ति का परिचय कराया। तिरंगे की आन, बान और शान के लिए मैदान में उतरे हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य सहित कुल 85 पदक जीतकर पदक तालिका में भारत को गौरवपूर्ण चौथा स्थान दिलाया। यह उपलब्धि केवल पदकों की संख्या नहीं बल्कि भारत की युवा खेल प्रतिभा के निरंतर निखरते सामर्थ्य और वैश्विक खेल मंच पर बढ़ते प्रभाव की स्वर्णिम चमक है। वहीं इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 10 मेडल जिनमें 5 स्वर्ण, 4 रजत 1 कांस्य पदक अर्जित कर अपनी सर्वोच्च प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विशेष योगदान दिया है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज खेल भारत की राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुका है। मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसी योजना के माध्यम से देश में खेल संस्कृति को मजबूत करने, प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। छोटे शहरों, गांवों और सामान्य परिवारों से आने वाले युवा आज अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनके पास अब केवल प्रतिभा नहीं बल्कि उसे निखारने के लिए अवसर, प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धी वातावरण भी उपलब्ध हो रहा है। प्रधानमंत्री जी का यह विजन कि भारत का युवा केवल खेलों में भाग लेने वाला नहीं बल्कि दुनिया में भारत का नेतृत्व करने वाला बने, आज मैदानों में दिखाई दे रहा है। मिट्टी के मैदानों से लेकर आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तक, स्कूलों से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम तक, भारत की नई पीढ़ी खेलों को अपना भविष्य बनाने के लिए निरंतर आगे बढ़ रही है।

वहीं मध्यप्रदेश में भी हम प्रधानमंत्री जी के विजन को दृष्टिगत रखते हुए एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में खेल, खिलाड़ी और खेल मैदान के उन्नयन व विस्तार के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। प्रदेश में 18 खेलों की 11 अकादमी संचालित हैं। इन अकादमियों में विश्व स्तर की प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हैं। नवीन सीएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स योजना के तहत प्रदेश की सभी 230 विधानसभा में खेल परिसर का निर्माण किया जा रहा है। खेलो एमपी यूथ गेम्स, पार्थ योजना, खेलो बढ़ो अभियान, टैलेंट सर्च, समर कैंप सहित अन्य आयोजनों के माध्यम से नई प्रतिभाओं की तलाश और उन्हें नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में भारत के खिलाड़ियों ने कई ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल कर विश्व पटल पर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। भारत के कुल पदकों में एथलेटिक्स का सबसे बड़ा योगदान रहा, जिसमें कुल 24 पदक जीते गए। इसके बाद शूटिंग का नंबर रहा, जिसमें 15 पदक मिले। इनमें तीन बार खिलाड़ी टॉप पोडियम पर रहे। बॉक्सिंग में भी तीन स्वर्ण पदक मिले, जिनमें लवलीना बोरगोहेन भी शामिल थीं। आर्चरी में सबसे ज्यादा पांच बार खिलाड़ी शीर्ष पोडियम पर रहे। अमन सहरावत और सुजीत कलकल ने रेसलिंग में एशियन गेम्स चैंपियन का खिताब जीता। भारत की महिला और पुरुष क्रिकेट, कबड्डी और हॉकी टीमों ने गोल्ड मेडल हासिल किए। नीरू ढांडा, कुमकुम मोहोद, गुलवीर सिंह और विथ्या रामराज जापान में भारत के प्रमुख प्रदर्शन करने वाले एथलीट में शामिल रहे, जिन्होंने कई पदक जीतने में योगदान दिया। सुचिका तरियाल ने महिला ट्रेडिशनल -60 किग्रा वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में भारत का पहला एशियन गेम्स पदक हासिल किया। सेमी-फाइनल में पहुंचने के बाद जय मीणा ने सॉफ्ट टेनिस में भी वही कारनामा दोहराया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने फाइनल में श्रीलंका को हराकर अपना खिताब बरकरार रखा और इस टूर्नामेंट में देश के लिए पहला गोल्ड मेडल जीता। बाद में पुरुष टीम ने भी पाकिस्तान को फाइनल में करारी शिकस्त देकर अपना खिताब सफलतापूर्वक बचाया। वहीं, शूटर नीरू ढांडा ने महिलाओं के ट्रैप इवेंट में जीत हासिल करके एशियन गेम्स 2026 में भारत का पहला व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीता। मीराबाई चानू ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में सिल्वर मेडल जीता। इसके साथ ही उन्होंने 1998 के बैंकॉक गेम्स के बाद वेटलिफ्टिंग में भारत के लिए पहला एशियाई गेम्स मेडल हासिल किया। रोशिबिना देवी ने भी वुशू में लगातार अपना तीसरा कॉन्टिनेंटल मेडल जीता। सीमा कुमारी ने भी एशियाई गेम्स में महिलाओं की 10,000 मीटर दौड़ में मेडल जीतकर भारत के 16 साल बाद पदक जीता। कमलजीत और सुरुचि सिंह ने मिक्स्ड टीम 10 मीटर एयर पिस्टल में गोल्ड मेडल जीतने के दौरान एशियन रिकॉर्ड की बराबरी की। बरानिका इलांगोवन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता और एशियन गेम्स में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय पोल वॉल्टर बन गईं। सावन बरवाल ने नया नेशनल रिकॉर्ड बनाते हुए 1982 के बाद मैराथन में भारत का पहला मेडल जीता।

# एसआईआर : लोकतंत्र की शुचिता और विश्वास की कसौटी

गौरतलब | ललित गर्ग



जिस व्यक्ति का नाम पात्र होते हुए मतदाता सूची में नहीं है, उसकी लोकतांत्रिक भागीदारी अधूरी रह जाती है और जिस व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी हो, जो स्थानांतरित हो गया हो अथवा जिसका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हो, उसका नाम सूची में बने रहना चुनाव की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े करता है। इसी दृष्टि से मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक महत्त्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है।

**भारतीय** लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति उसका मतदाता है और मतदाता की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पहचान उसका मताधिकार है। इसलिए मतदाता सूची केवल नामों का प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। जिस व्यक्ति का नाम पात्र होते हुए मतदाता सूची में नहीं है, उसकी लोकतांत्रिक भागीदारी अधूरी रह जाती है और जिस व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी हो, जो स्थानांतरित हो गया हो अथवा जिसका नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हो, उसका नाम सूची में बने रहना चुनाव की विश्वसनीयता पर प्रश्न खड़े करता है। इसी दृष्टि से मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है। लेकिन इसकी सफलता केवल गलत या अपात्र नाम हटाने से नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सुरक्षित रखने और छूटे हुए मतदाताओं को वापस जोड़ने से तय होगी। निर्वाचन आयोग ने 2026 में एसआईआर की प्रक्रिया को कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों तक विस्तारित किया है। आयोग के कार्यक्रम में घर-घर जाकर सत्यापन, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन, दावे और आपत्तियां लेने तथा अंतिम सूची प्रकाशित करने जैसी प्रक्रियाएं निर्धारित की गई हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि 27 मई 2026 को सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार में किए गए एसआईआर की वैधानिकता को बरकरार रखा और माना कि निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 तथा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत ऐसी प्रक्रिया संचालित करने का अधिकार है। न्यायालय ने यह भी माना कि प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची की शुद्धता और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की रक्षा से जुड़ा वैध उद्देश्य है। एसआईआर के दौरान बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने को लेकर स्वाभाविक रूप से राजनीतिक और सामाजिक बहस पैदा हुई है। लेकिन बेवजह चुनाव आयोग एवं मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर विवाद खड़े किये जाने की स्थितियां विडम्बनापूर्ण है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार नौ राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों की संयुक्त मतदाता सूची में एसआईआर के बाद 10.2 प्रतिशत की कमी हुई और 66,88,636 मृत मतदाताओं के नाम हटाए गए। इसी प्रक्रिया में आपत्तियों और जांच के बाद 63.16 लाख नाम भी हटाए गए। इन आंकड़ों को केवल एक राजनीतिक दृष्टि से देखना उचित नहीं होगा।

## आज का इतिहास

- फ्रांस के राजा लुईस ने 1499 में मिलान पर कब्जा किया।
- ग्रेगरी के पंचांग के लागू होने के कारण 1582 में पोलैंड, स्पेन, इटली तथा पुर्तगाल में यह दिन रद्द किया गया। यानी इस साल ऐसा कोई दिन नहीं आया।
- 13 जर्मन परिवार 1683 में जर्मनी के क्रेफेल्ड से फिलाडेल्फिया आये थे। इस दिन हर साल जर्मन अमेरिकी दिवस मनाया जाता है।
- बेंजामिन फ्रेंकलिन 17 साल की उम, में 1723 को फिलाडेल्फिया पहुंचे।
- ब्रिटिश सैनिकों ने 1762 में फिलीपींस के मनीला पर कब्जा किया।
- भारतीय दंड संहिता कानून 1862 में पारित हुआ और एक जनवरी से लागू हुआ।
- तांबुलीस्की बुल्गारिया के प्रधानमंत्री 1919 में बने।
- डॉयलॉग और बैकग्राउंड संगीत से सजी पहली फीचर फिल्म 'द जैज सिंगर' 1927 को रिलीज हुई।
- पोलैंड की 1939 को निर्णायक हार।
- सोवियत संघ ने1957 को नोवाया त्रेमल्या में परमाणु परीक्षण किया।
- मेक्सिको में 1972 को ट्रेन पटरी से उतरने से 208 लोगों की मौत।
- इसी दिन इसरायल के ऊपर मिस्र और सीरिया के फौजों ने 1973 में दो तरफा हमला शुरू कर दिया था।
- गुयाना ने 1980 में संविधान को अंगीकार किया।
- मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादत की 1981 में इस्लामिक कट्टरपंथियों ने हत्या कर दी।
- पंजाब में 1983 को राष्ट्रपति शासन लगाया गया।
- फिजी 1987 में एक गणराज्य घोषित हुआ।
- यूनेस्को ने वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र सहिष्णुता वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा 1994 में की।
- दो स्विस वैज्ञानिकों ने 1995 में पृथ्वी के सौर व्यवस्था के बाहर गृह की पहली बार पहचान की।
- संयुक्त राष्ट्र निरस्त्रीकरण सम्मेलन 1999 को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी वियना में प्रारम्भ।

## किसने क्या कहा



भारत ने स्विट्जरलैंड में निर्यात व निवेश को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



धरातल पर आनेवाली व्यावहारिक कठिनाइयों के ठोस समाधान खोजें

शिवराज सिंह
ग्रामीण विकास मंत्री




## क्या है शुद्ध अहिंसा!

**गांधी** जी ने अपने जीवन में अहिंसा के विविध प्रयोग किए। वे एक वैज्ञानिक थे। उनका जीवन प्रयोगशाला था। उनका प्रारंभिक और अंतिम साहित्य देखने से यह तथ्य भलीभांति स्पष्ट हो जाता है। बड़े जीव की सुरक्षा के लिए छोटे जीव को मारने में वे पाप बताते थे। खती को हानि पहुंचाने वाले बंदर, हिरण तथा अन्य जहरीले जानवरों को मारने में भी वे पाप मानते थे। यद्यपि आवश्यकतावश उन्होंने जीवों को मारने की इजाजत भी दी, पर उसे शुद्ध अहिंसा कभी नहीं माना। मेरे सामने भी ऐसे प्रश्न आते हैं कि बिल्ली चूहे को मारती है तो उसे बचाना अहिंसा है या नहीं? मैं कहता हूं कि बचाना या बिल्ली को भगाना आपका काम है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करता, किंतु इसे शुद्ध अहिंसा नहीं माना जा सकता। शुद्ध अहिंसा वही है जहां हिंसक का दिल बदले। बिल्ली से आप चूहे को बचा सकेंगे, किंतु उसे अहिंसक नहीं बना सकते।

बूचड़खाने में पैसा देकर आप जानवरों को बचा सकते हैं, किंतु ऐसा करके आप कसाई को अहिंसक नहीं बना सकते। मैं किसी को बचाने में अवरोधक नहीं बनता। किंतु मेरा वास यह है कि अहिंसा और धर्म को पैसों से खरीदा नहीं जा सकता। डंडे के बल से भी अहिंसा नहीं हो सकती। वह तो किसी के दिल को बदलने से ही हो सकती है। आज धार्मिकों की स्थिति बड़ी दयनीय है। उन्हें देखकर दिल में दर्द होता है।

## सुविचार

यदि किसी युवती के दोष जानने हों, तो उसकी सखियों में उसकी प्रशंसा करो।
**बेंजामिन फ्रैंकलिन**

कला का सत्य जीवन की परिधि में सौन्दर्य के माध्यम से व्यक्त अखंड सत्य है।
**महादेवी वर्मा**

## राशिफल

**मेष:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जायेगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवा कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। विरोधियों के सक्रिय होने की सम्भावना है।

**तुला:** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**वृष:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। समय ठीक है।

**वृश्चिक:** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**मिथुन:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। समय अच्छा है।

**धनु:** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**कर्क:** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होंगे।

**मकर:** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा।

**सिंह:** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा।

**कुंभ:** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा। साझे में किये जा रहे काम में लाभ मिल जायेगा।

**कन्या:** महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।

**मीन:** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें, तो अच्छा ही होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

# भारत में आर्थिक विकास की गति तेज रहने के बावजूद क्यों गिर रहा है शेयर बाजार



प्रहलाद सबनानी

**हाल** ही के समय में भारत के शेयर बाजार में लगातार तेज गिरावट दर्ज हुई है, इससे देश में इस तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी संकट आने वाला है और भारतीय नागरिकों पर इसका अत्यधिक कष्टकारी असर पड़ने वाला है। यह आंकलन किसी भी प्रकार से उचित नहीं कहा जा सकता है क्योंकि शेयर बाजार में गिरावट विदेशी संस्थागत निवेशकों के मन में बैठ रहे डर के आधार पर देखी जा रही है, जबकि भारतीय संस्थागत निवेशक तो लगातार अपना निवेश भारतीय शेयर बाजार में बढ़ा रहे हैं एवं म्यूचुअल फंडस द्वारा प्रति माह 30,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का लगातार निवेश शेयर बाजार हो रहा है। यह सही है कि भारतीय शेयर बाजार का सेन्सेक्स 1 अक्टोबर 2025 के 80,983 बिंदुओं के स्तर से 1 अक्टोबर 2026 को 71,910 बिंदुओं के स्तर पर नीचे आ गया है। इसी प्रकार, निफ्टी इंडेक्स भी 1 अक्टोबर 2025 के 24,836 बंदुओं के स्तर से नीचे गिरकर 1 अक्टोबर 2026 को 22,422 बिंदुओं के स्तर पर आ गया है। पिछले एक वर्ष की अवधि में 10 से 11 प्रतिशत के बीच की गिरावट दर्ज हुई है। जबकि, इस बीच भारत में अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक विकास दर लगातार उच्च स्तर की बनी हुई है। फिर, ऐसे क्या कारण हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था का चमकता चेहरा होने के बावजूद, भारतीय शेयर बाजार लगातार गिरावट दर्ज कर रहा है। दरअसल किसी भी देश का शेयर बाजार, स्टॉक एक्सचेंज पर दर्ज कम्पनियों की आगे आने वाले वर्षों में होने वाली अनुमानित आय के आधार पर, घटता अथवा बढ़ता रहता है। दूसरे, आजकल जब समस्त देश एक तरह से आपस में जुड़ से गए हैं और हम एक वैश्विक गांव में निवास कर रहे हैं तब एक देश में होने वाली घटनाओं का प्रभाव दूसरे देश के शेयर बाजार पर भी पड़ता हुआ दिखाई देता है। जैसे, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराईल-हम्मास युद्ध, अमेरिका-ईरान युद्ध, सऊदी अरब-हूथी युद्ध एवं खाड़ी के देशों का आपसी युद्ध, आदि कुछ ऐसे उदाहरण हैं, जिनके चलते भारतीय शेयर बाजार भी सहमा हुआ दिखाई दे रहा है, हालांकि भारत किसी भी प्रकार से, अप्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से, इन युद्धों से नहीं जुड़ा है । तीसरे, विदेशी निवेशक भारी मात्रा में कुछ देशों के शेयर बाजार में अपनी पूंजी का निवेश करते हैं, क्योंकि उन्हें इन देशों में किए गए निवेश से अच्छे रिटर्न की सम्भावना दिखाई देती है। परंतु, जब इन विदेशी निवेशकों द्वारा अपना निवेश शेयर बाजार से निकाला जाता है तब उस देश का शेयर बाजार तेजी से गिरने लगता है।

उक्त वर्णित युद्धों के चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर को पार कर गए हैं, एक वर्ष पूर्व यह 65 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर थे, अर्थात इस एक वर्ष के दौरान कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। भारत कच्चे तेल की कुल खपत का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा आयात करता है, अतः भारत के उक्त युद्धों से किसी भी प्रकार से नहीं जुड़े होने के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था पर कुछ विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, ऐसा माहौल बनाए जाने के चलते विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश भारी मात्रा में निकाल रहे हैं।

# जीते जी सेवा, यही सच्चा श्राद्ध

गौरतलब | डॉ. प्रियंका सौरभ



लोग श्रद्धापूर्वक भोजन कराते हैं, दान देते हैं और धार्मिक कर्मकांड करते हैं। यह परम्परा हमारी सांस्कृतिक स्मृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। लेकिन, एक सवाल हमें अपने भीतर जरूर पूछना चाहिए...क्या उस श्रद्धा का अर्थ केवल मृत्यु के बाद के कर्मकांड तक सीमित है? यदि मां-बाप जीवित हैं और उन्हें दो वक्त की रोटी, सम्मान के दो शब्द तथा अपनापन देने में हम पीछे हट जाते हैं, तो मृत्यु के बाद किया गया भव्य भोज हमारी संवेदनहीनता को कैसे ढक सकता है?

**भारतीय** संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे संस्कारों में माँ के चरणों में ममता, त्याग और करुणा का संसार दिखाई देता है, तो पिता के जीवन में परिश्रम, जिम्मेदारी और सुरक्षा की छाया। माँ-बाप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी इच्छाओं को पीछे छोड़ देते हैं। वे अपनी जरूरतें कम कर बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। उनकी खुशियाँ बच्चों की मुस्कान में बसती हैं और उनका जीवन परिवार को सँवारने में बीत जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस उम्र में उन्हें सबसे अधिक प्रेम, सम्मान और सहारे की आवश्यकता होती है, उसी समय कई बुजुर्ग अपने ही घर में उपेक्षा के शिकार हो जाते हैं।

हमारे समाज में श्राद्ध, तर्पण और पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को याद करने की परंपरा है। लोग श्रद्धापूर्वक भोजन कराते हैं, दान देते हैं और धार्मिक कर्मकांड करते हैं। यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक स्मृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। लेकिन एक सवाल हमें अपने भीतर जरूर पूछना चाहिए—क्या उस श्रद्धा का अर्थ केवल मृत्यु के बाद के कर्मकांड तक सीमित है? यदि माँ-बाप जीवित हैं और उन्हें दो वक्त की रोटी, सम्मान के दो शब्द तथा अपनापन देने में हम पीछे हट जाते हैं, तो मृत्यु के बाद किया गया भव्य भोज हमारी संवेदनहीनता को कैसे ढक सकता है? आज परिवारों में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है, लेकिन कई जगह भावनात्मक समृद्धि कम होती दिखाई देती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, नौकरी, व्यवसाय और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के बीच माता-पिता के लिए समय निकालना कठिन समझा जाने लगा है। कई बुजुर्गों को घर में रहते हुए भी अकेलापन महसूस होता है। जिन पिता ने पसीना बहाकर घर बनाया, वही पिता बुढ़ापे में बेटे के व्यस्त जीवन में बाधा समझे जाने लगते हैं। जिन माताओं ने अपनी भूख दबाकर बच्चों को खिलाया, वही माँ कभी-कभी अपने ही घर में उपेक्षित हो जाती है।

सबसे पीड़ादायक स्थिति तब होती है जब जीवित माँ-बाप को ताने मिलते हैं, उनकी आवश्यकताओं को बोझ समझा जाता है और उनकी भावनाओं को महत्व नहीं दिया जाता। मृत्यु के बाद उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाने के लिए लंबी कतार लग जाती है। जीते जी जिनसे बातचीत करने का समय नहीं था, उनके लिए मृत्यु के बाद बड़े-बड़े आयोजन किए जाते हैं। यह विरोधाभास केवल पारिवारिक समस्या नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदना पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। पिता का जीवन अक्सर परिवार के लिए संघर्ष की कहानी होता है। सीमित साधनों में उन्होंने बच्चों की शिक्षा, विवाह, घर और भविष्य की चिंता की। अपने सपनों को स्थगित कर बच्चों के सपनों को पूरा किया। माँ ने भी अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवार की जरूरतों में लगा दिया। बीमारी में रात-रात भर जागना, बच्चों की छोटी-सी खुशी पर खिल उठना और कठिन समय में ढाल बनकर खड़ा होना—माता-पिता के प्रेम का कोई आर्थिक मूल्य नहीं हो सकता।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक :** नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड) :** विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक गंभीर, रिम्स रेफर

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के लोटो गैस गोदाम के समीप अज्ञात वाहन ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से घायल को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने रिम्स, रांची रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान नेवाड़ी निवासी नीरज भुईयां (26 वर्ष), पिता महादेव भुईयां के रूप में हुई है। बताया जाता है कि नीरज लातेहार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान लोटो गैस गोदाम के पास तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। टक्कर से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने के बाद घायल को अस्पताल भेजने की व्यवस्था की गई। सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति गंभीर पाई। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना से संबंधित वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के साथ वाहन चालक की भूमिका की भी जांच कर रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में सड़क पर वाहनों की आवाजाही और सुरक्षा को लेकर चिंता देखी जा रही है।

### अवैध कोयला लदा 05 हाइवा जब्त

**लातेहार :** बालूमाथ थाना क्षेत्र में अवैध कोयला ढुलाई के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच हाइवा जब्त किए हैं। वाहनों में कोयला लदा हुआ था। कार्रवाई बालूमाथ पुलिस ने सीसीएल सिक्योरिटी और एसआईएसएफ के सहयोग से की। बताया गया कि संयुक्त टीम को क्षेत्र में अवैध तरीके से कोयला ले जाए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद टीम ने अभियान चलाकर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान कोयला लदे पांच हाइवा को पकड़ा गया। सभी वाहनों को अमरवाडीह पिकेट लाया गया है। पुलिस अब वाहनों में लदे कोयले के कागजात की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कोयला कहां से लोड किया गया था और उसे किस जगह पहुंचाया जाना था। दस्तावेजों की जांच के बाद मामले की स्थिति और स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। बालूमाथ थाना प्रभारी अनुभव सिन्हा ने पांच हाइवा जब्त किए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से कोयले के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हलचल है। पुलिस ने कहा कि अवैध खनन और कोयला परिवहन से जुड़े मामलों में कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत

**चतरा :** लावालौंग प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोची गांव के बंजारी तालाब में रविवार को स्नान करने के दौरान डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कोची गांव निवासी लालदेव भुईयां (50 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।परिजनों के अनुसार, जितिया पर्व को लेकर लालदेव भुईयां स्नान-ध्यान कर पर्व से जुड़े धार्मिक अनुष्ठान के तहत तालाब में पानी देने के लिए गए थे। इसी दौरान स्नान करते समय उनका पैर गहरे पानी में चला गया और वे डूब गए। घटना की जानकारी आसपास मौजूद लोगों को मिलते ही ग्रामीणों ने उन्हें तालाब से बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही लावालौंग पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया में जुट गई। पुलिस की मौजूदगी में आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी। घटना की जानकारी मिलते ही तालाब के पास ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। लालदेव भुईयां अपने पीछे छह बेटा और दो बेटियां छोड़ गए हैं।

# नगर भगवती के दरबार में 16 दिन होती है मां की आराधना

नीरज सिन्हा

**लातेहार :** जहां देशभर में नवरात्र की पूजा नौ दिनों में पूरी हो जाती है, वहीं चंदवा की नगर भगवती के दरबार में मां की आराधना 16 दिनों तक चलती है। यहां न जिउतिया के पारण के बाद पूजा रुकती है और न ही सामान्य नवरात्र की तरह नौवें दिन इसका समापन होता है। जिउतिया व्रत के पारण के साथ शुरू होने वाली यह अनूठी पूजा इस वर्ष 4 अक्टूबर से शुरू हो चुकी है। 20 अक्टूबर को दशमी के दिन नीलकंठ दर्शन के साथ इसका समापन होगा। 16 दिनों के इस पूजन में हर दिन का विधान अलग है और कई अनुष्ठान सदियों पुरानी परंपराओं के अनुसार संपन्न होते हैं। मंदिर की पूजा पद्धति की सबसे बड़ी खासियत करीब 500 वर्ष पुरानी हस्तलिखित पोथी है। मंदिर के सेवायत सह मुंतजिमकार पंडित गोविंद बल्लभ मिश्र के अनुसार कैथी लिपि में लिखी इस पोथी में पूजा के मंत्र, विधि और अनुष्ठानों का पूरा

**500 साल पुरानी कैथी लिपि की पोथी में दर्ज है पूजा विधान, 20 अक्टूबर को नीलकंठ दर्शन के साथ होगा समापन**

विधान दर्ज है। समय के साथ पूजा की कई परंपराएं बदलीं, लेकिन नगर भगवती मंदिर में इस प्राचीन पद्धति को आज भी कायम रखा गया है। मंदिर की स्थापना को लेकर भी कई लोक मान्यताएं प्रचलित हैं। कहा जाता है कि चंदवा-टोरी क्षेत्र के तत्कालीन शासक पीतांबर नाथ शाही को स्वप्न में देवी के दर्शन हुए थे। इसके बाद मनकरी क्षेत्र के जोड़ा तालाब से देवी की प्रतिमाएं मिलने की कथा मंदिर की स्थापना से जुड़ी है।



**पान का पता गिरा, तो माना जाता है मां का आदेश**

नगर भगवती के मंदिर में पान के पत्ते से जुड़ी मान्यता भी श्रद्धालुओं के बीच खास है। मनोकामना लेकर पहुंचे भक्त पूजा के बाद मां के आसन पर पान का पत्ता चढ़ाते हैं। मान्यता है कि पत्ता आसन से नीचे गिरने पर इसे मां की स्वीकृति या आदेश माना जाता है। इसके बाद आगे के धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं। 4 अक्टूबर को कलश स्थापना से शुरू हुए पूजन में 5 से 9 अक्टूबर तक कलश पूजन और महाआरती होगी। 10 अक्टूबर को मां गौरा के आगमन के बाद विशेष कलश स्थापना होगी। 16 अक्टूबर को बिल्वाभिमंत्रण के लिए श्रद्धालु दामोदर गांव जाएंगे। 17 अक्टूबर को सप्तमी पर देवी को आमंत्रण, कलश पूजन और महाआरती के बाद रात 10:30 बजे से बलि की परंपरा शुरू होगी।18 अक्टूबर को अष्टमी पर हवन और बलि, जबकि 19 अक्टूबर को नवमी पर सुबह 6:47 से 6:53 बजे के बीच संधि बलि होगी।

## दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, सुरक्षा व्यवस्था पर दिये निर्देश



**लातेहार :** दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी सुमित कुमार झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन प्रसाद, एसडीपीओ संदीप कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी मनोरंजन प्रसाद सिंह समेत पुलिस विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न पूजा पंडालों के अध्यक्षों के अलावा राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधि, पंचायतीराज प्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। पुलिस पदाधिकारियों ने पूजा समितियों को पंडालों में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने का निर्देश दिया। पंडाल परिसर में भीड़ को नियंत्रित करने, आने-जाने के रास्ते को सुचारू रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल सूचना पुलिस को देने की बात कही गई। साथ ही पूजा समितियों से प्रशासन और पुलिस के साथ समन्वय बनाकर काम करने की अपील की गई। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी तरह की अफवाह या भ्रामक सूचना पर भरोसा न करें। सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैलने वाली अपुष्ट खबरों को आगे प्रसारित करने से बचने की सलाह दी गई। किसी सूचना पर संदेह होने की स्थिति में सीधे प्रशासन या पुलिस से संपर्क करने को कहा गया।

**बेतला नेशनल पार्क सभागार में पेयजल व स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने की समीक्षा बैठक**

# जल जीवन मिशन में सुस्ती पर मंत्री सख्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के मंत्री योगेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को बेतला नेशनल पार्क सभागार में जल जीवन मिशन (JJM) के तहत संचालित जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में लातेहार, गढ़वा, पलामू, गुमला, सिमडेगा एवं लोहरदगा जिलों में संचालित विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं की जिलावार एवं योजनावार विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, पूर्ण एवं अपूर्ण योजनाओं, निर्माण कार्य की प्रगति, पेयजलापूर्ति की स्थिति तथा योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़ी अन्य जानकारी मंत्री के समक्ष रखी। समीक्षा के दौरान मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन सरकार की महत्त्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घर तक नल के माध्यम से




सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना है। योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराते हुए ग्रामीणों को शीघ्र पेयजल सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। बैठक में कई योजनाओं में सम्बन्धित संवेदकों द्वारा कार्य में लापरवाही, अपेक्षित प्रगति नहीं होने तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किये जाने का मामला सामने आया। इस पर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गम्भीर लापरवाही बरतने वाले संवेदकों को नियमानुसार ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाये। वहीं, जिन मामलों में अनियमितता या लापरवाही की जांच आवश्यक है, वहां जांच कर जांच प्रतिवेदन के आधार पर संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं संवेदक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। मंत्री ने अधिकारियों को योजनाओं की नियमित निगरानी एवं स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करने, लम्बित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने तथा अनावश्यक विलम्ब की स्थिति में कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने पूर्ण हो चुकीं योजनाओं से ग्रामीणों को वास्तविक रूप से पेयजल का लाभ मिल रहा है या नहीं, इसका नियमित अनुश्रवण करने को भी कहा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्त्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण तरीके से समय पर पूर्ण कराते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करना अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। विभागीय सचिव अबु इमरान ने भी अधिकारियों को ग्रामीणों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन में आनेवाली समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए सभी पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में योजनाओं के संचालन एवं रख-रखाव, जलस्रोतों की उपलब्धता, पाइपलाइन एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्थिति तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित पेयजलापूर्ति सहित जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर विभागीय सचिव अबु इमरान, जल जीवन मिशन निदेशक शशि रंजन, उपायुक्त लातेहार संदीप कुमार, उप विकास आयुक्त लातेहार सैय्यद रियाज अहमद सहित सिमडेगा, लोहरदगा, गढ़वा एवं पलामू के उप विकास आयुक्त, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता, सम्बन्धित जिलों के कार्यपालक अभियंता, तकनीकी पदाधिकारी, संवेदक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नेतरहाट की खूबसूरत वादियों ने मोहा मंत्री योगेन्द्र प्रसाद का मन




**महुआडांड (लातेहार ) :** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने अपने नेतरहाट प्रवास के दूसरे दिन प्रसिद्ध मैग्नोलिया सनसेट पॉइंट का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नेतरहाट की अनुपम प्राकृतिक सुंदरता, हरे-भरे पहाड़ों और मनोरम वादियों का नजारा देखा और यहां के शांत एवं रमणीय वातावरण का आनंद लिया। मैग्नोलिया सनसेट पॉइंट की खूबसूरत वादियों को निहारते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने नेतरहाट की प्राकृतिक खूबसूरती की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि नेतरहाट झारखंड की प्राकृतिक विरासत का ऐसा अनमोल उपहार है, जिसकी खूबसूरती हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करती है।

## मूर्तिकला प्रतियोगिता में नीति गुप्ता तीसरे स्थान पर, 100 विद्यार्थियों को सुवर्ण प्राशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार :** सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार की कक्षा दसवीं की छात्रा नीति गुप्ता ने लोहरदगा में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव की मूर्तिकला प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, विद्यालय में सोमवार को सुवर्ण प्राशन संस्कार का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा अरुण से चतुर्थ तक के 100 विद्यार्थियों को सातवीं खुराक दी गई।विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में शिला अग्रवाल विद्या मंदिर, लोहरदगा में आयोजित प्रांतीय संस्कृति महोत्सव 2026 में किशोर वर्ग की मूर्तिकला प्रतियोगिता हुई थी।



इसमें नीति गुप्ता ने भाग लिया और तृतीय स्थान हासिल किया। परिणाम की जानकारी के बाद विद्यालय प्रबंधन ने छात्रा को बधाई दी। विद्यालय की अध्यक्ष ज्योति चौधरी, सचिव राजीव रंजन पांडेय, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय, पलामू विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार और प्राचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी ने नीति को शुभकामनाएं दीं।

## भाकपा जिला सचिव ने किया मॉडर्न फर्नीचर का उद्घाटन

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ने शाहपुर मजार के पास मॉडर्न फर्नीचर का उद्घाटन फीता काटकर किया मौके पर मॉडर्न फर्नीचर के प्रोपराइटर अजहर अंसारी मौजूद थे। भाकपा जिला सचिव सह डालटेनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि मॉडर्न फर्नीचर में सभी तरह के लकड़ी प्लास्टिक स्टील के सामानों का समावेश रहेगा और ग्राहकों को एक ही जगह से फर्नीचर से संबंधित सभी सुविधाओं का लाभ मिलेगा श्री तिवारी ने कहा कि पलामू जिले के अंदर रोजगार का बढ़ना युवाओं के लिए अच्छा संकेत है वही रास्ता से भटके हुए युवाओं से अपील किया कि वह आज पैसा कमाने के लिए अपराध की दुनिया में न जाए। अपना रोजगार करके अमन चैन की जिंदगी गुजरने की कोशिश करें। यही हमारा आप लोगों से प्रार्थना है साथ ही मौके पर नगर सचिव सुरेश ठाकुर किसान नेता रामराज तिवारी, सोनू अहम्मद, नसीम राइन सहित कई लोग उपस्थित थे।

## केशरवानी वैश्य समाज की बैठक में संगठन की मजबूती और एकजुटता पर जोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला :** केशरवानी वैश्य समाज गुमला नगर इकाई की मासिक बैठक रविवार को बस स्टैंड रोड स्थित मनोकामना शिव मंदिर परिसर में हुई। बैठक का शुभारंभ समाज के संरक्षकों, वरिष्ठ सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने गोत्राचार्य कश्यप मुनि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में सत्र 2026-27 के लिए मनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर विधिवत कार्यभार सौंपा गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, सामाजिक एकजुटता बढ़ाने तथा समाजहित में रचनात्मक गतिविधियों को गति देने पर चर्चा हुई। नगर इकाई के अध्यक्ष बजरंग केशरी ने कहा कि संगठन की मजबूती प्रत्येक सदस्य की सक्रिय भागीदारी पर निर्भर करती है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से सभी वर्गों को साथ लेकर समाजहित में पूरी निष्ठा से कार्य करने की अपील की। उपाध्यक्ष अजय केशरी ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी सहयोग, भाईचारा और संगठनात्मक एकता जरूरी है। उन्होंने युवाओं को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और सेवा कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में समाज को जिला स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी दिनों में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों को बढ़ाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर इकाई के सह सचिव हिमांशु केशरी ने किया। अंत में कश्यप मुनि के चित्र पर चढ़ाए गए प्रसाद का वितरण किया गया। बैठक में संरक्षक दुर्गा प्रसाद केशरी, अरुण केशरी, प्रदीप केशरी, संजय केशरी, रमेश केशरी, सुनील केशरी, अनिल केशरी, अध्यक्ष बजरंग केशरी, उपाध्यक्ष अजय केशरी, सचिव बिक्की केशरी, सह सचिव हिमांशु केशरी, कोषाध्यक्ष उज्जवल केशरी, मीडिया प्रभारी राहुल केशरी सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष सदस्य उपस्थित रहे।

## कला-साधना को संरक्षित करना नयी पीढ़ी की जिम्मेदारी

**मेदिनीनगर :** पलामू की कला और सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने वाले दिवंगत चित्रकार नय्यर साहब की स्मृति में चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मासूम आर्ट ग्रुप के तत्वावधान में वरिष्ठ रंगकर्मी, पत्रकार एवं छायाकार सैकत चटर्जी के आयोजन में होने वाली इस प्रदर्शनी के पोस्टर का लोकार्पण नय्यर साहब के आवास पर किया गया। इस दौरान उनके परिवार के सदस्य, पत्नी, भाई एवं पुत्र मौजूद रहे। इस अवसर पर संत मरियम आवासीय विद्यालय के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि पलामू की धरती ने साहित्य, कला, संस्कृति और शिक्षा के क्षेत्र में कई प्रतिभाओं को जन्म दिया है। दिवंगत चित्रकार नय्यर साहब भी ऐसी ही विशिष्ट प्रतिभाओं में शामिल थे। उनकी कला-साधना आज भी उनके चाहने वालों और शिष्यों की स्मृतियों में जीवंत है। उन्होंने कहा कि नय्यर साहब केवल चित्रकार नहीं, बल्कि रंगों के कुशल साधक थे। उनके चित्रों में जीवन, भावनाओं और प्रकृति की संवेदनशील अभिव्यक्ति देखने को मिलती थी। उन्होंने लंबे समय तक कला के क्षेत्र में योगदान दिया और हजारों विद्यार्थियों को चित्रकला की शिक्षा दी।

## रारो में बाहरी युवकों और ग्रामीणों के बीच मारपीट, सात पर प्राथमिकी; दो गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**डंडई, गढ़वा :** थाना क्षेत्र के रारो गांव में रविवार की रात बाहरी युवकों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, रारो निवासी राहुल ठाकुर ने अपने जन्मदिन की पार्टी के लिए गढ़वा के कुछ युवकों को बुलाया था। पनघटवा डैम से पार्टी मनाकर लौटने के दौरान रारो गांव के कुछ युवकों से उनका विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया, जिसमें ग्रामीण युवकों की पिटाई किए जाने की बात सामने आई। घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख कुछ युवक वहां से भाग निकले, जबकि एक युवक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाकर अपने साथ ले गए। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच नोकझोंक भी हुई। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। ग्रामीण नागेंद्र कुमार सिंह की लिखित शिकायत पर पुलिस ने राहुल ठाकुर, अजय ठाकुर, आयुष जायसवाल, आदित्य सिंह, राजू तिवारी, सौरभ चौबे और पंचायत मुखिया पति जितेंद्र कुमार ठाकुर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मामले में अजय ठाकुर और सौरभ चौबे को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

## लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत 08 अक्टूबर को कांग्रेस निकालेगी 'वोट बचाओ, देश बचाओ' मार्च

**गुमला :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर गुमला जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से लोकतंत्र बचाओ सप्ताह के तहत 8 अक्टूबर को वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च निकाला जाएगा। मार्च में महागठबंधन के सहयोगी दलों के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार 2 से 8 अक्टूबर तक लोकतंत्र बचाओ सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में 8 अक्टूबर को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक गांधी स्मारक, गुमला से मार्च निकाला जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी के पदाधिकारियों के साथ-साथ नगर, प्रखंड एवं मंडल अध्यक्षों को तैयारी करने का निर्देश दिया गया है।

## चुंदरी में लगा विशेष लाइसेंस शिविर 55 आवेदक लर्निंग टेस्ट में सफल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**गुमला :** ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधाओं को सुलभ बनाने और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम चुंदरी में परिवहन विभाग की ओर से विशेष लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त दिलेश्वर महतो के निर्देश पर आयोजित शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में लर्निंग लाइसेंस के लिए करीब 100 लोगों ने आवेदन किया। निर्धारित प्रक्रिया और टेस्ट के बाद 55 आवेदक सफल रहे, जबकि 42 आवेदक असफल हुए। वहीं, स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस के लिए छह लोगों ने आवेदन किया, जिनमें चार आवेदकों ने टेस्ट पास किया। असफल दो आवेदकों को आवश्यक कमियों में सुधार कर दोबारा टेस्ट देने के लिए कहा गया। शिविर के साथ पंचायत भवन के समीप स्थित विद्यालय में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। परिवहन विभाग की टीम ने विद्यार्थियों और युवाओं को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य इस्तेमाल, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा वैध लाइसेंस के बिना वाहन नहीं चलाने की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पंचायत स्तर पर ऐसे शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में ही परिवहन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना और योग्य चालकों को ही लाइसेंस सुनिश्चित करना है।

## शिक्षा की नयी मिसाल पेश कर रहा आरके पब्लिक स्कूल : किशोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अभिभावक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर पाण्डेय ने गढ़वा जिले के मझिआंव प्रखंड अंतर्गत आरके पब्लिक स्कूल का दौरा कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। मौके पर गढ़वा जिले के चर्चित समाजसेवी एवं विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय भी मौजूद रहे। विद्यालय की अवलोकन उपरांत किशोर पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय में कई आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। फायर सेफ्टी की समुचित व्यवस्था, बेहतर क्लासरूम, खेल का मैदान सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं



मौजूद हैं। साथ ही कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना विद्यालय की महत्वपूर्ण विशेषता है। अनुभवी शिक्षकों की टीम एवं कुशल प्राचार्य के निर्देशन में विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। श्री पाण्डेय ने कहा कि स्थानीय लोगों से भी विद्यालय की लगातार सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलती रही है और क्षेत्र के अभिभावकों के बीच आरके पब्लिक स्कूल को लेकर अच्छा विश्वास देखने को मिलता है। दौरे के उपरांत किशोर पाण्डेय एवं अलखनाथ पाण्डेय के बीच राजनीतिक विषयों पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान वर्तमान सामाजिक परिवेश, शिक्षा व्यवस्था तथा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

## सहिया बहनों की लम्बित प्रोत्साहन राशि के भुगतान की उठी मांग

**गुमला :** गुमला जिला स्वास्थ्य सहिया संघ की बैठक बाजार टांड़ में जिला अध्यक्ष सैयदा खातून की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सहिया बहनों की लंबित प्रोत्साहन राशि, स्वास्थ्य विभाग से मिलने वाले भुगतान और उनके अधिकारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में सहिया बहनों ने कहा कि वे लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों में योगदान दे रही हैं, लेकिन कई मदों की प्रोत्साहन राशि का भुगतान वर्षों से लंबित है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सहिया बहनों के अनुसार, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों के इलाज में सहयोग करने पर मिलने वाली प्रति मरीज 250 रुपये की प्रोत्साहन राशि वर्ष 2020 से गुमला जिले की सहिया बहनों को नहीं मिली है। वहीं, स्वास्थ्य प्रहरी मद में दो वर्षों के लिए 24 हजार रुपये दिए जाने की घोषणा के बावजूद विभाग की ओर से 20 हजार रुपये का ही भुगतान किए जाने की बात कही गई।

## पितृपक्ष पर बाला नदी में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पितरों को किया तर्पण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लोदाम :** भाद्रपद पूर्णिमा के साथ पितृपक्ष की शुरूआत हो गई है। पितरों की आत्मा की शांति और श्रद्धा के लिए श्रद्धालु नदी, तालाब एवं अन्य जलाशयों में तर्पण कर रहे हैं। झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित बाला नदी में भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर विधि-विधान से पितरों को जल अर्पित कर रहे हैं। रविवार को जनकपुर धाम (नेपाल) से आए महंत मामा जी बैजू झा सहित शंख मोड़, मांझाटोली निवासी अमरेश कुमार झा, कमलेश कुमार झा और राकेश कुमार झा ने आचार्य सुनील कुमार पाठक के मंत्रोच्चारण के बीच बाला नदी में तर्पण किया।



आचार्य सुनील कुमार पाठक ने बताया कि भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक पितृपक्ष माना जाता है। इस दौरान पितरों को तर्पण और उनकी मृत्यु तिथि पर विशेष श्राद्ध कर्म करने की परंपरा है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में ब्राह्मणों और जरूरतमंदों को दान देने का भी विशेष महत्व है। लोदाम क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाला नदी पहुंचे और पितरों को जलांजलि, तिलांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की।

**विश्व शिक्षक दिवस पर चतरा कॉलेज में सजा गुरु-शिष्य सम्मान मंच, प्रशिक्षुओं ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां**

# शिक्षक केवल ज्ञान नहीं, संस्कार और समाज का निर्माण करता है : डॉ. नन्द किशोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**चतरा :** विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को चतरा कॉलेज, चतरा के शिक्षा शास्त्र विभाग में समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा शास्त्र विभाग के सत्र 2025-27 एवं 2026-28 के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गीत, नृत्य एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रशिक्षुओं ने अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीय भावनाएं व्यक्त कीं। प्रशिक्षुओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने शिक्षकों एवं उपस्थित विद्यार्थियों का मन मोह लिया और पूरा परिसर तालियों से गूंज



उठा। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन 2025-27 एवं 2026-28 सत्र के प्रशिक्षु अभिषेक कुमार एवं अदिति पाठक ने संयुक्त रूप से किया। समारोह के दौरान गुरु-शिष्य के बीच सम्मान, स्नेह और आत्मीयता का सुंदर वातावरण देखने को मिला। दोनों सत्रों के प्रशिक्षुओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

**प्रशिक्षु हैं भविष्य के शिक्षक, निरंतर सीखने, अनुशासन व संवेदनशीलता का रखें ख्याल**

**मौके** पर विभागाध्यक्ष डॉ. नन्द किशोर सिंह ने कहा कि शिक्षक की भूमिका केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देने तक सीमित नहीं है। शिक्षक अपने आचरण, संस्कार और मार्गदर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों के चरित्र का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु भविष्य के शिक्षक हैं, इसलिए उन्हें निरंतर सीखने, अनुशासन और संवेदनशीलता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि वे आने वाली पीढ़ी को बेहतर दिशा दे सकें। कार्यक्रम में शिक्षा शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष के अलावा प्रो. शोभा कुजूर, प्रो. अमित कुमार, प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो, डॉ. मुमताज अंसारी एवं प्रो. प्रेम बसंत बाखला उपस्थित रही।

## 05 साल में भी 46 करोड़ की लोध जलापूर्ति योजना नहीं बुझा सकी महुआडांड़ की प्यास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**महुआडांड़ (लातेहार) :** पांच साल पहले करोड़ों रुपये की लागत से शुरू हुई लोध ग्रामीण जलापूर्ति योजना अब विकास के दावों पर ही सवाल खड़ा कर रही है। करीब 46 करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद आज तक लोगों के घरों में एक बूंद पानी नहीं पहुंच पाया है। तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 29 दिसंबर 2021 को योजना का उद्घाटन किया था। अब 2026 आ चुका है, लेकिन सात पंचायतों के 38 गांवों के करीब 7 हजार परिवार अब भी नल से पानी आने का इंतजार कर रहे हैं। जिस योजना से ग्रामीणों की प्यास बुझनी थी, वह खुद व्यवस्था की लापरवाही और कुप्रबंधन की प्यास में सूखती नजर आ रही है। कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के दबाव में ट्रायल कराया गया, लेकिन ट्रायल में ही पाइपलाइन से पानी लीक होकर सड़कों पर बहने लगा। इससे पाइपलाइन बिछाने और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक है।



**उद्घाटन के बाद करोड़ों रुपये खर्च, नल सूखे; ट्रायल में सड़क पर बहा पानी, पाइपलाइन की गुणवत्ता पर गम्भीर सवाल**

**विधानसभा में उठा मामला, फिर भी नहीं जागा विभाग**

**योजना** की कथित खामियों का मामला 20 दिसंबर 2023 को विधानसभा में मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने उठाया था। विधायक ने महुआडांड़ में बनी पानी टंकी के निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने और पाइपलाइन का काम गुणवत्तापूर्ण नहीं होने का मुद्दा उठाया था। विधानसभा तक मामला पहुंचने के बावजूद पांच साल बाद भी ग्रामीणों की समस्या जस की तस है।

**38 गांवों के लिए बनी योजना पानी का इंतजार बरकरार**

**लोध** योजना के तहत चटकपुर, चंपा, अक्सी, चैनपुर, अंबोवाटोली, रेंगाई और महुआडांड़ पंचायत के 38 गांवों तक पानी पहुंचाना था। बूढ़ा नदी में इंटेकवेल, मिरगी में 5.10 एमएलडी क्षमता का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा मेढ़ारी, मेराम और महुआडांड़ में पानी की टंकियां बनाई गईं। ढांचा तैयार है, पैसा खर्च हो चुका है, लेकिन लाभुकों के घरों में पानी नहीं है।

## एक झलक

### लोध फॉल के पर्यटक मित्र एडवर्ड तिर्की का निधन, क्षेत्र में शोक

**महुआडांड़ (लातेहार ) :** महुआडांड थाना क्षेत्र के मिरगी गांव निवासी एवं लोध फॉल में पर्यटक मित्र के रूप में कार्यरत एडवर्ड तिर्की (55 वर्ष), पिता तरसीयूस तिर्की का सोमवार सुबह निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की खबर से मिरगी गांव समेत आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।बताया जाता है कि एडवर्ड तिर्की झारखंड पर्यटन विकास निगम के अंतर्गत लोध फॉल में पर्यटक मित्र के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उनका इलाज भी कराया जा रहा था। इसी बीच सोमवार सुबह घर पर ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और उनका निधन हो गया।एडवर्ड तिर्की के निधन की सूचना मिलते ही उनके परिजनों, ग्रामीणों एवं परिचितों में शोक व्याप्त हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि लोध फॉल आने वाले पर्यटकों के साथ उनका व्यवहार मिलनसार रहा और वे अपने कार्य के प्रति जिम्मेदार थे। उनके निधन पर स्थानीय लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की।

### शहीद विनय भारती फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबला

**चतरा :** भारत क्लब चतरा के तत्वावधान में जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में आयोजित शहीद विनय भारती फुटबॉल टूर्नामेंट 2026 में सोमवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में एस टी क्लब संघ्री ने चतरा पुलिस टीम को 5–4 से पेनाल्टी शूटआउट में हराकर शानदार जीत दर्ज की। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और मुकाबला काफी रोमांचक रहा। एक अन्य मैच में मुंडा 11 कटकमसांडी बनाम डाढ़ा FC का होना था लेकिन डाढ़ा टीम को नहीं आने के कारण मुंडा 11 को वॉक ओवर दिया गया। क्वार्टरफाइनल में st संघ्री ५२ मुंडा 11 के बीच खेला गया जो कि बेहद रोमांचक रहा और अंत में मुंडा 11 ने संघ्री को 2–0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बनी। मैच के दौरान दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिला। विजेता टीम के बीरेंद्र को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट के आगामी मुकाबलों को लेकर खेलप्रेमियों में उत्साह बना हुआ है।

### बधार में जितिया झुमर सह मिलन समारोह का आयोजन

**चतरा :** चतरा सदर प्रखंड की बरहमना पंचायत के बधार गांव में सोमवार को भोक्ता समाज की ओर से जितिया झुमर सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राजद झारखंड प्रदेश के प्रधान महासचिव एवं पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता ने फीता काटकर किया। आयोजक समिति की ओर से उन्हें पारंपरिक पगड़ी और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सत्यानंद भोगता ने लोगों को जितिया पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जितिया पर्व आस्था, पारिवारिक मूल्यों और सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ा पर्व है। माताएं संतान की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और दीघार्यु की कामना के लिए यह पर्व मनाती हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे और सद्भाव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## यूपीआई पर शुल्क लगाने के प्रस्ताव के खिलाफ चैम्बर का जोरदार विरोध

# डिजिटल भुगतान को निर्बाध और शुल्कमुक्त रखने की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग यूपीआई के जरिए होने वाले डिजिटल लेनदेन पर किसी भी तरह का शुल्क लगाए जाने की संभावित व्यवस्था के विरोध में फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित विनोद स्टोर के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरने में बड़ी संख्या में चैंबर पदाधिकारी और व्यवसायी शामिल हुए। इस दौरान व्यापारियों ने यूपीआई भुगतान को पूरी तरह शुल्कमुक्त रखने की मांग को लेकर आवाज बुलंद की। चैंबर अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल ने कहा कि यूपीआई ने देश की भुगतान व्यवस्था को पूरी तरह बदल दिया है। छोटे दुकानदार से लेकर बड़े कारोबारी और आम ग्राहक तक आज रोजमर्रा के लेनदेन के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में यूपीआई पर किसी भी प्रकार का शुल्क लगाया जाना व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के हित में नहीं होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के बजाय उस पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने से छोटे व्यवसाय विशेष रूप से प्रभावित हो सकते हैं। चैंबर सरकार से मांग करता है कि यूपीआई को पूर्व की तरह सरल, सहज और शुल्कमुक्त रखा जाए। सचिव राकेश ठाकुर ने कहा कि यूपीआई ने कारोबार में भुगतान की प्रक्रिया को काफी आसान और पारदर्शी बनाया है। छोटे व्यापारियों के लिए यह बेहद सुविधाजनक माध्यम है और ग्राहक भी इसे तेजी से अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि डिजिटल भुगतान पर शुल्क लगाया जाता है तो इसका सीधा असर व्यापारिक लेनदेन की लागत पर पड़ेगा। चैंबर ऐसी किसी भी व्यवस्था का विरोध करता है और सरकार से व्यापारियों व आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए यूपीआई पर शुल्क नहीं लगाने की मांग करता है। धरने के दौरान व्यवसायियों ने कहा कि यूपीआई की सबसे बड़ी विशेषता इसकी आसान और त्वरित भुगतान व्यवस्था है। बिना नकदी के लेनदेन की सुविधा ने बाजार व्यवस्था को गति देने के साथ व्यापारियों और ग्राहकों दोनों के लिए सहूलियत बढ़ाई है।

## बाइक चोर गिरोह के दो शातिर चोर गिरफ्तार

**तेनुघाट :** बोकारो पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आगामी पर्व त्योहार को देखते हुए चोरी, छिनतई एवं वाहन चोरी पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ललपनिया थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गोमिया-तेनुघाट मुख्य पथ के तेनुघाट की ओर से कुछ अपराधी चोरी की बाइकों के साथ आ रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ललपनिया थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। ललपनिया थाना अंतर्गत गोमिया-तेनुघाट पथ पर पुलिस ने घेराबंदी कर आकाश कुमार साव उर्फ कन्हा ओर विकास कुमार राम को मोटरसाइकिल सवार संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। अपराधियों ने बताया कि वे तीन-चार रंगों को पहचानकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पूछताछ में उन्होंने संलिप्तता स्वीकार किया, इनके निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई मोटरसाइकिल समेत एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया है ,उक्त बात की जानकारी प्रेस वार्ता में बेरमो पुलिस उपाधीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने दी।


## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, खूँटी
### (निर्वाचन शाखा)
### –: आदेश :–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 के क्रम में खूँटी जिलान्तर्गत 59–तोरपा (अ.ज.जा) एवं 60–खूँटी (अ.ज.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रपत्र– 6 के प्रखण्डवार निस्तारण एवं अन्य SIR Phase-III से संबंधित कार्यों के निश्पादन हेतु दिनांक 05.10.2026 से विशेष कैम्प आयोजित किया जाना है। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रमांक | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | प्रखण्ड का नाम | कैम्प आयोजन स्थल | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 59–तोरपा (अ.ज.जा.) | कर्रा | राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जरियागढ़ | |
| 2 | | तोरपा | प्रखण्ड मुख्यालय, तोरपा | |
| 3 | | | एस.एस.उच्च विद्यालय, तपकरा | |
| 4 | | रनियाँ | प्रखण्ड मुख्यालय, रनियाँ | |
| 5 | | | पंचायत भवन, खटखुरा | |
| 6 | | बानो (सिमडेगा जिला) | प्रखण्ड मुख्यालय, बानो | |
| 7 | | | पंचायत भवन, जमतई | |
| 8 | 60–खूँटी (अ.ज.जा.) | कर्रा | +2 उच्च विद्यालय, लोधमा, कर्रा | |
| 9 | | खूँटी | राजकीय बालिका मध्य विद्यालय, डाक बंग्ला रोड, खूँटी | |
| 10 | | | एस.एस.+2 उच्च विद्यालय, कदमा, खूँटी | |
| 11 | | मुरहू | प्रखण्ड मुख्यालय, मुरहू | |
| 12 | | | पंचायत भवन, इन्दीपीड़ी | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त, खूँटी।

PR.NO.391120 Election(26-27):D


# डांडिया-गरबा की थिरकन से गूंजा झरिया



छह दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया :** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा एवं ईजी ईजी स्टेप्स डांस एकेडमी, झरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय निःशुल्क डांडिया एवं गरबा प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार को हुआ। कार्यशाला के पहले दिन दीप प्रज्वलन के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसमें महिलाओं एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मारवाड़ी सम्मेलन, झरिया के संयुक्त सचिव श्री मोहित अग्रवाल, राष्ट्रीय संयोजक श्री विवेक लील्हा, प्रांतीय संयोजक डॉ. मनीष शर्मा, शाखा अध्यक्ष श्रीमती किरण शर्मा, कार्यक्रम संयोजक निक्की अग्रवाल तथा प्रशिक्षक आबदा परवीन मैडम एवं राखी मैडम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला के पहले दिन प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को डांडिया एवं गरबा के बेसिक स्टेप्स, ताल, लय एवं विभिन्न नृत्य मुद्राओं का अभ्यास कराया। संगीत की धुन पर महिलाओं एवं बालिकाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ अभ्यास किया। पहली ही कक्षा में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर शाखा सचिव सन्नी अग्रवाल, मंच सदस्य खुशबू अग्रवाल, समृद्धि शाखा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विनीता लील्हा सहित कई महिलाएं एवं बालिकाएं तथा बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षक आबदा मैडम ने कहा, डांडिया और गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा, उमंग और सामूहिक उत्सव का प्रतीक है। इस कार्यशाला के माध्यम से हमारा प्रयास है कि महिलाएं एवं बालिकाएँ बिना किसी शुल्क के गरबा एवं डांडिया सीखें और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगामी उत्सव में भाग लें। पहले दिन प्रतिभागियों का उत्साह देखकर बहुत खुशी हुई। आने वाले दिनों में उन्हें और बेहतर एवं आकर्षक स्टेप्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की ओर से बताया गया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने तथा आगामी नवरात्रि उत्सव के लिए उन्हें तैयार करने के उद्देश्य से इस निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह प्रशिक्षण 5 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा।


## कार्यालय : जिला परिषद, रामगढ़
**Email ID : ddc-ramgarh@jharkhandmail.gov.in**

### –: आम इश्तेहार :–

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, रामगढ़ द्वारा छत्तरमाण्डू मार्केट कॉम्पलेक्स परिसर में अवस्थित रिक्त निम्नवत् दुकानों को 03 (तीन) वर्षो के लिए डाक द्वारा बंदोबस्ती पर उपलब्ध कराया जाना है, विवरणी इस प्रकार है :–

| दूकान संख्या | लम्बाई x चौडाई | क्षेत्रफल (वर्ग फीट) | 10/– रूपये प्रति वर्ग फीट की दर से कुल मासिक राशि (रूपये में) | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 7 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 10 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 11 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 14 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 17 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 18 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 21 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 23 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 25 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 27 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 30 | 11.00’ x 8.79’ | 97’ | 970.00 | 20000.00 |
| 34 | 35.84’ x 24.20’ | 867’ | 8670.00 | 20000.00 |

जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते है आवेदन का निर्धारित शुल्क 500/–(पाँच सौ) रूपये का राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट, जो DDC-CUM-CEO, DISTRICT BOARD, RAMGARH के पदनाम से देय हो, जिला परिषद, रामगढ़ के कार्यालय में दिनांक 12.10.2026 से 15.10.2026 तक जमा कर किसी भी कार्य दिवस में आवेदन फॉर्म प्राप्त कर सकते है।

नोट :– बंदोबस्ती से संबंधित नियम व शर्ते जिला परिशद्, रामगढ़ के सूचना पट्ट एवं जिला के बेबसाईट : www.ramgarh.nic.in में देखी जा सकती है।

ह०/–
उप विकास आयुक्त
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,जिला परिषद,रामगढ़

PR 391148 District(26-27).D


## स्पेशल कैम्पेन 6.0 के तहत आरपीवाई बीएड कॉलेज में चला स्वच्छता अभियान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के निर्देशानुसार स्पेशल कैंपेन 6.0 के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में क्लासरूम, लैब्स, लाइब्रेरी, कार्यालय, खेल परिसर आदि जगहों की साफ-सफाई की गई। प्रशिक्षुओं एवं महाविद्यालय कर्मियों ने श्रमदान कर परिसर से कचरा, प्लास्टिक व अन्य गंदगी को हटाया तथा स्वच्छता का संदेश दिया। इसके अलावा उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता बनाए रखने का शपथ भी लिया। अभियान का नेतृत्व आइक्यूएसी प्रभारी सहायक प्राध्यापक डॉ मनीष कुमार पासवान ने किया। वहीं कार्यक्रम के दौरान लोगों को ई-वेस्ट के उचित निस्तारण और इससे पर्यावरण एवं स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। साथ ही ई-वेस्ट को इधर-उधर नहीं फेंकने और निर्धारित स्थान पर जमा करने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह के अभियान विद्यार्थियों एवं प्रशिक्षुओं में स्वच्छता, जिम्मेदारी और सामाजिक सहभागिता की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के साथ-साथ समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने दो सड़कों का किया शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जयनगर :** जयनगर प्रखण्ड अंतर्गत स्वर्णकार मोहल्ला में दो महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। काली मंडप रोड स्वर्णकार मोहल्ला और दूसरी सड़क कमला देवी के घर से आर.सी.सी रोड तक का शिलान्यास किया गया। काली मंडप रोड के लिए लोग पिछले बीस वर्षों से आस लगाए बैठे थे, दोनों सड़कों के शिलान्यास होने पर स्थानीय लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। सम्मानित अतिथि के रूप में पश्चिम जिला परिषद प्रतिनिधि देव नारायण यादव एवं पूर्वी जिला परिषद केदारनाथ यादव मौजूद थे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि किसुन यादव, मंडल महामंत्री संजय गुप्ता, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि इशाक मियां, पूर्व मुखिया बैजनाथ रजक, सेवा निवृत्त शिक्षक सुरेंद्र मोदी, राम कुमार, सुनील सिंह, नीलकंठ सोनी, राजकुमार सिंह, सरोज सोनी, सतीश पांडेय, रणजीत सिंह, पप्पू गुप्ता, सहदेव यादव, टिंकू पासवान, विजय सोनी, मुरली गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।


## न्यायालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा
### (विधि शाखा)

ज्ञापांक– 1810 /विधि दिनांक–05.10.2026

IMPOUNDING.(मुद्रांक की कमी से संबंधित) वाद संख्या–83/93 राज्य –बनाम–सहदेव यादव एवं अन्य, वाद संख्या––**103/94 राज्य –बनाम–केशिया देवी एवंअन्य, वाद संख्या–90/95, राज्य –बनाम–मदन दुबे एवं अन्य, वाद संख्या–124/96 राज्य–बनाम–सयनाथ यादव, वाद संख्या–126/96 राज्य –बनाम–बाबुलाल यादव, वाद संख्या–128/96 राज्य –बनाम–सरजुसाहू, वाद संख्या–129/96 राज्य –बनाम–बलदेव साहू एवं अन्य, वाद संख्या–02/13 राज्य –बनाम–ललन यादव एवं अन्य**

–नोटिस–

–बनाम–

1. खगिया देवी, पिता–स्व0 गोवर्धन यादव, 2. सहादेव यादव, पिता–स्व0 गोवर्धन यादव, 3. शिवदयाल यादव पिता–स्व0 गोवर्धन यादव, सभी सा0–कुब्बा नावाडीह, थाना–पत्थलगड्डा, जिला–चतरा 4. बन्धन सिंह, पिता–स्व0 जागो सिंह, 5. केशियादेवी, पति–बन्धन सिंह दोनो साकिन–भागकुरकुटा कैण्डी, थाना–राजपुर, जिला–चतरा, 6. मदन दुबे, पिता–स्व0 भीम दुबे, 7. सुमा देवी, पति–लखन पासवान, 8. बीबी देवी, पति–समसुद्दीन मियां सभी साकिन–केन्दुवा, थाना–गिद्धौर, जिला–चतरा, 9. सैयनाथ यादव, पिता–स्व0 भवानी यादव, सा0–पुरनी हेसाग, थाना–राजपुर, जिला–चतरा, 10. राम प्रसाद यादव, 11. महेन्द्र यादव, 12. रामनारायण यादव, 13. रामचन्द्र यादव सभी पिता–सोमर यादव, सभी साकिन–करमा, थाना–राजपुर, जिला–चतरा, 14. बाबुलाल यादव, पिता–स्व0 भीमल यादव, सा0–हलमत्ता, थाना–ईटखोरी, जिला–चतरा, 15. पुनित यादव, 16. मंगर यादव, 17. सोना यादव, 18. महाबीर यादव सभी साकिन–स्व0 टहल यादव, सभी साकिन–हलमत्ता, थाना–ईटखोरी, जिला–चतरा, 19. सरयु साहु, पिता–स्व0 दुखन साहु, 20. शकुन्तला देवी, पति–नन्दकिशोर साहु, सभी साकिन–गोठाई, थाना–सिमरिया, जिला–चतरा, 21. सरयु साहु, पिता–स्व0 दुखन साहु, 22. बलदेव साहु, पिता–लालदेव साहु, सभी साकिन–गोठाई, थाना–सिमरिया, जिला–चतरा, 23. ललन यादव, पिता–इन्द्रदेव यादव, साकिन–रजगुरूआ, दीभा, चतरा, 24. उषा देवी, पति–स्व0 परशुराम प्रसाद, बभने, चतरा, थाना–चतरा, जिला–चतरा।

बजरिये नोटिस आपको आगाह किया जाता है कि उपायुक्त, चतरा के न्यायालय में संधारित IMPOUNDING. (मुद्रांक की कमी से संबंधित) वाद संख्या–83/93 राज्य –बनाम–सहदेव यादव एवं अन्य, वाद संख्या––**103/94 राज्य –बनाम–केशिया देवी एवं अन्य, वाद संख्या–90/95, राज्य –बनाम–मदन दुबे एवं अन्य, वाद संख्या–124/96 राज्य–बनाम–सयनाथ यादव, वाद संख्या–126/96 राज्य –बनाम–बाबुलाल यादव, वाद संख्या–128/96 राज्य –बनाम–सरजु साहू, वाद संख्या–129/96 राज्य –बनाम–बलदेव साहू एवं अन्य, वाद संख्या–02/13 राज्य –बनाम–ललन यादव एवं अन्य** सुनवाई हेतु लंबित है। सुनवाई की निर्धारित तिथि–03.11.26 है। अतः आपको अंतिम रूप से आगाह किया जाता है कि निर्धारित तिथि–03.11.26 कोस–समय न्यायालय में स्वयं या स्वयं द्वारा प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक तरफा आदेश पारित कर दिया जाएगा। **इसे सख्त ताकीद जानें।**

प्रभारी पदाधिकारी,
विधि शाखा,

PR 391134 District(26-27)#D


## ग्रिजली विद्यालय में विद्यार्थियों को दी गयी उच्च शिक्षा और करियर विकल्पों की जानकारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा :** तिलैया डैम स्थित ग्रिजली विद्यालय के विद्यार्थी सेवा प्रकोष्ठ की ओर से कक्षा 12वीं के विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के लिए 'अपनी यूजी यात्रा को जानें–पाठ्यक्रम, छात्रवृत्ति एवं प्रवेश' विषय पर करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। इसमें अरका जैन विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के करियर काउंसलर सुजीत कुमार और एडमिशन मैनेजर सुमित कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को पारंपरिक पाठ्यक्रमों के साथ-साथ आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस, इंजीनियरिंग, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन और वाणिज्य समेत विभिन्न उभरते क्षेत्रों में करियर की संभावनाओं की जानकारी दी। इसके अलावा कानून, होटल प्रबंधन, पर्यटन, पत्रकारिता, मीडिया, फिल्म, फोटोग्राफी, एनीमेशन और डिजाइन जैसे क्षेत्रों के विकल्पों पर भी चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को रुचि, योग्यता, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के आधार पर करियर का चुनाव करने की सलाह दी। सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न उच्च शिक्षा एवं करियर विकल्पों से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया।


## समाहरणालय, लोहरदगा
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A.)) – 2nd Floor, Block - B
Email id- dwo.lohardaga@gmail.com, meso.lohardaga@gmail.com

### सूचना

सूचित किया जाता है कि निविदा संख्या– 03/2026–27 PR 385845 Lohardaga (2026-27) #D द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में खाद्य–अखाद्य सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है। उक्त निविदा के अन्तर्गत की गई समस्त प्रक्रिया निरस्त मानी जाएगी। इस संबंध में किसी भी निविदादाता का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी। आवश्यकतानुसार उक्त कार्य हेतु पुनः निविदा आमंत्रित की जाएगी।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0,
लोहरदगा

PR 391084 Lohardaga (26-27) D”



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
**e-mail ID: eedwsd.lohardaga1@gmail.com**
### अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना – 11/2026–27

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड रांची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा
3. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय – 12/10/2026 के अपराह्न 03.00 बजे तक (छुट्टी के दिनों को छोड़कर)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 13/10/2026 को 3.30 बजे अपराह्न
5. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 13/10/2026 के अपराह्न 4.30 बजे

निविदा परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – 1)कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा 2)सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल, लोहरदगा

6. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

| क्र0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राषि (रू0 में) | अग्रधन की राषि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Lohardaga*** for the year 2026-27. ***(For Major - 262/Minor - 102 nos., Total – 364 nos.)*** | RMDT-01 | 3,97,933.00 | 5,800.00 | 750.00 | Till 31 March 2027 |
| 2 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Senha*** for the year 2026-27. ***(For Major - 454/Minor - 208 nos., Total – 662 nos.)*** | RMDT-02 | 7,09,772.00 | 10,500.00 | 1,250.00 | Till 31 March 2027 |
| 3 | Repair and maintenance (Ordinary Repair) of Existing Tube well by supplying labour, vehicle (including driver) with fuel and lubricant to be different rural sites etc. all complete work in ***Sub Division Kuru*** for the year 2026-27. ***(For Major - 665/Minor - 305 nos., Total – 970 nos.)*** | RMDT-03 | 10,39,857.00 | 15,200.00 | 1,250.00 | Till 31 March 2027 |

नोट : 1. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
2. निविदा संबंधी आवश्यक जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. निविदा में अंकित संख्या एवं राशि घट बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा

PR 391095 Lohardaga(26-27)D


## अम्बा में आजीविका महिला संकुल की वार्षिक आमसभा

# स्वावलम्बी बनने का आह्वान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कुंडहित (जामताड़ा) :** अंबा पंचायत में सोमवार को अंबा आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य रीना मंडल, पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल, मुखिया दुलु सिंह टुडू, बीपीएम और वनांचल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान समिति का वार्षिक बजट सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए स्वरोजगार अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार जेएसएलपीएस के माध्यम से महिलाओं को ऋण उपलब्ध करा रही है, जिसका लाभ उठाकर महिलाएं अपना रोजगार शुरू कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महिला और पुरुष दोनों की भागीदारी जरूरी है। महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने से परिवार को बेहतर ढंग से संचालित करने और बच्चों की शिक्षा पर अधिक ध्यान देने में मदद मिलेगी। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। ऐसे में ग्रामीण महिलाओं को भी प्रेरणा लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची
### सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**नाम–इमाम अंसारी, उम्र–29 वर्ष, उँचाई–5 फीट 7 ईंच, रंग–गोरा, पहनावा–सफेद रंग का शर्ट एवं काला रंग का पैंट पहने हुए है।**

उपरोक्त लापता व्यक्ति इमाम अंसारी, पिता–मो0 आजम अंसारी, ग्राम–चकला, थाना–ओरमॉझी, जिला–राँची जो दिनांक–19.09.2026 से लापता जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिसके संबंध में ओरमॉझी थाना सनहा सं0–14/2026, दिनांक–20.09.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आव यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**(Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, राँची। – 9431770066
थाना प्रभारी, ओरमॉझी, राँची। – 9431706183
आवेदक मो0 सम्मी अहमद। – 7488336838

PR.NO.391127 Police(26-27):D वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची।

## एक झलक

### गोलीकांड के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए ग्रामीणों का थाना पर धरना

**पश्चिम चम्पारण :** बगहा पुलिस जिला के भैरोगंज थाना क्षेत्र के कपरधिका गांव के समीप दो सितंबर को हुए गोलीकांड के अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को भैरोगंज थाना के मुख्य द्वार के सामने शांतिपूर्ण धरना दिया। ग्रामीणों ने गोलीकांड में घायल उपमुखिया अशोक दास और वार्ड प्रतिनिधि राधेश्याम राम को न्याय दिलाने तथा घटना में शामिल सभी आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, दो सितंबर को कपरधिका गांव के समीप हुए गोलीकांड में उपमुखिया अशोक दास और वार्ड प्रतिनिधि राधेश्याम राम गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भैरोगंज पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना प्रसाद दास और उनके चालक संदीप यादव को गिरफ्तार किया था। ग्रामीणों का आरोप है कि घटना में शामिल अन्य आरोपितों की पहचान और गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। इसी मांग को लेकर ग्रामीणों ने थाना परिसर के मुख्य द्वार के सामने धरना दिया और पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। धरने की सूचना मिलने पर बगहा पुलिस निरीक्षक नीरज कुमार मौके पर पहुंचे और धरनारत ग्रामीणों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा घटना में शामिल अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस निरीक्षक ने ग्रामीणों से बातचीत के दौरान अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए 10 दिनों का समय मांगा। उन्होंने घायल उपमुखिया और वार्ड प्रतिनिधि को न्याय दिलाने तथा मामले में नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।

### हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए एसएसबी जवानों को किया गया प्रेरित

**सुपौल :** 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, वीरपुर के वाहिनी मुख्यालय परिसर में सोमवार को हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा अधिकारियों एवं बल कार्मिकों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न शाखाओं एवं अधीनस्थ इकाइयों के बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन 45वीं वाहिनी के कमांडेंट गौरव सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के महत्व, राजभाषा के रूप में हिंदी की भूमिका, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग तथा दैनिक जीवन में हिंदी को बढ़ावा देने जैसे विषयों पर अपने विचार निबंध के माध्यम से प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने हिंदी के प्रति अपनी समझ और अभिव्यक्ति क्षमता का प्रदर्शन किया। निबंध लेखन के माध्यम से कार्मिकों को राजभाषा हिंदी के महत्व से अवगत कराने के साथ ही कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया।

# बिहार के सभी थानों में जल्द शुरू होगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा




**एजेंसी**

**पटना :** बिहार सरकार के गृह विभाग में मुख्यमंत्री की घोषणाओं और विभिन्न बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रगति को लेकर सोमवार को समीक्षात्मक बैठक हुई। गृह विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने राज्य के सभी थानों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा अगले 30 दिनों के भीतर सक्रिय कराने का निर्देश दिया। प्रधान सचिव ने कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा शुरू होने से थानों और वरीय पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय बेहतर होगा तथा जरूरी मामलों में त्वरित संवाद स्थापित किया जा सकेगा। बैठक में लंबित फोरेंसिक जांच रिपोर्ट से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। प्रधान सचिव ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक रिपोर्ट लंबित रहने के कारण अनुसंधान और न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए। संबंधित पदाधिकारी लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनके त्वरित निष्पादन की कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रधान सचिव ने स्पीडी ट्रायल के मामलों में संबंधित विभागों और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मामलों का शीघ्र निष्पादन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी स्तरों पर समन्वय के साथ कार्रवाई की जाए, ताकि मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। बैठक में विभिन्न आयोगों की ओर से आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की सुरक्षा और सुचारु संचालन को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रधान सचिव ने कहा कि पुलिस मुख्यालय जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर इन परीक्षाओं की मिशन मोड में निगरानी करे। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की आवाजाही और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। परीक्षा के दिन संबंधित शहरों में यातायात व्यवस्था को विशेष रूप से सुचारु रखने का निर्देश दिया गया, ताकि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी न हो और आम नागरिकों के आवागमन पर भी अनावश्यक प्रभाव न पड़े।

प्रधान सचिव ने सभी संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री की घोषणाओं और विभिन्न बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जिलावार अद्यतन प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता और प्रभावी अनुश्रवण पर विशेष जोर दिया। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) पारस नाथ, अपर पुलिस महानिदेशक (आधुनिकीकरण एवं एससीआरबी) अजिताभ कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था) के. सुहिता अनुपम, आईजी (मुख्यालय) मनोज कुमार, अपर सचिव, गृह विभाग कुंदन कुमार, निदेशक, अभियोजन सुधांशु कुमार चौबे, संयुक्त सचिव, गृह विभाग कमल नयन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## अनन्त सिंह की नाराजगी पर बोले ललन सिंह
## नीरज कुमार के खिलाफ कार्रवाई न करना थी चूक

**एजेंसी**



**पटना :** बिहार विधान परिषद की शिक्षक-स्नातक सीट को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में चल रही राजनीतिक हलचल के बीच बाहुबली विधायक अनंत सिंह की नाराजगी दूर करने की कोशिश तेज हो गई है। पार्टी ने केंद्रीय मंत्री ललन सिंह को उनसे बातचीत के लिए लगाया। सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद ललन सिंह ने बताया कि अनंत सिंह ने उनके सामने कई शिकायतें रखी हैं। ललन सिंह ने मीडिया से बातचीत में यह भी स्वीकार किया कि बीते विधानसभा चुनाव के दौरान अनंत सिंह के खिलाफ चलाए गए अभियान में नीरज कुमार शामिल थे और उस समय पार्टी नेतृत्व की ओर से कार्रवाई होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि अनंत सिंह का कहना है कि जब सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया था, तब जदयू के कई नेताओं ने उनसे सरकार के समर्थन का आग्रह किया था। उन्होंने नीतीश कुमार के प्रति सम्मान के कारण सरकार का समर्थन किया। अनंत सिंह का तर्क है कि जब उन्होंने संकट के समय सरकार का साथ दिया तो बाद में उनके खिलाफ चुनाव अभियान चलाए जाने पर पार्टी को कार्रवाई करनी चाहिए थी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सरकार के समर्थन के बाद अनंत सिंह से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुलाकात की थी। उस दौरान उन्हें मोकामा से विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए कहा गया था।

गोला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

## सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने पर दिया गया जोर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को गोला थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी सीताराम महतो ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में गोला प्रखंड प्रमुख गीता देवी शामिल हुईं। बैठक में पुलिस निरीक्षक रजत कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, जिला परिषद सदस्य जलेश्वर महतो सहित विभिन्न पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव, जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। बैठक के दौरान दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के




साथ संपन्न कराने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित पूजा समितियों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव रखे। अधिकारियों ने पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध या अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल पुलिस-प्रशासन को दें।

## मुख्यमंत्री के पैतृक गांव में आंगनबाड़ी की चहारदीवारी निर्माण पर उठे सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गाँव नेमरा में लाखों रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र की चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। बासिक कंस्ट्रक्शन द्वारा कराए जा रहे इस निर्माण कार्य में इस्तेमाल हो रही ईंट, चिनाई और निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। निर्माण स्थल की तस्वीरें सामने आने के बाद ग्रामीणों ने कार्य की गुणवत्ता की जाँच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि नेमरा मुख्यमंत्री का पैतृक गांव है और यहां प्रशासनिक स्तर पर भी विशेष निगरानी रहती है। ऐसे में सरकारी राशि से हो रहे निर्माण में गुणवत्ता को लेकर सवाल उठना चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के तकनीकी अधिकारियों से निर्माण कार्य की



नियमित निगरानी सुनिश्चित करने की मांग की है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि क्षेत्र में बासिक कंस्ट्रक्शन द्वारा कराए जा रहे अन्य निर्माण कार्यों को लेकर भी समय-समय पर आपत्तियां सामने आती रही हैं। हालांकि, वर्तमान निर्माण में निर्धारित मानकों का उल्लंघन हुआ है या नहीं, इसकी पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी।

**क्या कहते हैं संवेदक**

**संवेदक** बासिक अंसारी ने बताया कि उक्त ईंट डीसी के दबाव में जल्दबाजी में मंगाई गई थी।

**क्या कहते हैं जवाबदेह**

**जिला** परिषद के प्रभारी कार्यपालक अभियंता शेखर कुमार ने कहा कि अनियमितता का मामला सामने आने पर इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**क्या कहती हैं स्थानीय जिला परिषद सदस्य**

**जिला** परिषद सदस्य रेखा सोरेन ने बताया कि प्रारंभ में निर्माण कार्य अच्छा हुआ था, लेकिन वर्तमान स्थिति की जानकारी मिलने के बाद इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण सामग्री के इस्तेमाल और कार्य की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराने की मांग की है।

## कांग्रेस के पांच एमएलसी प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**एजेंसी**

**पटना :** बिहार विधान परिषद चुनाव में बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में दरभंगा से डॉ मदन मोहन झा और पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ संजय यादव, स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में पटना से डॉ असदुल्ला खान, दरभंगा से रजनीकांत पाठक और कोसी से मनोज जायसवाल ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने दरभंगा आयुक्त कार्यालय में नामांकन दाखिल किया। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दरभंगा से रजनीकांत पाठक ने नामांकन किया। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से सेवादल के प्रदेश चेयरमैन डॉ संजय यादव ने गांधी मूर्ति गांधी मैदान से आयुक्त कार्यालय में नामांकन किया। वहीं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र पटना से डॉ असदुल्ला खान ने नामांकन किया। कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से पूर्णिया आयुक्त कार्यालय में मनोज कुमार जायसवाल ने कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया। पटना में प्रत्याशियों के नामांकन में मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमैन अजय पासवान, सेवादल के प्रभारी अफरोज खान, पटना महानगर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष कुमार आशीष, चंदन सिंह, आशुतोष शर्मा , शशांक शेखर श्रीधर तिवारी, रुचि सिंह, बिपिन झा सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन मौजूद थे।

## डांडिया की धुन पर झूमीं 101 महिलाएं, जया सिंह व सुनैना किन्नर ने किया डांडिया नाइट का उद्घाटन

■ किड्ज केयर स्कूल व खुशियों की उड़ान ने सजायी भव्य डांडिया नाइट

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** किड्ज केयर स्कूल एवं खुशियों की उड़ान एनजीओ संस्था के संयुक्त तत्वावधान में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 101 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और डांडिया की मनमोहक धुनों पर जम कर थिरकीं। रंग-बिरंगे परिधानों में सजीं महिलाओं ने अपनी प्रस्तुति और उत्साह से पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम का आयोजन किड्ज केयर स्कूल की प्रिंसिपल रिया सिंह एवं खुशियों की उड़ान एनजीओ की अध्यक्ष सरिता सिंह, सचिव निहारिका सिंह के संयुक्त प्रयास से किया गया। दोनों संस्थाओं की पहल पर आयोजित



इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को मनोरंजन के साथ-साथ एक-दूसरे से जुड़ने और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देना था, इसके अलावा यह महिला सशक्तीकरण को भी दशार्ता है। डांडिया नाइट में संगीत, नृत्य और मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों की भी व्यवस्था की गयी थी। महिलाओं ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ कार्यक्रम का आनन्द लिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गतिविधियों एवं आकर्षक पुरस्कारों ने आयोजन में चार चांद लगा दिये। रिया सिंह और सरिता सिंह ने कहा कि महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान और उनके उत्साह को देख कर आयोजन की सफलता का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा भविष्य में भी शिक्षा, सामाजिक सेवा और महिला सशक्तीकरण से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहेगा। भव्य डांडिया नाइट ने शहर में एकता, उमंग और महिला शक्ति का खूबसूरत संदेश दिया। कार्यक्रम में शामिल सभी महिलाओं ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे यादगार बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से रिया सिंह, सरिता सिंह, निहारिका सिंह के अलावा मंजू पांडे, सपना ओझा, बिभा प्रसाद एवं रेनू गुप्ता की मुख्य भूमिका रही।

मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय नेतृत्व का पहली बार चतरा दौरा कई मायने में अहम

## आज पहुंचेगा मोमिन कांफ्रेंस का राष्ट्रीय नेतृत्व



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा :** चतरा में सोमवार को मोमिन समाज के सामाजिक, राजनीतिक और सांगठनिक मुद्दों को लेकर हलचल तेज होगी। ऑल इंडिया मोमिन कांफ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता फिरोज अहमद अंसारी अपने शीर्ष पदाधिकारियों के साथ चतरा पहुंच रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ कांफ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली भी रहेंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व का यह दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक मुद्दों को मजबूती से उठाने की कवायद चल रही है। ऐसे में चतरा में होने वाली बैठक को संगठन के स्तर पर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राष्ट्रीय नेतृत्व के चतरा आगमन को लेकर जिला मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकताओं में खासा उत्साह है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत वरिष्ठ पदाधिकारी हजारीबाग के रास्ते सड़क मार्ग से चतरा पहुंचेंगे। सुबह 11 बजे चतरा न्यू परिसदन में उनका आगमन होगा। यहां जिला एवं स्थानीय कार्यकताओं की ओर से उनका स्वागत किया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व सीधे कार्यकताओं के बीच पहुंचेगा और जिले की स्थिति को समझने का प्रयास करेगा। कार्यकताओं से सीधा संवाद, जमीनी हकीकत जानेंगे, कार्यक्रम के दूसरे चरण में सुबह 11:30 बजे से जिला मोमिन कांफ्रेंस के कार्यकताओं के साथ बैठक होगी। इस बैठक को दौरे का अहम हिस्सा माना जा रहा है। इसमें जिले में संगठन की स्थिति, सामाजिक गतिविधियों, समुदाय से जुड़े मुद्दों तथा भविष्य की रणनीति पर विचार-विमर्श किया जाएगा। राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व कार्यकताओं से सीधे संवाद कर जमीनी स्तर की समस्याओं और चुनौतियों से अवगत होगा। बैठक में केवल संगठनात्मक विषय ही नहीं, बल्कि समाज की शिक्षा, रोजगार, सामाजिक भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है।

## मोबाइल फॉरेंसिक्स की बारीकियां सीख रहे पुलिस अधिकारी, डिजिटल साक्ष्य से जांच होगी मजबूत




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** आपराधिक मामलों की जांच में मोबाइल और डिजिटल साक्ष्यों के बढ़ते महत्व को देखते हुए सोमवार को समाहरणालय स्थित पुलिस सभागार में विधि विज्ञान एवं डिजिटल फॉरेंसिक्स प्रशिक्षण के चौथे सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारियों और अनुसंधानकर्ताओं को मोबाइल से मिलने वाले डिजिटल साक्ष्यों की पहचान, संरक्षण, अधिग्रहण और वैज्ञानिक विश्लेषण की जानकारी दी गई। सत्र की अध्यक्षता ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब ने की। डीएसपी विधि व्यवस्था प्रकाश सोय, डीएसपी साइबर प्रदीप कुमार साव समेत पुलिस पदाधिकारी और अनुसंधानकर्ता मौजूद थे। प्रशिक्षक सुयश भारती ने एंड्राइड और आईओएस उपकरणों से डिजिटल साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया और सावधानियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण में कॉल लॉग, संदेश और चैट, संपर्क, फोटो-वीडियो, लोकेशन, ब्राउजर हिस्ट्री, सिम व डिवाइस संबंधी जानकारी तथा विभिन्न एप के डिजिटल डेटा के फॉरेंसिक महत्व को समझाया गया।

## 59वीं खान बचाव प्रतियोगिता का धनसार माइंस रेस्क्यू स्टेशन में शुभारम्भ



■ 12 टीमें लेंगी हिस्सा, तीन दिनों तक परखी जायेगी बचावकर्मियों की तकनीकी दक्षता और आपातकालीन क्षमता

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनसार:** धनसार स्थित माइंस रेस्क्यू स्टेशन में सोमवार को 59वीं खान बचाव प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में बीसीसीएल की नौ, सेल (सीडी) की एक तथा टाटा की एक टीम समेत कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में खान बचाव दलों की तकनीकी दक्षता, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, टीमवर्क और सुरक्षा ज्ञान की परीक्षा होगी। प्रतियोगिता के पहले दिन सभी टीमों के प्रतिभागियों की थ्योरी एवं लिखित परीक्षा आयोजित की गई। मुख्य परीक्षक खान सुरक्षा निदेशक, क्षेत्र-2 संजय कुमार, महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं बचाव) धनराज आखरे, रेस्क्यू अधीक्षक राजेश्वर शर्मा तथा बस्ताकोला क्षेत्र के महाप्रबंधक एसके गायकवाड़ समेत डीजीएमएस के वरिष्ठ अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे। प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार से बुधवार तक धनसार माइंस रेस्क्यू स्टेशन और चांदमारी कोलियरी में किया जाएगा। इसमें रेस्क्यू सदस्य विभिन्न व्यावहारिक परिस्थितियों में अपने बचाव कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खान दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित और प्रभावी बचाव के लिए रेस्क्यू टीमों की तकनीकी क्षमता, अनुशासन और आपसी समन्वय को मजबूत करना है।

एक सप्ताह पहले जन्मदिन की खुशियों में थीं, अब रह गयीं स्मृतियां...

## संत मरियम चेयरमैन की सासू मां का निधन,दी गयी अंतिम विदाई

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव की सासू माँ का शनिवार को लुधियाना में हृदयाघात से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। अविनाश देव लुधियाना से डालटनगंज पहुंचे और रविवार देर रात घर आए। सोमवार को हरिश्चंद्र घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। परिवार के लिए यह निधन इसलिए भी भावुक कर देने वाला है क्योंकि करीब एक सप्ताह पहले ही अविनाश देव के बेटे का जन्मदिन परिवार ने उत्साह के साथ मनाया था। इस अवसर पर परिवार के सभी सदस्य मौजूद थे और दिवंगत



सासू माँ भी इस खुशी में शामिल हुई थीं। उस समय किसी को अंदाजा नहीं था कि यह पारिवारिक मिलन उनकी आखिरी मुलाकातों में से एक बन जाएगा। जन्मदिन समारोह की यादें अब परिवार के लिए खुशी के साथ-साथ भावुक कर देने वाली स्मृतियां बन गई हैं। उस अवसर पर साथ बिताए गए पल, बातचीत और पारिवारिक तस्वीरें अब उनके स्नेह और उपस्थिति की याद दिलाती रहेंगी।

बैठक में सख्त निर्देश, फिर भी गोला की सड़कों पर बालू लदे वाहन बेखौफ

# बिना स्पष्ट नम्बर प्लेट वाले वाहनों पर कौन रख रहा नजर : उपायुक्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गोला (रामगढ़) :** गोला थाना क्षेत्र की सड़कों पर बालू लदे वाहनों की लगातार आवाजाही अब केवल बालू परिवहन का मामला नहीं रह गया है, बल्कि प्रशासनिक निगरानी और सरकारी राजस्व से जुड़ा गंभीर सवाल बनता जा रहा है। चौराहों और गांवों में चर्चा है कि दिन हो या रात, बालू लदे वाहन लगातार आते-जाते दिखाई देते हैं। सामने आई तस्वीरों में भी बालू से लदे वाहन सड़कों पर गुजरते नजर आ रहे हैं।



**उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक, निर्देश सख्त–फिर भी असर कहां?**

**पिछले** दिनों उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई थी। बैठक में अवैध खनन और बालू के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद यदि गोला की सड़कों पर बालू लदे वाहन लगातार दिखाई दे रहे हैं तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर निर्देशों का असर जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है?

**बिना नम्बर प्लेट या अस्पष्ट नम्बर...जिम्मेदारी किसकी?**

**सामने** आई तस्वीरों में एक बालू लदे वाहन की नंबर प्लेट स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है। ऐसे में सवाल सीधा है–यदि ऐसा वाहन किसी दुर्घटना को अंजाम देकर फरार हो जाए तो उसकी पहचान कैसे होगी? दुर्घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी आखिर किसकी होगी? क्या ऐसे वाहनों के कागजात, पंजीकरण, चालान और परिवहन अनुमति की जांच की जा रही है?

**पुलिस गश्ती के बीच वाहन, फिर भी कार्रवाई क्यों नहीं?**

**ग्रामीणों** का कहना है कि क्षेत्र में पुलिस के गश्ती वाहन लगातार चलते हैं। इसके बावजूद बालू लदे वाहन सड़कों पर दिखाई देते हैं। कई ग्रामीणों के अनुसार बालू लदे वाहनों के आगे-पीछे पुलिस वाहन भी गुजरते नजर आते हैं। कहीं-कहीं चालक और खलासी के पुलिसकर्मियों से बातचीत करने की बात भी सामने आती है। आखिर इन वाहनों की जांच होती है या नहीं? क्या चालान और परिवहन संबंधी दस्तावेज देखे जाते हैं? इन सवालों का जवाब निष्पक्ष जांच के बाद ही सामने आ सकता है।

**सरकारी निगरानी पर खर्च, फिर भी परिणाम कहां?**

**अवैध** खनन रोकने के लिए पुलिस, प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा निगरानी एवं गश्ती की जाती है। इस पूरी व्यवस्था में सरकारी संसाधनों का उपयोग होता है।

## आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं को विधायक राज सिन्हा ने किया सम्मानित

■ आंगन उत्सव में बच्चों के बीच बांटी पोषण सामग्री, सेविकाओं के योगदान को बताया भविष्य की मजबूत नींव

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्षों के सेवाकाल के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार को बरटांड़ मंडल के बाबूडीह स्थित मॉडल आंगनवाड़ी सह प्री-नर्सरी स्कूल में आंगन उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने



आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाओं को सम्मानित किया। साथ ही नन्हे बच्चों के बीच पोषण सामग्री का वितरण किया। विधायक ने कहा कि आंगनवाड़ी सेविका-सहायिकाएं केवल सरकारी व्यवस्था का हिस्सा नहीं, बल्कि बच्चों के स्वस्थ, संस्कारित और उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बच्चों को पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने के साथ माताओं व परिवारों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करती हैं। राज सिन्हा ने कहा कि आंगनवाड़ी बहनों की ममता, सेवा और समर्पण को केवल सम्मान के शब्दों तक सीमित नहीं किया जा सकता। इनके योगदान को समाज और सरकार दोनों की ओर से सम्मान व प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास जारी है और सेवा ही राष्ट्रनिर्माण का आधार है। वार्ड पार्षद अशोक पाल ने कहा कि सेवा मेरा योगदान प्रत्येक नागरिक को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है।

# एशियाई खेलों में भारतीय पहलवानों ने किया शानदार प्रदर्शन, छह पदकों के साथ रहा सर्वश्रेष्ठ परिणाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : भारतीय कुश्ती दल ने जापान के आइची-नागोया में हाल ही में समाप्त हुए 20वें एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते। भारत ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक अपने नाम किए। जापान में 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में यह भारत का एशियाई खेलों में अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ कुश्ती प्रदर्शन है। इससे बेहतर प्रदर्शन भारत ने केवल 1962 के एशियाई खेलों में किया था, जहां भारतीय पहलवानों ने कुल 12 पदक जीते थे। भारत ने 18 में से 15 भार वर्गों में पहलवान उतारे और फ्रीस्टाइल, ग्रीको-रोमन तथा महिला कुश्ती तीनों वर्गों में पदक हासिल किए। भारतीय पहलवानों ने इस दौरान ओलंपिक चैंपियन, मौजूदा विश्व चैंपियन और विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर काबिज पहलवानों को भी मात दी।

**सुजीत और अमन ने जीते स्वर्ण**

65 किग्रा फ्रीस्टाइल में सुजीत कलकल ने पदार्पण करते हुए स्वर्ण पदक जीता। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद सुजीत ने सेमीफाइनल में जापान के 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कियोका कोटारो को 3-3 की बराबरी के बाद मानदंड के आधार पर हराया। फाइनल में उन्होंने ताजिकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडियव को 10-9 से हराकर स्वर्ण अपने नाम किया। वह 65 किग्रा फ्रीस्टाइल में एशियाई खेलों का स्वर्ण जीतने वाले तीसरे भारतीय बने। 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में अमन सहरावत ने भी ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर मौजूद अमन ने फाइनल में उत्तर कोरिया के विश्व नंबर एक और 2025 विश्व चैंपियन चोंग सोंग हान को 11-7 से हराया। यह इस भार वर्ग में एशियाई खेलों में भारत का पहला स्वर्ण पदक है।



**नितेश और अंतिम पंघाल को रजत**

ग्रीको-रोमन के 97 किग्रा वर्ग में नितेश ने रजत पदक जीता। वह 64 साल बाद एशियाई खेलों के ग्रीको-रोमन फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बने। उनसे पहले 1962 में मारुति माने ने 97 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता था। नितेश ने सेमीफाइनल मुकाबला दो मिनट के भीतर 9-0 से जीता था। महिला 53 किग्रा वर्ग में विश्व नंबर एक अंतिम पंघाल ने रजत पदक हासिल किया। उन्होंने फाइनल में पहुंचने के दौरान पांचवीं रैंक की पहलवान को हराया और दो मुकाबले बिना कोई अंक गंवाए जीते। वह 2023 में जीते कांस्य पदक के बाद उनके प्रदर्शन में सुधार है।

**सुनील और दीपक ने जीते कांस्य**

ग्रीको-रोमन के 87 किग्रा वर्ग में सुनील कुमार ने कांस्य पदक जीता। 2023 के बाद लगातार दूसरी बार एशियाई खेलों में कांस्य जीतकर वह लगातार दो एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवान बने। उन्होंने कांस्य पदक मुकाबला दो मिनट के भीतर 9-0 से जीता। फ्रीस्टाइल के 97 किग्रा वर्ग में दीपक पूनिया ने कांस्य पदक जीता। नए भार वर्ग में उतरते हुए दीपक सेमीफाइनल में 8-9 से हार गए, लेकिन कांस्य पदक मुकाबले में 2-1 से जीत दर्ज की। यह इस भार वर्ग में भारत का 60 साल में पहला पदक है।

**पदक से चूके पहलवानों ने भी छोड़ी छाप**

74 किग्रा फ्रीस्टाइल में सागर जगलान पांचवें स्थान पर रहे। लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद वापसी करने वाले सागर ने 2023 एशियाई खेलों के 65 किग्रा चैंपियन और 70 किग्रा वर्ग के विश्व नंबर एक तुलगा तुमुर ओचिर तथा 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता रजामबेक सलामबेकविच जमालोव को हराया। 62 किग्रा में मानसी और 50 किग्रा में दीपांशी पांचवें स्थान पर रहीं और दोनों पदक से सिर्फ एक मुकाबला दूर रहीं। दीपांशी का यह पदार्पण था। 57 किग्रा में पदार्पण करने वाली मनीषा भंवाला सातवें स्थान पर रहीं। उन्हें 2024 ओलंपिक चैंपियन और 2023 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अकारी फुजिनामी ने 3-0 से हराया।

**21वीं सदी में सबसे बेहतर प्रदर्शन**

भारत के 2026 के छह पदकों में दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य शामिल हैं। 1978 और 2018 में भी भारत ने दो स्वर्ण जीते थे, लेकिन 1962 के 12 पदकों के बाद 2026 का कुल छह पदकों का प्रदर्शन भारत का दूसरा सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। भारत ने 1962, 1970, 1982, 2014 और अब 2026 में एशियाई खेलों में तीनों रंग के पदक जीते हैं। इस अभियान में सुजीत, सागर, दीपांशी, मनीषा, रजत रुहाल और प्रिया मलिक सहित छह पहलवानों ने पदार्पण किया। भारतीय कुश्ती का यह प्रदर्शन एशिया के मजबूत खिलाड़ियों के खिलाफ हासिल किया गया और कई मुकाबलों का फैसला बेहद मामूली अंतर या मानदंड के आधार पर हुआ।

## एक झलक

### इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 तक

**कोडरमा** : कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जाने वाले इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है। ज्ञात हो कि रजिस्ट्रेशन के लिए केडीसीए के द्वारा 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक ही रजिस्ट्रेशन करवा लेना है, इसकी जानकारी पूर्व में भी दी जा चुकी है। आज तक कुछ स्कूलों ने फार्म ले लिया है। बाकी इच्छुक स्कूल निर्धारित अवधि तक फॉर्म लेकर अपना प्रपत्र जमा करें। प्रतिदिन अपराह्न 3:00 बजे से 5:00 बजे तक झुमरी तिलैया स्थित छावड़ा लॉज में सुरेंद्र प्रसाद, मुकेश प्रभाकर और राजू रंजन सिन्हा से संपर्क स्थापित कर रजिस्ट्रेशन प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन की संभावित तिथि 14 अक्टूबर है। उक्त आशय की जानकारी केडीसीए के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा और सचिव दिनेश सिंह ने दी।

### धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का भारत पर 20 और वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना

**नयी दिल्ली** : भारत और वेस्टइंडीज पर शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए टी-20 के तीन मैचों की श्रृंखला के तीसरे और अंतिम एकदिवसीय मुकाबले में धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए भारत पर मैच फीस का 20 प्रतिशत, जबकि वेस्टइंडीज पर 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। समय की छूट को ध्यान में रखने के बाद भारत निर्धारित ओवर गति से चार ओवर और वेस्टइंडीज दो ओवर पीछे रहा। दोनों टीमों के कप्तानों ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए प्रस्तावित सजा को मान लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं पड़ी। आईसीसी अंतरराष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल के प्रकाश भट्ट ने ये प्रतिबंध लगाए। मैदान पर अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद तथा चौथे अंपायर वीरेंद्र शर्मा ने धीमी ओवर गति के आरोप लगाए थे। वेस्टइंडीज ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले से पहले तीन मैचों की श्रृंखला 0-2 से गंवा दी थी, लेकिन न्यू चंडीगढ़ में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर भारत दौरे के एकदिवसीय चरण का शानदार अंत किया।

## पुर्तगाल ने नॉर्वे को हरा कर नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल में बनायी जगह



एजेंसी

**पोर्टो** : क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रहे मौजूदा चैंपियन पुर्तगाल ने रविवार रात नेशंस लीग में नॉर्वे को 2-1 से हराकर मार्च में होने वाले क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। पुर्तगाल ने प्रतियोगिता में लगातार चार जीत दर्ज करते हुए ग्रुप ए4 में शीर्ष दो में स्थान सुनिश्चित कर लिया है। पुर्तगाल की ओर से गोंसालो रामोस ने मैच खत्म होने से 11 मिनट पहले निर्णायक गोल किया। इस जीत के बाद पुर्तगाल दूसरे स्थान पर मौजूद डेनमार्क से छह अंक आगे हो गया है। डेनमार्क ने कार्डिफ में वेल्स को 1-0 से हराया। रोनाल्डो पिछले सप्ताह कोच जॉर्ज जीसस के साथ विवाद के बाद टीम से अलग हो गए थे। उनके बिना भी पुर्तगाल ने गुरुवार को डेनमार्क के खिलाफ जीत दर्ज की थी और अब घरेलू मैदान पर नॉर्वे को हराकर अपनी जीत की लय कायम रखी। नॉर्वे ने 36वें मिनट में बढ़त बनाई। सेंटर-बैक क्रिस्टोफर एजेर ने पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से शानदार हाफ-वॉली लगाकर गेंद को गोल में पहुंचाया। हालांकि, दो मिनट बाद ही पुर्तगाल ने बराबरी कर ली। जोआओ कैंसेलो ने जोरदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। निर्णायक गोल रामोस ने किया। जोआओ फेलिक्स ने गेंद को गोल की ओर हेडर के जरिए गेंद पहुंचाई, जिसे रामोस ने अपने पैर के पिछले हिस्से से गोल में डाल दिया। पुर्तगाल के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा, ह्लनॉर्वे को हराने के लिए काफी तकनीकी गुणवत्ता की जरूरत होती है। हमने डेनमार्क के खिलाफ जैसा प्रदर्शन किया था, वैसा प्रदर्शन किए बिना जीत हासिल की, लेकिन महत्वपूर्ण बात जीत और क्वालीफिकेशन थी। मुझे इस टीम पर काफी भरोसा था, लेकिन शायद मैंने यह उम्मीद नहीं की थी कि हम अपने पहले चार मैचों में चार जीत दर्ज कर लेंगे।

## वैभव बहुत समझदार खिलाड़ी हैं, उन्हें बस मौके का आनन्द लेकर सर्वश्रेष्ठ देना है : अभिषेक शर्मा



**नयी दिल्ली** : आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के अहम खिलाड़ियों में शामिल अभिषेक शर्मा नए घरेलू सत्र में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के साथ एक और खिताब जीतने के इरादे से मैदान पर उतरने को तैयार हैं। जियोस्टार के कार्यक्रम ह्रफॉलो द ब्लूज: जेन-नेक्स्ट अभिषेक में अभिषेक ने एक टूर्नामेंट से दूसरे टूर्नामेंट तक जीत की लय बनाए रखने, युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के साथ बातचीत और स्वाभाविक खेल को खेलने के लिए टीम प्रबंधन से मिले समर्थन पर विस्तार से बात की। अभिषेक ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप की जीत के बाद अगले विश्व कप में भी उसी सफलता को दोहराने और जीत की लय बरकरार रखने को लेकर कहा, क्रिकेट में जब मैं आया था, तो 24 साल का था, अब मैं 26 साल का हूं। एक युवा क्रिकेटर के रूप में आप खुद से कहते हैं कि अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है, यह सिर्फ शुरुआत है।

## हॉकी इंडिया लीग के बाद लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए नयी टीम तैयार करना हमारा लक्ष्य : क्रेग फुल्टन

**नयी दिल्ली** : भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दो दिन पहले आइची-नागोया एशियाई खेलों में मलेशिया को फाइनल में 5-1 से हराकर अपने एशियाई खेलों के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। इस जीत के साथ हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली भारतीय टीम ने लॉस एंजिल्स-2028 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई भी कर लिया। भारतीय पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने साई मीडिया से विशेष बातचीत में कहा कि लॉस एंजिल्स



ओलंपिक अब ज्यादा दूर नहीं है और हॉकी इंडिया लीग के बाद उन्हें नई टीम तैयार करने पर काम करना होगा। इसमें टीम में अधिक युवा खिलाड़ियों को शामिल कर अनुभव और युवा जोश के बीच बेहतर संतुलन बनाने पर जोर रहेगा। फुल्टन ने कहा, ह्ललॉस एंजिल्स 2028 दो साल के भीतर है। ऐसा लगता है कि अभी काफी समय है, लेकिन यह समय बहुत जल्दी आ जाता है। फिलहाल हम सही कार्यक्रम और सही योजना तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। हमें यह तय करना है कि दो साल पहले, एक साल पहले और छह महीने पहले हमारी तैयारी कैसी होनी चाहिए और उसी के अनुसार योजना बनानी है।

## 'हांगकांग सिक्सेस' में भारत की कप्तानी करेंगे भुवनेश्वर कुमार




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार आगामी हांगकांग सिक्सेस-2026 में भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट का आयोजन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होगा। भारतीय टीम में भुवनेश्वर के अलावा क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नीतीश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन को शामिल किया गया है। हांगकांग सिक्सेस छह खिलाड़ियों के साथ खेला जाने वाला तेजतर्रार प्रारूप है, जिसमें खिलाड़ियों को अपनी लय बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं मिलता। मुकाबले तेज गति वाले और अधिक स्कोर वाले होते हैं तथा आक्रामक क्रिकेट पर जोर रहता है। बल्लेबाजों को खुलकर शॉट खेलने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जबकि प्रत्येक खिलाड़ी से गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सहित सभी विभागों में योगदान की उम्मीद रहती है। भारतीय टीम हांगकांग सिक्सेस में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से वापसी करेगी।



उत्तरी मैसीडोनिया में सकोपजे मैराथन रेस में भाग लेते हुए प्रतियोगी।

## रोनाल्डो जब चाहे कर सकते हैं टीम में वापसी : कोच

एजेंसी

**पोर्टो** : पुर्तगाल फुटबॉल टीम के मुख्य कोच जॉर्ज जीसस ने टीम के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो से मतभेदों को लेकर आ रही खबरों के बीच ही कहा कि अगर रोनाल्डो दोबारा राष्ट्रीय टीम के लिए दोबारा खेलना चाहते हैं तो उनके लिए टीम के दरवाजे हमेशा खुले हैं। कोच ने स्पष्ट किया कि उनकी रोनाल्डो से कोई नाराजगी नहीं है और ये पूरा विवाद केवल गलतफहमी से पैदा हुआ है। जिससे आसानी से सुलझाया जा सकता है। कोच ने हालांकि ये भी कहा कि रोनाल्डो को अगली टीम घोषणा से पहले अपने भविष्य और करियर को लेकर सोच विचारकर फैसला करना होगा। इससे पहले 41 वर्षीय अनुभवी खिला रोनाल्डो ने कोच के साथ कप्तान



की भूमिका और प्लेइंग टाइम को लेकर बढ़ते मतभेद के बाद टीम का शिविर छोड़ दिया था। कैंप छोड़ने के तुरंत बाद रोनाल्डो ने सोशल मीडिया पर अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए लिखा था कि सही समय आने पर वह सभी पुर्तगाली लोगों को राष्ट्रीय टीम छोड़ने के अपने कारणों के बारे में विस्तार से बताएंगे, जिसके प्रति वह हमेशा समर्पित रहे हैं।

**अंडर-17 लातेहार के खिलाड़ियों का जलवा**

## राज्य प्रतियोगिता में जीता चैम्पियन का खिताब

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**लातेहार** : रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय अंडर-17 खेल प्रतियोगिता में लातेहार के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। तीन और चार अक्टूबर को हुई प्रतियोगिता में लातेहार की बालक अंडर-17 टीम ने सर्वाधिक प्रभावी प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। जिले के खिलाड़ियों ने कुल आठ पदक अपने नाम किए,एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अनित उरांव ने 100 मीटर और 200



मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। प्रिंस तिर्की ने ट्रिपल जंप और नीतिन आर्यन ने 110 मीटर हर्डल रेस में स्वर्ण पदक जीता। 4100 मीटर रिले में अनित उरांव, प्रिंस तिर्की, राकेश कुमार और नीतिन आर्यन की टीम भी स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही। जैवलिन थ्रो में विष्णु मुर्मू तथा 4400 मीटर रिले में सबीर खेस, शक्ति कुमार सिंह, सुमित कुमार महतो और रौशन साहू ने रजत पदक हासिल किया। पांच हजार मीटर पैदल चाल में अभास तिर्की ने कांस्य पदक जीता प्रतियोगिता में प्रिंस तिर्की के प्रदर्शन को विशेष रूप से सराहा गया। उन्हें राज्य के सर्वश्रेष्ठ एथलीट के पुरस्कार से नवाजा गया। टीम के प्रशिक्षक आवासीय एथलेटिक्स प्रशिक्षण केंद्र, लातेहार के आलोक कुमार सिंह थे। जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर उपायुक्त संदीप कुमार, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी, वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा, कमलेश उरांव सहित जिलेवासियों ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को बधाई दी।

## जियो गेम्स पर आया क्रिकेट 26, 48 रुपये से शुरू होगा प्रीमियम क्रिकेट का मजा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**नयी दिल्ली** : क्रिकेट प्रेमियों के लिए अच्छी खबर है। अब महंगा गेम खरीदने या गेमिंग कंसोल पर बड़ी रकम खर्च किये बिना भी भारत में प्रीमियम क्रिकेट गेम का मजा लिया जा सकेगा। जियो गेम्स ने क्रिकेट 26 - द ऑफिशियल गेम ऑफ द एशेज को अपने क्लाउड गेमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराया है। यह गेम जियो गेम्स प्रो पास के जरिए खेला जा सकेगा। गैर-जियो यूजर्स के लिए प्रो पास की शुरुआत सिर्फ 48 रुपये से होती है, जबकि जियो यूजर्स को चुनिंदा प्लान पर 100 रुपये तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी। जियो गेम्स की खास बात यह है कि इसका इस्तेमाल सिर्फ जियो ग्राहक ही नहीं, बल्कि दूसरे मोबाइल और ब्रॉडबैंड ऑपरेटर के यूजर्स भी कर सकते हैं। 48 रुपये के शुरुआती प्लान के अलावा 98 रुपये और 398 रुपये के प्लान भी उपलब्ध हैं। जियो यूजर्स को चुनिंदा प्रो पास प्लान पर 100 रुपये की छूट मिलेगी। इसके अलावा एक साल का प्रो पास और गेमिंग कंट्रोलर वाला ऑफर भी लिया जा सकता है। क्रिकेट 26 को क्लाउड से स्ट्रीम करके खेला जा सकता है। यानी गेम खेलने के लिए अलग से महंगा और हाई-एंड गेमिंग पीसी या गेमिंग कंसोल खरीदने की जरूरत नहीं होगी। खिलाड़ी डेस्कटॉप और लैपटॉप पर क्रोम ब्राउजर के जरिये गेम खेल सकते हैं। इसके अलावा एंड्रॉयड फोन, आईफोन, जियो सेट-टॉप बॉक्स और एंड्रॉयड टीवी पर भी जियो गेम्स ऐप के जरिये इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। गेम में कई आकर्षक फीचर दिये गये हैं। इसमें करियर मोड, टीम को मैनेज करने का विकल्प, बेहतर और ज्यादा फीचर वाला एशेज मोड, प्रो टीम, मल्टीप्लेयर और अपनी क्रिकेट एकेडमी बनाने का विकल्प शामिल है। बल्लेबाजी और गेमप्ले को भी पहले के मुकाबले बेहतर बनाया गया है। इससे खिलाड़ियों को सिर्फ मैच खेलने के बजाय टीम तैयार करने और अपने हिसाब से क्रिकेट का अनुभव लेने का भी मौका मिलेगा। आमतौर पर प्रीमियम क्रिकेट गेम खेलने के लिए गेम खरीदने के साथ गेमिंग कंसोल या हाई-एंड गेमिंग पीसी पर भी खर्च करना पड़ता है। जियो गेम्स ने क्लाउड गेमिंग के जरिये इसे आसान बनाने की कोशिश की है। सब्सक्रिप्शन लेने के बाद गेम को सीधे क्लाउड से स्ट्रीम किया जा सकता है। भारत में क्रिकेट की बढ़ी लोकप्रियता को देखते हुए यह उन गेमर्स के लिए खास विकल्प बन सकता है, जो बिना महंगे गेमिंग सेटअप के प्रीमियम क्रिकेट गेमिंग का मजा लेना चाहते हैं।

Jio TRUE 5G

48 रुपये से शुरू प्रो पास, जियो यूजर्स को चुनिंदा प्लान पर 100 रुपये तक की छूट

क्लाउड से स्ट्रीम कर मोबाइल, लैपटॉप और टीवी पर खेल सकेंगे प्रीमियम क्रिकेट गेम

## एपीएल सीजन-2 में पहले दिन पांच मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

■ पुरुष, महिला और बच्चों की 10 टीमों ने लिया हिस्सा, रोमांचक मुकाबलों से बना उत्साहपूर्ण माहौल



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : जीनी स्पोर्ट्स एकेडमी में रोमांच, उत्साह और प्रतिस्पर्धा का नजारा देखने को मिला। अग्रवाल समाज झुमरी तिलैया के तत्वावधान में आयोजित अग्रवाल प्रीमियर लीग (एपीएल) सीजन-2 का भव्य आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें छह पुरुष, दो महिला और दो बच्चों की टीमें शामिल हैं। उद्घाटन के साथ ही पहले दिन विभिन्न वर्गों में पांच मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। पहले मुकाबले में आनंद विहार रॉयल्स ने तुलस्यान मेटल्स को चार विकेट से पराजित किया। आनंद विहार रॉयल्स की जीत में आदित्य पिलानिया ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने गेंदबाजी में एक महत्वपूर्ण विकेट हासिल करने के बाद बल्लेबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 31 रन बनाए। उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। बच्चों की श्रेणी में खेले गए दूसरे मुकाबले में रन रॉकेट ने सुपर लायंस को मात दी। रन रॉकेट की जीत के नायक वैदिक चौधरी रहे। उन्होंने महज 13 गेंदों में 12 रन बनाने के साथ गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट झटके। उनके बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## अपना क्लब हजारीबाग ने पुरनाडीह को दो गोल से हराया

■ अपना क्लब हजारीबाग के खिलाड़ी नेहरू कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : आजाद क्लब गुमो के तत्वावधान में झुमरिया टांड मैदान में आयोजित नकुल मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन का मैच अपना क्लब हजारीबाग और रंगदार क्लब पुरनाडीह के बीच खेला गया। दोनों टीमों के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में अपना क्लब हजारीबाग की टीम ने दो गोल की बढ़त के साथ प्रतियोगिता के अगले चक्र में प्रवेश पा लिया है। मैच में निर्णायक की भूमिका गोविंद यादव शुभम कुमार और संतोष कुमार ने निभाई। आज का मैच ढाब और कोसमाडीह के बीच खेला जायेगा। इस मौके पर झुमरी तिलैया के नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोहर कुमार राम और पार्षद प्रतिनिधि बबलू पांडेय अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने मैन ऑफ द मैच को टीशर्ट देकर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र राम ने किया। अपना क्लब हजारीबाग के खिलाड़ी नेहरू कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

## एक झलक

### सेल का कच्चे इस्पात का उत्पादन अप्रैल-सितम्बर में बढ़ कर हुआ 96 लाख टन

**नयी दिल्ली** : सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सालाना आधार पर कच्चे इस्पात का उत्पादन एक फीसदी बढ़ाकर 96 लाख टन पर पहुंचा दिया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में कई बेहतरीन उपलब्धियां हासिल कीं और सितंबर में भी मजबूत रफ्तार जारी रही। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में 'हॉट मेटल' का उत्पादन दो फीसदी बढ़कर 1.02 करोड़ टन रहा है, जबकि तैयार इस्पात का उत्पादन एक प्रतिशत बढ़कर 83.9 लाख टन रहा। कंपनी ने कहा कि कुल बिक्री योग्य इस्पात उत्पादन में तैयार इस्पात की हिस्सेदारी अप्रैल-सितंबर, 2025 के 86.8 फीसदी से बढ़कर 89.2 फीसदी हो गई। हालांकि, सेल ने इसका कुल उत्पादन आंकड़ा नहीं दिया। इस अवधि में भारतीय रेलवे को लंबी रेल, व्हील्स और एक्सेल की आपूर्ति में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में क्रमशः सात फीसदी और तीन फीसदी की वृद्धि हुई। इस्पात मंत्रालय के तहत आने वाली सेल भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात विनिमार्ता कंपनी है। इसकी स्थापित क्षमता सालाना दो करोड़ टन से अधिक है।

### आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा बैठक शुरू, रेपो रेट में 0.25 फीसदी वृद्धि सम्भव

**मुंबई** : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक सोमवार से शुरू हो गई है। आर्थिक मामलों के जानकारों ने इस बार नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी तक की बढ़ोतरी किया जाने की संभावना जताई है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में मुंबई में यह समीक्षा बैठक 5 से 7 अक्टूबर तक चलेगी। इसके बाद संजय मल्होत्रा 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे एमपीसी की मौद्रिक नीति के फैसले की जानकारी देंगे। बैठक में महंगाई, आर्थिक गतिविधियों और नीतिगत ब्याज दरों (रेपो रेट) की स्थिति की समीक्षा होगी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और महंगाई के जोखिमों के बीच इस बार नीतिगत ब्याज दरों में बढ़ोतरी की पूरी संभावना दिख रही है। अर्थशास्त्रियों और बैंक अधिकारियों का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के दोबारा गहराने से पैदा हुए मुद्रास्फीति के दबाव के बीच रिजर्व बैंक अक्टूबर माह की मौद्रिक नीति की समीक्षा में रेपो रेट में 0.25 फीसदी की वृद्धि कर सकता है। इससे पहले ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने अक्टूबर-दिसंबर की मौद्रिक समीक्षा की बैठकों में नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25-0.25 फीसदी तक की बढ़ोतरी का अनुमान जताया है। आरबीआई ने अगस्त में हुई पिछली एमपीसी बैठक में रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा था। साल 2025 में रेपो रेट में कुल 1.25 फीसदी की कटौती करने के बाद केंद्रीय बैंक ने पिछली चार लगातार बैठकों में रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा था। हालांकि, अब वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिस्थितियों के कारण वर्ष 2023 के बाद पहली बार नीतिगत ब्जाज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट्स की वृद्धि होने के मजबूत संकेत मिल रहे हैं।

# घरेलू शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला थमा, सेंसेक्स 473 अंक उछला

**नयी दिल्ली** : हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार में जारी गिरावट का सिलसिला आखिरकार थम गया है। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों और कच्चे तेल की कीमतों में आई थोड़ी नरमी के कारण बाजार में रौनक लौट आई। इससे घरेलू शेयर बाजार के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को बढ़त के साथ बंद हुए।

कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 472.77 अंक यानी 0.66 फीसदी की उछाल के साथ 72,382.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 722.23 अंक यानी एक फीसदी तक बढ़कर 72,631.93 के स्तर पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 133.80 अंक यानी 0.60 फीसदी की बढ़त के साथ 22,555.75 अंक पर बंद हुआ है। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से आईटीसी, इटर्नल, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर लाभ में रहे। वहीं, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, इन्फोसिस और एशियन पेंट्स के शेयर में गिरावट दर्ज की गई।



कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और विदेशी पूंजी की लगातार निकासी की वजह से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपया सोमवार को पांच पैसे की गिरावट के साथ 96.30 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। कारोबार के दौरान भारतीय मुद्रा डॉलर के मुकाबले 96 के अहम स्तर के आसपास सीमित दायरे में रही। अंतरराष्ट्रीय बजार में ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 0.19 फीसदी बढ़कर 102.4 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा एशियाई शेयर बाजारों में जापान का निक्की 225 दो फीसदी से अधिक चढ़ा, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का एसएसई कम्पोजिट अवकाश के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में दोपहर के कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। पिछले हफ्ते गुरुवार को सेंसेक्स 570.59 अंक यानी 0.79 फीसदी की गिरावट के साथ 71,909.70 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी 198.50 अंक यानी 0.88 फीसदी टूटकर 22,421.95 पर बंद हुआ था, जबकि गांधी जयंती पर शुक्रवार को शेयर बाजार बंद थे।

## जर्मन ग्रीन स्टील का शेयर तीन फीसदी से अधिक बढ़त के साथ हुआ सूचीबद्ध

**जर्मन** ग्रीन स्टील एंड पावर लिमिटेड का शेयर अपने 139 रुपये के निर्गम मूल्य मुकाबले तीन फीसदी से अधिक बढ़त के साथ सोमवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर कंपनी का शेयर 143.50 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 3.23 फीसदी अधिक है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 2.15 फीसदी की बढ़त के साथ 142 रुपये पर कारोबार शुरू किया। कंपनी का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 1,004.03 करोड़ रुपये रहा। जर्मन ग्रीन स्टील एंड पावर लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को पिछले हफ्ते मंगलवार को बोली लगाने के अंतिम दिन 28.98 गुना अभिदान मिला था। कंपनी के 304 करोड़ रुपये के आईपीओ का मूल्य दायरा 132-139 रुपये प्रति शेयर था। कंपनी की योजना नए शेयर से जुटाई गई धनराशि का इस्तेमाल गुजरात के कच्छ जिले के सामखियाली में विनिर्माण इकाई के विस्तार, पवन एवं सौर ऊर्जा के संयुक्त संयंत्र की स्थापना, कर्ज चुकाने और सामान्य कारोबारी जरूरतों के लिए करेगी। उल्लेखनीय है कि 2008 में बनी आयरन और स्टील बनाने वाली यह कंपनी मुख्य रूप से देश के पश्चिमी इलाके में काम करने वाली एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड आयरन और स्टील बनाने वाली कंपनी है।

## एसीसी सिन्दरी में अडानी फाउंडेशन की संगिनी मार्ट पहल ने ग्रामीण महिला उद्यमी को बनाया आत्मनिर्भर

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी/धनबाद** : एसीसी, विविधीकृत अडानी पोर्टफोलियो की सीमेंट एवं निर्माण सामग्री कम्पनी, अडानी फाउंडेशन के साथ मिल कर सिन्दरी में सतत आजीविका पहलों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बना रही है। छतातांड गांव की 45 वर्षीय निवासी और चार बच्चों की मां निशु देवी अपने पति की सीमित कृषि आय के कारण लगातार आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही थीं। परिवार को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाई होती थी और बच्चों की शिक्षा के लिए संसाधन जुटाना चिन्ता का विषय बना रहता था। उनकी परिस्थिति को देखते हुए अडानी फाउंडेशन ने संगिनी मार्ट पहल के तहत उन्हें सहयोग प्रदान किया और आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़ा। उचित मार्गदर्शन और समर्थन के साथ निशु देवी एक नियमित आय का स्रोत विकसित करने और आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने में सफल रहीं। आज निशु देवी प्रति माह 7,000 से 8,000 रुपए तक की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस अतिरिक्त आय ने कृषि पर निर्भरता कम की है और सबसे महत्त्वपूर्ण रूप से उन्हें अपने बच्चों की उच्च शिक्षा का सहयोग करने में सक्षम बनाया है। निशु देवी की यह यात्रा दर्शाती है कि अडानी फाउंडेशन की आजीविका सम्बन्धी पहलें किस प्रकार ग्रामीण परिवारों के लिए चुनौतियों को अवसरों और स्थिरता में बदल रही हैं।




## इंडिगो आज से घरेलू, अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर बढ़ायेगी ईंधन अधिभार

**नयी दिल्ली** : देश की सबसे बड़ी बजट एयरलाइन कंपनी इंडिगो ने विमान ईंधन की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ईंधन अधिभार बढ़ाने की ऐलान किया है। संशोधित शुल्क 6 अक्टूबर से लागू होंगे, जिससे हवाई किराये में बढ़ोतरी होगी। विमानन कंपनी इंडिगो ने सोमवार को कहा कि घरेलू उड़ानों के लिए दूरी के आधार पर ईंधन अधिभार में 100 रुपये से 350 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी ईंधन अधिभार बढ़ाया गया है। इंडिगो ने कहा कि ईंधन की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है और हाल में मासिक आधार पर वृद्धि 14 फीसदी से अधिक रही है। कंपनी ने कहा कि एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की लागत पिछले एक दशक के दौरान के सबसे ऊंचे स्तरों में पहुंच गई है।

## हिमालया बेबीकेयर ने 'गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट' के विजेताओं की घोषणा की

**रांची** : डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित नंबर 1 ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने अपने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं के नामों की घोषणा की है। इस पहल के तहत माता-पिता को अपने नन्हें-मुन्नों के साथ बिताए अनमोल पलों का जश्न मनाने और साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। कॉन्टेस्ट में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं को चुना गया। इनमें चार विजेताओं को 1-1 लाख रुपए मूल्य का सोना और आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपये के सिल्वर वाउचर प्रदान किए गए, जिन्हें तनिष्क या कल्याण के कॉइन्स के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। हिमालया बेबी गोल्डन गिफ्ट पैक को शुभ शुरूआत के लिए एक खास गोल्ड-एडिशन गिफ्ट पैक के तौर पर पेश किया गया था। इसके जरिए ग्राहकों को 'हिमालया गोल्डन मोमेंट्स प्रोग्राम' में हिस्सा लेने का अवसर मिला। इस कॉन्टेस्ट के जरिए माता-पिता और परिवारों को डिजिटल माध्यम से अपने बच्चों के साथ बिताए खास पलों का जश्न मनाने का अवसर मिला। विजेताओं में चार गोल्ड पुरस्कार विजेता और आठ सिल्वर पुरस्कार विजेता शामिल हैं, जो उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस घोषणा में जिन पांच विजेताओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है, वे हैं विनोथिनी लियो, सुश्री संगीता बेउरा, जयंती देवी, डेविड राज डेवेराकोंडा और सरफराज अहमद। इस अवसर पर चक्रवर्ती एन. वी., डायरेक्टर झ्र बेबीकेयर, हिमालया वेलनेस, ने कहा, गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट हमारे लिए माता-पिता होने के रोजमर्रा के उन पलों का जश्न मनाने का अवसर था, जो इस सफर को खास बनाते हैं। इस पहल के जरिए परिवारों से जुड़ने और अपने नन्हों के साथ बिताए अनमोल पलों की झलक साझा करने वाले विजेताओं को सम्मानित करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हिमालया बेबीकेयर में हम इन सार्थक जुड़ावों को महत्व देते हैं और आगे भी ऐसे अनुभव तैयार करते रहेंगे, जो हमें परिवारों के और करीब लाएं।




## आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च की अपनी नयी ब्रांड पहचान

**मुंबई** : आज की बदलती जिंदगी में करियर, परिवार और पैसों से जुड़ी जरूरतें भी बदल रही हैं। ऐसे में, अपने और परिवार के भविष्य की तैयारी आसान और समझने योग्य हो, यह हर किसी की जरूरत है। इसी सोच के साथ आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने अपनी नई ब्रांड पहचान और टैगलाइन 'हर कल आसान' लॉन्च की है।

पहले आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जानी जाने वाली कंपनी की नई पहचान जीवन बीमा को सरल, पारदर्शी, लचीला और आसान बनाने के वादे पर आधारित है।

ICICI Life INSURANCE

आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस के मार्केटिंग, डिजिटल और बैंकेश्योरेंस प्रमुख श्री श्रीनिवास बालासुब्रमण्यन ने कहा कि आईसीआईसीआई नाम देश के लाखों लोगों के लिए भरोसे और वित्तीय पहुँच से जुड़ा है। पिछले 25 वर्षों में कंपनी ने 20 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के सपनों और भविष्य को सुरक्षित करने में मदद की है। बदलते करियर, परिवार की जरूरतों, लंबी होती उम्र और अलग-अलग वित्तीय प्राथमिकताओं के कारण भविष्य की योजना बनाना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में जीवन बीमा जरूरी है, लेकिन इसे समझने और लेने का अनुभव अक्सर जटिल माना जाता है। उन्होंने कहा कि नई ब्रांड पहचान सिर्फ नाम बदलने तक सीमित नहीं है। कंपनी का उद्देश्य जीवन बीमा के जरिए भविष्य की तैयारी को आसान बनाना है, ताकि लोग बेहतर जानकारी के साथ आत्मविश्वास से फैसले ले सकें। कंपनी अपनी 25 साल की मजबूत नींव पर आगे बढ़ते हुए उद्योग में नए मानक बनाने और वर्ष 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के राष्ट्रीय लक्ष्य में योगदान देने पर भी फोकस कर रही है।

## जीनस इनोवेशन ने रांची के एक्सपो उत्सव 2026 में प्रदर्शित किया हाई-फ्लो हाइब्रिड सोलर इन्वर्टर




**रांची** : भारत में एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (ईएसएस) और रिन्यूएबल एनर्जी मैनेजमेंट सॉल्यूशंस (आरईएमएस) के क्षेत्र की प्रमुख कंपनी, जीनस इनोवेशन लिमिटेड रांची में 1 से 7 अक्टूबर तक आयोजित हो रहे एक्सपो उत्सव 2026 में अपने एनर्जी स्टोरेज और सोलर पॉवर सॉल्यूशंस की रेंज प्रदर्शित कर रही है। इस मौके पर यश तोदी, डायरेक्टर और चीफ मार्केटिंग एंड सेल्स ऑफिसर, जीनस इनोवेशन लिमिटेड, ने कहा, एनर्जी की परिभाषा अब सिर्फ पॉवर बैकअप तक ही सीमित नहीं है। लोग अब एनर्जी को स्टोर करने, बनाने और बेहतर तरीके से इस्तेमाल करने के विकल्प भी चाहते हैं। ऐसे में, ऐसे सॉल्यूशंस की जरूरत बढ़ रही है, जो भरोसेमंद हों, सोलर के साथ काम करें और एनर्जी को बेहतर तरीके से मैनेज करने में मदद करें। जीनस इनोवेशन में हम इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए अपना पोर्टफोलियो तैयार कर रहे हैं। इसमें लिथियम आधारित एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशंस के साथ हाइब्रिड और ऑन-ग्रिड सोलर सिस्टम शामिल हैं।

# स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने किये कई सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान हासिल

**नई दिल्ली** : स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर 2026) और सितंबर 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उत्पादन, विक्रय और दक्षता के मानकों पर अब तक के कई सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमान हासिल किए हैं। प्रचालन उत्कृष्टता, हाई-एंड इस्पात उत्पादन और वित्तीय अनुशासन पर कंपनी के फोकस के चलते सतत वृद्धि हुई और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार हुआ। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही की संचयी अवधि के दौरान, रअक्छ ने हॉट मेटल, क्रूड स्टील और फिनिश्ड स्टील का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन क्रमशः 10.2 मिलियन टन, 9.6 मिलियन टन और 8.39 मिलियन टन दर्ज किया, जिसमें पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 2%, 1% और 1% की वृद्धि दर्ज की गई। इसी के साथ कुल विक्रेय इस्पात उत्पादन में फिनिश्ड स्टील उत्पादन की



हिस्सेदारी बढ़कर 89.2% हो गई, जो अप्रैल-सितंबर 2025 में 86.8% थी। नेट सेल्स रियलाइजेशन (NSR) बढ़ाने वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, रअक्छ ने अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 30% की वृद्धि दर्ज करते हुए, अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ लगभग 2 मिलियन टन हाई-एंड इस्पात उत्पादन किया है। कंपनी ने लौह अयस्क उत्पादन और लौह अयस्क विक्रय दोनों में ही अप्रैल-सितंबर के दौरान अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया; जहां लौह अयस्क उत्पादन में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13% की वृद्धि हुई, वहीं इसी अवधि के दौरान लौह अयस्क विक्रय 190% की बढ़ोत्तरी के साथ 2.671 मिलियन टन हो गया। इस अवधि के दौरान, भारतीय रेलवे को लॉन्ग रेल्स (Long rails) और व्हील्स एंड एक्सेल की आपूर्ति में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 7% और 3% की वृद्धि हुई। कंपनी की तकनीकी-आर्थिक (Techno-Economic) मोर्चे पर, विशिष्ट ऊर्जा खपत बेहतर होकर 6.17 G.Cal/tcs हो गई, जिसने 0.5% सुधार के साथ अब तक का सर्वश्रेष्ठ छमाही प्रदर्शन दर्ज किया। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही में, कंपनी ने लगभग 0.145 टळ इन्वेंट्री में कमी की और इस अवधि के दौरान लगभग 1,080 करोड़ की उधारी कम की। SAIL द्वारा सितंबर 2026 में, मार्केटिंग की दिशा में संगठित फोकस और दक्षता में सुधार के चलते ठोस परिणाम मिले, जिससे कंपनी ने 1.69 मिलियन टन की अपनी अब तक की सर्वश्रेष्ठ सितंबर विक्रेय इस्पात बिक्री हासिल की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4% अधिक है। कंपनी के विशिष्ट रिटेल ब्रांडेड उत्पाद, SAIL SeQR TMT बार्स ने 1.5 लाख टन से अधिक की अपनी उच्चतम बिक्री दर्ज की, जबकि टियर-II रिटेल बिक्री में साल-दर-साल (y-o-y) 3% की वृद्धि हुई। इस महीने में स्ट्रक्चरल्स, प्लेट मिल प्लेट्स और जीपी शीट्स/कॉइल्स जैसे विशिष्ट उत्पादों की भी सितंबर महीने की अब तक की सर्वश्रेष्ठ बिक्री दर्ज की गई। कंपनी के कुल विक्रेय इस्पात उत्पादन में फिनिश्ड स्टील उत्पादन का प्रतिशत बढ़कर 92% हो गया, जो सितंबर 2025 में 89% था। ईंधन दर (fuel rate) में सुधार होकर यह 551 kg/thm हो गई, जो 1% सुधार के साथ अब तक का सर्वश्रेष्ठ सितंबर प्रदर्शन है। कंपनी ने संचयी अप्रैल-सितंबर प्रदर्शन की तरह ही, लौह अयस्क उत्पादन और बिक्री दोनों में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ सितंबर प्रदर्शन दर्ज किया।

## पेज एक के शेष

**भारत ने स्विट्जरलैंड में निर्यात व निवेश को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये : मोदी...**

स्वागत किया और योग एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की बात कही।

मोदी ने कहा कि प्रवासन एवं गतिशीलता भागीदारी समझौते तथा युवा पेशेवर समझौते से भारतीय छात्रों, शोधकर्ताओं, पेशेवरों और युवाओं के लिए स्विट्जरलैंड में नये अवसर खुलेंगे। दोनों देश लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं और वैश्विक शांति एवं स्थिरता के लिए मिल कर काम करते रहेंगे।

मोदी ने कहा कि पिछले वर्ष अक्टूबर में उनके समर्थन से भारत और ईएफटीए देशों के बीच यह ऐतिहासिक समझौता लागू हुआ। यूरोप के किसी आर्थिक समूह के साथ यह भारत का पहला मुक्त व्यापार समझौता है।

उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर को उनकी मौजूदगी में 'भारत-ईएफटीए बिजनेस लीडर्स प्रॉस्पेरिटी समिट' आयोजित किया जायेगा। यह सम्मेलन व्यापार एवं निवेश साझेदारी की सम्भावनाओं को ठोस परिणामों में बदलने के लिए महत्त्वपूर्ण मंच बनेगा। मोदी ने अगले वर्ष जिनेवा में होनेवाले एआई शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए भी स्विट्जरलैंड को शुभकामनाएं दीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) भारत में व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत अगले 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा। इससे 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। यह समझौता निवेश, नवाचार, रोजगार और आपसी समृद्धि का महत्त्वाकांक्षी खाका है।

मोदी ने कहा कि वाराणसी में रोपवे, नोएडा में जेवर हवाई अड्डा तथा पहाड़ी क्षेत्रों में रेलवे और सुरंग परियोजनाएं भारत-स्विट्जरलैंड बुनियादी ढांचा सहयोग के उदाहरण हैं। परिवहन, आवागमन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आज हुए समझौते इस सहयोग को और मजबूत करेंगे। प्रधानमंत्री ने स्विस बुनियादी ढांचा कम्पनियों को भारत में निवेश तथा क्षमता निर्माण, डिजाइन और विनिर्माण में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया।

**भारत-स्विट्जरलैंड के बीच परिवहन, गतिशीलता और अनुसंधान से जुड़े करार...**

उद्घाटन सत्र की घोषणा की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को हैदराबाद हाउस में स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाई पार्मेलिन के साथ व्यापक चर्चा की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 'एक्स' पर बताया कि भारत के निर्यात के लिए स्विट्जरलैंड में बाजार पहुंच बढ़ाने और दोनों देशों के बीच निवेश को और सरल बनाने के लिए कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिये गये हैं। इससे भारत के कृषि, फार्मा, कपड़ा और इंजीनियरिंग उत्पादों का स्विट्जरलैंड को निर्यात बढ़ेगा और हम भारत के जैव प्रौद्योगिकी, जीवन विज्ञान, बैंकिंग, बीमा, खाद्य प्रसंस्करण और स्थिरता जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में नये स्विस निवेश को आकर्षित करेंगे। इन पहलों के साथ, हम मिलकर पूरी दुनिया के लिए भरोसेमंद आपूर्ति शृंखलाएं और विश्वसनीय समाधान विकसित करेंगे।

दोनों नेताओं ने सम्बन्धों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और व्यापार एवं निवेश, नवाचार एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सैन्य आदान-प्रदान एवं रक्षा उत्पादन, परमाणु ऊर्जा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा जन-जन संबंधों में द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने भारत-ईएफटीए टीईपीए समझौते द्वारा आर्थिक सहयोग में उत्पन्न सकारात्मक गति को सराहा और नवाचार-आधारित साझेदारी को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

**दोनों देशों ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करना जारी रखने का फैसला किया है : मोदी**

साझा वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि फरवरी में भारत ने विश्व का सबसे बड़ा एआई शिखर सम्मेलन आयोजित किया। अगले वर्ष स्विट्जरलैंड जिनेवा एआई शिखर सम्मेलन के माध्यम से इस यात्रा को आगे बढ़ायेगा। उन्हें विश्वास है कि हम सब मिल कर एआई को जिम्मेदार, समावेशी और मानवकेन्द्रित बनाने की दिशा में आगे बढ़ते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देशों ने वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए मिलकर काम करना जारी रखने का फैसला किया है। हम इस बात से भी सहमत हैं कि बढ़तीं वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है।

**हमने सैन्य आदान-प्रदान और रक्षा उत्पादन सहयोग के नये अवसरों की पहचान की : राष्ट्रपति पार्मेलिन**

स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति पार्मेलिन ने कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग भी हमारे सहयोग का एक मजबूत स्तम्भ है। उन्हें खुशी है कि हम जल्द ही स्वास्थ्य, स्वच्छ ऊर्जा और अंतरिक्ष जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करने जा रहे हैं। भारतीय विज्ञान स्टार्टअप्स की क्षमता निर्माण के लिए, हम ज्यूरिख विश्वविद्यालय के साथ हुए समझौते का स्वागत करते हैं। योग और आयुर्वेद की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, हमने इन क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए सकारात्मक चर्चा की। हमने सैन्य आदान-प्रदान और रक्षा उत्पादन सहयोग के नये अवसरों की पहचान की। हमने परमाणु ऊर्जा सहयोग को और गहरा करने पर भी सहमति व्यक्त की। वाराणसी का रोपवे, नोएडा का जेवर हवाई अड्डा और पर्वतीय क्षेत्रों में रेलवे और सुरंग निर्माण परियोजनाएं हमारे अवसंरचना सहयोग के उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

**गैरकानूनी काम के भुगतने होंगे नतीजे...**

हो सकती है या गलत, लेकिन हम उसके आधार पर कोई आदेश नहीं दे सकते। हमें उनके (ईसीआई) जवाब का इंतजार करना होगा।' शीर्ष अदालत ने कहा कि जब रिकॉर्ड पेश किया जायेगा, तभी वह तय करेगी कि फॉर्म-6 में बदलाव किसने किया।

**नये द्विपक्षीय निवेश संधि ढांचे को जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी : सीतारमण...**

अगर आगे बढ़ने की कुछ गुंजाइश है, तो शायद दोनों पक्ष ऐसा करेंगे।

सीतारमण ने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार सम्बन्धों की प्रमुख विशेषता भारत के पक्ष में व्यापार असंतुलन है, अमेरिका अपने व्यापार घाटे को कम करना चाहता है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका अपने नजरिये से उन चीजों की भरपाई करने की कोशिश करेगा, जिन्हें उसका मानना है कि उसने वर्षों से खोया है। चीन के साथ भारत के व्यापार सम्बन्धों की तुलना करते हुए सीतारमण ने कहा कि व्यापार असंतुलन का पारंपरिक रूप से बातचीत के जरिये समाधान किया जाता रहा है और देश अपने सामान तथा सेवाओं के लिए अधिक बाजार पहुंच की मांग करते रहे हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए शुल्क का इस्तेमाल तेजी से एक साधन के रूप में किया जा रहा है।

**रिश्वत मांगने के आरोप में दिल्ली पुलिस सब-इंस्पेक्टर चढ़ा सीबीआई के हत्थे...**

रूप से दबाव बना कर ले लिये थे। इसके बाद उसने शिकायतकर्ता को शेष 80 हजार रुपये अगले दिन लाने के लिए कहा।

शिकायत के सत्यापन के बाद सीबीआई ने 04 अक्टूबर को जाल बिछाया। आरोपी सब-इंस्पेक्टर को शिकायतकर्ता से 80 हजार रुपये की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगेहाथ पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। सीबीआई ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है और रिश्वत मांगने तथा स्वीकार करने से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

**जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान सीआईएसएफ जवान पर हमले के बाद दिल्ली पुलिस ने शुरू की कार्रवाई...**

और अन्य विपक्षी संगठनों के नेतृत्व में पिछले तीन दिनों से संगठन मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को रोकने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

**पश्चिम बंगाल में चार हवाई अड्डों को फिर से शुरू करने पर केन्द्र-राज्य के बीच एमओयू...**

उड्डयन मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में विमानन ढांचे के विस्तार के लिए व्यापक योजना तैयार की गयी है और अगले दो वर्षों में राज्य में आठ नये हवाई अड्डों को विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए केन्द्र की ओर से राज्य को आवश्यक तकनीकी और प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा।

केन्द्र और राज्य के समन्वय से जमीन से जुड़ी बाधाओं को दूर करने, रनवे के नवीनीकरण, टर्मिनल भवनों के निर्माण और आधुनिक तकनीकी सुविधाएं विकसित करने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने केन्द्र के समक्ष राज्य की हवाई कनेक्टिविटी से जुड़ी कई मांगें रखीं। उन्होंने अयोध्या, तिरुपति सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए बंगाल से सीधी उड़ानें शुरू करने का अनुरोध किया। साथ ही, कोलकाता से यूरोप और इंग्लैंड के लिए सीधी अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं शुरू करने पर भी जोर दिया। उन्होंने राज्य के युवाओं के लिए पश्चिम बंगाल में विश्वस्तरीय फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा।

उल्लेखनीय है कि, जिन चार हवाई अड्डों को दोबारा सक्रिय करने की योजना है, उनमें पुरुलिया का छर्रा, दक्षिण दिनाजपुर का बालुरघाट, अलीपुरद्वार का हाशिमारा सिविल एन्क्लेव और पश्चिम मेदिनीपुर का कलाईकुंडा हवाई अड्डा शामिल हैं। राज्य में हवाई संपर्क के विस्तार के तहत इन हवाई पट्टियों का पहले ही निरीक्षण और प्रशासनिक स्तर पर समीक्षा की जा चुकी है। अब नवान्न में एमओयू पर हस्ताक्षर के बाद चारों हवाई अड्डों को वाणिज्यिक उड़ानों के लिए तैयार करने की प्रक्रिया में तेजी आने की उम्मीद है।

## एक झलक

### इमरान की रिहाई के लिए पीटीआई का मार्च तेज

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने खैबर पख्तूनख्वा से इस्लामाबाद की ओर लांग मार्च शुरू किया है। शाहबाज सरकार और पीटीआई के बीच बातचीत बेनतीजा रहने के बाद शुरू हुए प्रदर्शन को रोकने के लिए राजधानी में धारा 144 लागू कर दी गई है। पीटीआई का दावा है कि प्रदर्शनकारियों को रोकने की कार्रवाई में करीब 2,000 पार्टी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। शाहाबाज सरकार और पीटीआई नेताओं के बीच बातचीत का दूसरा दौर शनिवार शाम शुरू होकर रातभर चला, लेकिन रविवार सुबह वार्ता बिना किसी समझौते के समाप्त हो गई। इसके बाद पार्टी समर्थकों ने खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मरवत से इस्लामाबाद की ओर कूच किया। रविवार को बड़ी संख्या में समर्थक गांधी चौक पर जुटे और मार्च में शामिल हुए।

### जासूसी के शक में अमेरिकी महिला गिरफ्तार

**वॉशिंगटन** : अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने रविवार को लॉस एंजिल्स एयरपोर्ट से 34 साल की एक महिला को गिरफ्तार किया। महिला पर आरोप है कि उसने चीन सरकार के लिए काम करते हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के बेटे की निगरानी की और उसकी तस्वीरें व वीडियो चीन तक पहुंचाए। अमेरिकी महिला की पहचान वैनयिंग झांग उर्फ हीदर झांग के रूप में हुई है। वह कैलिफोर्निया के इरविन शहर में रियल एस्टेट एजेंट है।
एफबीआई ने उसे उस समय गिरफ्तार किया, जब वह लॉस एंजिल्स से शंघाई जाने वाली फ्लाइट पकड़? वाली थी। अमेरिकी अधिकारियों ने उस पर किसी विदेशी सरकार के लिए काम करने का आरोप लगाया है। गिरफ्तार महिला की पहचान वैनयिंग हीदर झांग (34) के रूप में हुई है। वह कैलिफोर्निया के इरविन में रियल एस्टेट एजेंट है।

### मेडिसिन का नोबेल 3 वैज्ञानिकों को मिला

**स्टॉकहोम** : 2026 का नोबेल मेडिसिन पुरस्कार ऑप्टोजेनेटिक्स नाम की तकनीक के लिए पीटर हेगेमैन, जॉर्ज नागेल और कार्ल डीसेरोथ को दिया गया है। पीटर और हम्बोल्ट जर्मनी के हैं। कार्ल अमेरिका से हैं। इस तकनीक की मदद से वैज्ञानिक दिमाग की नसों यानी तंत्रिका कोशिकाओं को रोशनी से कंट्रोल कर सकते हैं। इससे यह समझने में मदद मिलती है कि हमारा दिमाग यादों, भावनाओं और व्यवहार को कैसे कंट्रोल करता है।
वैज्ञानिक पीटर हेगेमैन यह समझना चाहते थे कि यह शैवाल रोशनी की तरफ कैसे तैरती है। इसी सवाल पर काम करते हुए उन्होंने और जॉर्ज नागेल ने शैवाल में एक खास प्रोटीन की पहचान की। इसका नाम चैनलरोडोप्सिन है। आसान भाषा में कहें तो यह प्रोटीन कोशिका के लिए रोशनी को महसूस करने वाले सेंसर की तरह काम करता है। जब इस प्रोटीन पर नीली रोशनी पड़ती है, तो इसमें एक छोटा रास्ता खुल जाता है। इस रास्ते से विद्युत आवेश वाले छोटे कण कोशिका के अंदर जाने लगते हैं। इससे कोशिका में एक विद्युत संकेत पैदा होता है।

### हूतियों पर टूट पड़े यमन-सऊदी के 100 फाइटर जेट्स...

**सना** : यमन में हूतियों के खिलाफ जंग अब बड़े मोड़ पर पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त यमनी सरकार की सेना ने ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया है। यमनी सरकारी बलों ने दावा किया है कि उन्होंने धुबाब एयरपोर्ट पर नियंत्रण हासिल कर लिया है। साथ ही धुबाब जिले के बड़े हिस्से पर भी कब्जे की बात कही गई है। इस ऑपरेशन में यमन-सऊदी के कमोबेश 100 विमानों के शामिल होने का दावा है। यमनी सेना ने इस अभियान को 'डॉन ऑफ यमन' नाम दिया है और उसका सबसे बड़ा लक्ष्य रणनीतिक बाब अल-मंदेब स्ट्रेट पर नियंत्रण हासिल करना बताया जा रहा है।

# छह सीटों पर उपचुनाव : 26 लाख से अधिक मतदाता करेंगे फैसला, नंदीग्राम-रेजीनगर से नगांव तक मुकाबला

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : देश के तीन राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की पांच विधानसभा सीटों तथा एक लोकसभा सीट पर मंगलवार, 6 अक्टूबर को उपचुनाव के लिए मतदान होगा। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम और रेजीनगर, तमिलनाडु की मदुरांतकम और धारापुरम, पुडुचेरी की थट्टनचावडी विधानसभा सीट तथा असम की नगांव लोकसभा सीट पर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतगणना 9 अक्टूबर को होगी।
इन छह सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके), अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक), वाम दलों, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआईयूडीएफ), ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस (एआईएनआरसी) समेत कई दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं। अधिकांश सीटें 2026 के विधानसभा चुनाव में दो सीटों से निर्वाचित प्रतिनिधियों के एक सीट छोड़ने अथवा विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण रिक्त हुई हैं।
असम की नगांव लोकसभा सीट पर 19,01,899 मतदाता और 2,307 मतदान केंद्र हैं। पश्चिम बंगाल की नंदीग्राम विधानसभा सीट पर 2026 की मतदाता सूची के अनुसार 2,66,415 मतदाता और 282 मतदान केंद्र हैं।




रेजीनगर में 2,39,295 मतदाता और 315 मतदान केंद्र हैं। तमिलनाडु की मदुरांतकम सीट पर 2,13,788 मतदाता और 285 मतदान केंद्र, जबकि धारापुरम में 2,23,247 मतदाता और 320 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पुडुचेरी की थट्टनचावडी सीट पर 26,921 मतदाता हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन छह सीटों पर कुल 26,71,565 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। इसमें नगांव लोकसभा क्षेत्र के मतदाता भी शामिल हैं।
नगांव लोकसभा : 19.01 लाख मतदाता, 2,307 मतदान केंद्रअसम की नगांव लोकसभा सीट पर भाजपा के देवाशीष शर्मा, कांग्रेस की सिबामोनी बोरा और एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के बीच मुख्य मुकाबला माना जा रहा है। देवाशीष शर्मा पूर्व आईएएस अधिकारी हैं, जबकि सिबामोनी बोरा कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। अजमल एआईयूडीएफ के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। नगांव लोकसभा क्षेत्र में कुल 19,01,899 मतदाता हैं। इनमें 9,58,549 पुरुष, 9,43,300 महिलाएं और 50 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं। क्षेत्र के आठ विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2,307 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। स्वतंत्र और शांतिपूर्ण मतदान के लिए करीब 11,535 कर्मियों की तैनाती की गई है। मतदान केंद्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। नगांव सीट कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई के इस्तीफे के बाद रिक्त हुई थी। बोरदोलोई बाद में भाजपा में शामिल हुए और 2026 के विधानसभा चुनाव में दिसपुर सीट से निर्वाचित हुए।
नंदीग्राम : 2.66 लाख मतदाता, 282 मतदान केंद्रपश्चिम बंगाल में पूर्व मेदनीपुर जिले की नंदीग्राम विधानसभा सीट इस उपचुनाव की सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। भाजपा ने हसिरानी रथ, कांग्रेस ने मिलन प्रधान और वाम मोर्चे की ओर से सीपीआई ने शांतिगोपाल गिरि को उम्मीदवार बनाया है। विभिन्न दलों और गुटों की सक्रियता के कारण यहां मुकाबला बहुकोणीय है। 2026 की विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के अनुसार नंदीग्राम में 2,66,415 पंजीकृत मतदाता थे। इनमें 1,38,934 पुरुष, 1,27,480 महिलाएं और एक तृतीय लिंग मतदाता शामिल था। नंदीग्राम में 282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 37 कंपनियां तैनात की गई हैं। यह सीट मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के इस्तीफे के कारण रिक्त हुई। 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने नंदीग्राम और भवानीपुर दोनों सीटों से जीत दर्ज की थी।

### पीएमजीएसवाई के चिन्तन शिविर में बोले शिवराज सिंह

# धरातल पर आनेवाली व्यावहारिक कठिनाइयों के ठोस समाधान खोजें

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के शिविर में अधिकारियों और अभियंताओं से कहा कि वे इसे केवल औपचारिक 'कर्मकांड' न रहने दें, बल्कि धरातल पर आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों के ठोस और नवाचारपूर्ण समाधान खोजें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीएमजीएसवाई का अगला चरण केवल सामान्य निर्माण का नहीं, बल्कि 'क्वालिटी कनेक्टिविटी' (गुणवत्तापूर्ण संपर्क) का होना चाहिए। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के दो दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान, ग्रामीण विकास सचिव रोहित कंसल सहित सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से आए पीएमजीएसवाई के सचिव, मुख्य अभियंता और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।
केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पीएमजीएसवाई के चौथे चरण में 62 हजार किलोमीटर नई सड़कों का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 20 हजार किलोमीटर की स्वीकृति हो चुकी है और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करना है। उन्होंने अपने संबोधन शुरूआत में कहा कि बापू ने कहा था कि विकसित भारत का रास्ता खेतों की पगडंडी और गांव की गलियों से होकर जाता है। जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक देश का समग्र विकास अधूरा है। उन्होंने अपने बाल्यकाल का संस्मरण साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्हें गांव से भोपाल पढ़ने जाने के लिए 13 किलोमीटर का रास्ता पगडंडियों और कीचड़ के बीच घोड़े पर बैठकर तय करना पड़ता था।
उन्होंने कहा, 'मैंने उस दर्द को अपनी आंखों से देखा है जब सड़क न होने के कारण गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को खटिया पर लादकर ले जाया जाता था और वे रास्ते में ही दम तोड़ देते थे।' उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रसिद्ध पंक्तियों का स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने देश के ग्रामीण जनजीवन और अर्थव्यवस्था की तस्वीर पूरी तरह बदल दी है। अब तक देश में करीब 8.50 लाख किलोमीटर ग्रामीण सड़कें बन चुकी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पीएमजीएसवाई के चौथे चरण में 62 हजार किलोमीटर नई सड़कों का लक्ष्य मिला है, जिसमें से 20 हजार किलोमीटर की स्वीकृति हो चुकी है और इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करना है।

**'चिट्ठी-चिट्ठी का खेल बंद हो, व्यक्तिगत फॉलो-अप से लें फॉरेस्ट क्लीयरेंस'**

**वन** एवं पर्यावरण अनुमतियों (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) में होने वाली देरी पर उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि केवल औपचारिकता के लिए चिट्ठी लिखकर बैठ जाना समाधान नहीं है। उन्होंने कहा, 'चिट्ठी-दर-चिट्ठी का खेल नहीं चलेगा।



### 72 दिनों की समय-सीमा का कड़ाई से हो पालन

केंद्रीय मंत्री चौहान ने परियोजनाओं में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि स्वीकृति मिलने से लेकर निर्माण कार्य शुरू होने तक के लिए 72 दिन की समय-सीमा निर्धारित है, लेकिन कुछ राज्य इसका उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे राज्यों का पूरा हिसाब-किताब तैयार किया जाए। उन्होंने कहा कि टेंडर प्रक्रिया को पूरी तरह समयबद्ध बनाया जाए। बार-बार टेंडर निरस्त होना, बोली न आना जैसी बाधाओं का पहले से ही 'प्री-टेंडर प्लानिंग' के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए, क्योंकि अनावश्यक देरी से निर्माण सामग्री की लागत बढ़ती है और परियोजनाएं लटकती हैं।

# मिशन 2029 के लिए बूथ-पंचायत स्तर तक संगठन मजबूत करेगी कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली/रांची** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल सहित अग्रणी मोर्चों के अध्यक्ष, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी शामिल हुए। बैठक में ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्ल, संगठन की मजबूती, आगामी चुनावी रणनीति और मिशन 2029 को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।
बैठक के बाद झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। उन्होंने झारखंड में संगठनात्मक गतिविधियों, अब तक की प्रगति और आगामी कार्ययोजना से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस की विभिन्न संगठनात्मक सूचियां और प्रगति रिपोर्ट भी सौंपी गईं।



मुलाकात में मिशन 2029 के तहत झारखंड में कांग्रेस संगठन को बूथ से पंचायत स्तर तक मजबूत और प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। प्रदेश संगठन द्वारा पंचायत स्तर तक विस्तार, कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी और जनसरोकार के मुद्दों को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में एसआईआर/एससीआर प्रक्रिया को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने बीएलए-2 के गठन एवं उसे सक्रिय करने तथा मतदाता सूची से जुड़े मामलों की लगातार निगरानी की जानकारी दी। सभी जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और प्रदेश पदाधिकारियों को इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।
प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने कहा कि प्रत्येक जिले में कार्यकताओं को एसआईआर/एससीआर से संबंधित गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न हो और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके। केशव महतो कमलेश ने कहा कि मिशन 2029 को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस संगठन को पंचायत, बूथ और गांव स्तर तक मजबूत एवं सक्रिय बनाया जा रहा है।

### मुंबई-बेंगलुरु के बीच जल्द दौड़ेगी वन्दे भारत स्लीपर ट्रेन

**मुंबई** : भारतीय रेलवे मुंबई और बेंगलुरु के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू करने की तैयारी में है। रेलवे बोर्ड की ओर से इस सेवा को लेकर अधिसूचना जल्द जारी किए जाने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार, इस महीने के अंत तक ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जा सकती है। इस सेवा के शुरू होने के बाद मुंबई-बेंगलुरु के बीच यात्रा का समय मौजूदा करीब 24 घंटे से घटकर 16 घंटे से भी कम होने की उम्मीद है। भारतीय रेलवे ने मुंबई के सीएसएमटी से केएसआर बेंगलुरु के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा शुरू करने की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सेवा शुरू होने में हुई देरी के बाद अब रेलवे प्रशासन इसे जल्द से जल्द शुरू करने की दिशा में काम कर रहा है।

### दक्षिण पूर्व रेलवे में 4,500 करोड़ से पुलों के पुनरुद्धार का कार्य

**कोलकाता** : भारतीय रेलवे की माल ढुलाई क्षमता को मिशन-3000 एमटी के तहत बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व रेलवे ने अपने क्षेत्राधिकार में चिन्हित पुलों के उन्नयन का कार्य शुरू किया है। पुलों के पुनर्वास, सुदृढ़ीकरण, रेट्रोफिटिंग और पुनर्निर्माण से जुड़े कार्यों को मंजूरी दी गई है। अब तक करीब 4,500 करोड़ रुपये के पुल संबंधी कार्यों को मंजूरी मिल चुकी है। 25 टन एक्सल लोडिंग के अनुरूप पुलों के उन्नयन के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से—
मौजूदा मेगा और मेजर पुलों के स्टील गर्डरों को 25ळ-2008 लोडिंग के अनुरूप नए स्टील गर्डरों से बदलना तथा सब-स्ट्रक्चर का सुदृढ़ीकरण शामिल है। री-गर्डरिंग के लिए अब तक 41 पुलों को मंजूरी दी गई है। मौजूदा मेगा और मेजर पुलों के स्टील गर्डरों को 25ळ-2008 लोडिंग के अनुरूप नए बैलास्टेड डेक कम्पोजिट गर्डरों से बदलने तथा सब-स्ट्रक्चर के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 पुलों को मंजूरी दी गई है। 12.2 मीटर तक के स्पैन वाले मौजूदा स्टील गर्डरों को बैलास्टेड डेक पीएससी स्लैब से बदलने का कार्य किया जा रहा है। रेलवे बोर्ड के इंडियन रेलवे ब्रिज मैनुअल-2024 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सब-स्ट्रक्चर का सुदृढ़ीकरण भी किया जाएगा।

# आहान पांडे बने 'अजियो' का नया चेहरा 07 अक्टूबर से 'ऑल स्टार्स सेल'

एजेंसी

**मुम्बई** : फिल्म स्टार आहान पांडे अजियो का नया चेहरा बन गये हैं। वह कम्पनी के 2026 के फेस्टिव कैम्पेन 'फेस्टिवल इज फेस्टिवलिंग' में नजर आयेंगे। इसके साथ ही अजियो ने त्योहारों की खरीदारी की तैयारी भी शुरू कर दी है। वैसे तो अजियो ऑल स्टार्स सेल 07 अक्टूबर से शुरू होगी, लेकिन सेल की कीमतें अभी से लाइव कर दी गयी हैं।
आहान के साथ तैयार किये गये इस कैम्पेन में अलग-अलग फेस्टिव लुक और स्टाइल को जगह दी गयी है। ग्राहक अजियो पर फैशन, फुटवियर, एक्सेसरीज और ब्यूटी समेत कई कैटेगरी में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स की खरीदारी कर सकेंगे। प्लेटफॉर्म के पास 9,000 से ज्यादा ब्रांड्स का पोर्टफोलियो है। ग्राहकों के लिए अजियो ने तेज डिलीवरी और आसान रिटर्न पर भी जोर दिया है। कम्पनी के मुताबिक अजियो रश के जरिये 600 से ज्यादा शहरों में तेज डिलीवरी उपलब्ध है, जबकि सामान्य डिलीवरी देश के सभी पिन कोड तक की जाती है।




- फेस्टिव सेल की कीमतें अभी से लाइव, 9,000 से ज्यादा ब्रांड्स का पोर्टफोलियो
- 600 से ज्यादा शहरों में अजियो रश के जरिये तेज डिलीवरी का विकल्प

आहान पांडे ने कहा, 'अजियो फैशन को एक्साइटिंग, आसान और पर्सनल बनाता है। आप क्या पहनते हैं, उसके जरिये खुद को जाहिर कर सकते हैं और यही बात मुझे इस ब्रांड से जोड़ती है।' उन्होंने कहा कि फेस्टिव सीजन के साथ अजियो के इस सफर की शुरुआत को लेकर वह उत्साहित हैं।

### भाजपा ने राज्यसभा में उतारे आठ नये चेहरे

**लखनऊ** : भारतीय जनता पार्टी( भाजपा) ने सोमवार को उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव के लिए अपने आठ उम्मीदवारों की घोषणा की है। इस सूची में सभी नए चेहरे हैं। भाजपा ने इस सूची में जातीय समीकरण को पूरा ख्याल रखा है। इनमें जहां धर्मपाल सिंह, प्रकाश पाल और श्रुति गंगवार ओबीसी वर्ग से हैं, वहीं राधाकांत ओझा और गोपी कृष्ण पाण्डेय ब्राह्मण समाज से हैं। विद्यासागर सोनकर और प्रियंका सिंह रावत दलित समाज से आते हैं। राम प्रताप सिंह चौहान राजपूत समाज से हैं। इनमें कई उम्मीदवार सांसद–विधायक रह चुके हैं तो कई संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं।

# भंसाली के साथ फिर काम करेंगी आलिया

**मुंबई** : अभिनेत्री आलिया भट्ट और निर्देशक संजय लीला भंसाली एक बार फिर साथ काम करने की तैयारी में हैं। दोनों लंबे समय से अटकी फिल्म 'इंशाल्लाह' को नए सिरे से बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह फिल्म पहली बार 2019 में सलमान खान के साथ घोषित की गई थी, लेकिन बाद में यह परियोजना ठंडे बस्ते में चली गई। अब फिल्म की कहानी और पटकथा में बड़े बदलाव किए जा रहे हैं और इसे मौजूदा दौर के हिसाब से नए अंदाज में पेश करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि संजय लीला भंसाली फिलहाल कास्टिंग तय करने से पहले फिल्म की कहानी पर दोबारा काम कर रहे हैं। ऐसे में फिल्म में कुछ नए चेहरे नजर आने की संभावना है। सलमान खान फिलहाल अपने अन्य प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं, जबकि शाहरुख खान की ओर से भी इस फिल्म के लिए अभी कोई अंतिम सहमति नहीं मिली है। ऐसे में निमार्ताओं की नजर युवा कलाकारों पर भी हो सकती है। हालांकि, फिल्म की नई कास्ट को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



आलिया भट्ट और संजय लीला भंसाली इससे पहले 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में साथ काम कर चुके हैं, जिसे दर्शकों और समीक्षकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। दोनों की अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' भी चर्चा में है, जिसमें आलिया के साथ रणबीर कपूर और विक्की कौशल नजर आएंगे। आलिया की पिछली फिल्म 'अल्फा' बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

# कूनो उद्यान में बढ़ा चीतों का कुनबा, भारत में जन्मीं मादा चीता केजेपी-21 ने दिया 05 शावकों को जन्म

एजेंसी

**भोपाल** : मध्य प्रदेश के श्योपुर जिला स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में केन्द्र सरकार की चीता परियोजना में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। भारतीय धरती पर जन्मी 32 माह की मादा चीता केजेपी-21 ने पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 60 हो गई है, जिसमें 41 भारतीय धरती पर जन्मे चीते शामिल हैं।
यह जानकारी सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर साझा की है। उन्होंने मादा चीता के शावकों का एक वीडियो और फोटो भी शेयर किया है, साथ ही इसे प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और गर्व का पल बताया है।



■ देश में चीतों की संख्या 60 हुई, इनमें 41 का भारत में हुआ जन्म

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रोजेक्ट चीता से जुड़े वन्य अधिकारियों, पशु चिकित्सकों, मैदानी अमले, प्रबंधन टीम तथा सभी सहयोगियों को बधाई दी है। उन्होंने लिखा कि भारत में जन्मी मादा चीता केजेपी-21 ने कूनो नेशनल पार्क में पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या 60 हो गई है, जिसमें भारत में जन्मे 41 चीते शामिल हैं। पूरे प्रोजेक्ट चीता और कूनो टीम को बहुत-बहुत बधाई। यह भारत की चीता आबादी को फिर से बसाने और वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक और अहम उपलब्धि है।

### भारत में बोत्सवाना वंशावली की हुई शुरुआत

**जनसम्पर्क** अधिकारी केके जोशी ने बताया कि केजेपी-21 के पाँच शावकों का जन्म एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी लेकर आया है। इनके पिता बोत्स्वाना से लाया गया नर चीता है। इन शावकों के जन्म के साथ भारत में बोत्सवाना वंशावली की शुरूआत हुई है। इससे देश में बढ़ती चीता आबादी में एक नई अनुवांशिक वंशावली का समावेश हुआ है। उन्होंने बताया कि भारतीय धरती पर चीतों की एक और पीढ़ी का जन्म प्रोजेक्ट चीता की उल्लेखनीय यात्रा में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जुड़ गया है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सोशल मीडिया के जरिए इसकी जानकारी साझा की है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि प्रोजेक्ट चीता के लिए एक और ऐतिहासिक और खुशी का पल! केजेपी 21, जो भारत में जन्मी 32 महीने की मादा चीता है, ने आज कूनो नेशनल पार्क में पांच स्वस्थ शावकों (बच्चों) को जन्म दिया है। उन्होंने कहा कि मुखी और केजीपी 12 के बाद, केजेपी 21 भारत में जन्मी तीसरी मादा चीता है जिसने बच्चों को जन्म दिया है.
यह भारत में चीता आबादी की अगली पीढ़ी के आने की दिशा में एक अहम पड़ाव है। इन पांच शावकों के आने के साथ, भारत में चीतों की कुल संख्या 60 हो गई है, जिसमें भारत में जन्मे 41 चीते शामिल हैं। केन्द्रीय मंत्री यादव ने कहा कि खास बात यह है कि ये शावक भारत में बोत्सवाना की वंशावली की शुरूआत भी करते हैं, क्योंकि इनके पिता बोत्सवाना के नर चीता हैं—इससे भारत की बढ़ती चीता आबादी में एक नई जेनेटिक वंशावली जुड़ रही है।